


खबरें जो सोच बदल दे
# शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र




Postal Regd.No. HQ/SD/523/2026-28 | शनिवार, 11 अप्रैल, 2026 | हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित | website : https://www.shubhlabhdaily.com | संपादक : गोपाल अग्रवाल | पृष्ठ : 12 | मूल्य-8 रु.| वर्ष-8 | अंक-98

# मच्छी मार्केट के अच्छे दिन!

## राजा सिंह की पहल पर मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने किया दौरा, एक माह का समय माँगा

**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बेगमबाजार मच्छी मार्केट के अच्छे दिन अब जल्द ही आने वाले हैं। दरअसल, गोशामहल विधायक टी. राजा सिंह ने आज उनके क्षेत्र में एक समारोह में शामिल होने आये नगर प्रभारी मंत्री पोन्नम प्रभाकर के समक्ष इस मुद्दे को जोर-शोर से उठाया। विधायक ने मंत्री को बताया की करीब चार वर्षों से अत्याधुनिक मच्छी मार्केट मामूली बातों को लेकर धूल फाँक रहा है, तो मंत्री ने तुरंत समारोह के बाद मच्छी मार्केट का दौरा किया। अवसर पर उन्होंने आश्वस्त किया कि एक माह के भीतर सभी पक्षों से विचार-विमर्श कर वे कोई तार्किक समाधान निकाल लेंगे। उन्होंने क्षेत्र के लोगों और व्यापारियों से बातकर समस्या को समझने की कोशिश भी की।





गौरतलब है कि निजाम के जमाने से चले आ रहे बेगम बाजार के प्रसिद्ध फिश मार्केट (मच्छी मार्केट) को करोडों रूपये खर्च कर जिन दुकानदारों, ग्राहकों, स्थानीय निवासियों व राहगीरों को पेश आ रही परेशानियों को दूर करने के लिए अत्याधुनिक बनाया गया था, आज भी सभी के लिए यह बाजार परेशानी का सबब बना हुआ है। कई वर्षों की जद्दोजहद के बाद 2022 में यहाँ अत्याधुनिक भवन में दुकानें तो बन गई, लेकिन अज्ञात कारणों से उनका आवंटन लंबित रहने से सारी कवायद पर पानी फिरता नजर आ रहा है।

मर्ज बढता गया, ज्यों ज्यों दवा की... की तर्ज पर पुरानी दुकानें तोडकर सभी अत्याधुनिक सुविधा वाला नया भव्य भवन तो तीन साल पहले ही तैयार हो गया था, किन्तु दुकानों का आवंटन अभी तक न होने के चलते दुकानदार सडक पर व्यापार करने को मजबूर है। इसकी वजह से आस-पास के लोगों का जीना दूभर हो गया है। पहले लोग नाक पर रुमाल रखकर मच्छी मार्केट के आस-पास से गुजर जाते थे, लेकिन तंग सडकों व गलियों और ऊपर से सडक पर व्यापार के चलते बढी गंदगी और दुर्गन्ध के कारण अब ये रुमाल भी बेअसर साबित हो रहे हैं।


शुभ लाभ
मच्छी: मार्केट
दुकानों का आवंटन नहीं, सड़क पर दुकानदार
शुभ लाभ IMPACT

ज्ञातव्य है कि 22 सितम्बर 2022 को तत्कालीन मत्स्य पालन मंत्री तलसानी श्रीनिवास यादव ने इस भवन का उद्घाटन करते हुए कहा था कि व्यस्त बेगम बाज़ार में निज़ाम काल का यह थोक मछली बाज़ार, जो कभी अपनी दुर्गंध और गंदगी के लिए जाना जाता था और जिससे आस-पास के लोगों का जीना दूभर था, ▶8पर

### दुनिया के टॉप बैंकों से ज्यादा सोना भारत के घरों-मंदिरों में

# 10 ट्रिलियन डॉलर वैल्यू

**नयी दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** भारतीय घरों और मंदिरों में अनुमानित 50,000 टन सोना मौजूद है, जिसकी कुल वैल्यू करीब 10 ट्रिलियन डॉलर (लगभग 830 लाख करोड़) आंकी गई है। एसोचैम की रिपोर्ट के अनुसार यह भंडार दुनिया के टॉप-10 सेंट्रल बैंकों के कुल सोने से भी अधिक है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में मौजूद यह सोना अमेरिका और चीन को छोड़कर लगभग हर देश की सालाना जीडीपी से ज्यादा मूल्य का है। यदि इस सोने को बैंकिंग और निवेश प्रणाली में लाया जाए, तो भारतीय अर्थव्यवस्था को बड़ा प्रोत्साहन मिल सकता है।




भारतीय रिजर्व बैंक के पास 880.3 टन सोने का आधिकारिक भंडार है, जो वैश्विक स्तर पर आठवें स्थान पर आता है। वर्ल्ड गोल्ड काउंसिल के आंकड़ों के अनुसार यह अमेरिका के 8,133 टन भंडार की तुलना में काफी कम है, लेकिन निजी स्वामित्व के मामले में भारत दुनिया में शीर्ष पर है। कोटक इंस्टीट्यूशनल इक्विटीज के अनुमान के मुताबिक 2024 से 2026 के बीच सोने की कीमतों में तेजी से भारतीय परिवारों की ▶8पर

# अशांति वार्ता आज

## इस्लामाबाद में मंच तैयार, अमेरिका-ईरान में जुबानी वार

**इस्लामाबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** अमेरिका और ईरान के बीच शनिवार को पाकिस्तान के इस्लामाबाद में ऐतिहासिक वार्ता होगी। रिपोर्ट्स के अनुसार, राजधानी के रेड जोन में विदेश मंत्रालय के बगल में स्थित सेरेना होटल प्रतिनिधिमंडलों की मेजबानी करेगा। इस महत्वपूर्ण सरकारी इमारतों और दूतावासों के बीच स्थित होटल को बुधवार शाम से रविवार तक के लिए बुक कर लिया गया है और मेहमानों से होटल खाली करा लिया गया है। सूत्रों के अनुसार, चूंकि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री मेजबान हैं, इसलिए बातचीत हिलटॉप पर स्थित प्रधानमंत्री आवास में भी हो सकती है। ईरानी संसद अध्यक्ष और अमेरिकी उपराष्ट्रपति वेंस रहेंगे अग्रिम पंक्ति में। ईरान की तरफ से ईरानी संसद के अध्यक्ष और पूर्व सैन्य कमांडर मेजर जनरल मुहम्मद बाकिर कलिबफ, विदेश मंत्री अब्बास अराघची, राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के सचिव, उप विदेश मंत्री और इस्लामाबाद में ईरान के राजदूत मौजूद होंगे। ▶8पर




### कठोर शर्तें

**तेहरान/ वॉशिंगटन डीसी, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित बातचीत से पहले ही तनाव बढ़ गया है। ईरान ने अमेरिका के साथ वार्ता को लेकर कठोर शर्त रख दी है। ईरानी संसद के अध्यक्ष मोहम्मद बाकर गालिबाफ ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक लेबनान में सीजफायर लागू नहीं होता और उनके फ्रीज किए गए फंड जारी नहीं किए जाते, तब तक कोई बातचीत शुरू नहीं होगी। ▶8पर

इलेक्ट्रॉनिकी में उत्कृष्टता का 57 वां वर्ष

राष्ट्र की सेवा में परमाणु
ईसीआईएल
ECIL
ATOMS IN THE SERVICE OF THE NATION

**ईसीआईएल:** बहु उत्पाद, बहु-प्रौद्योगिकी उद्यम है जो परमाणु ऊर्जा, रक्षा, वांतरिक्ष, सुरक्षा तथा सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-अभिशासन के सामरिक क्षेत्र में नवोन्नत प्रौद्योगिकी समाधान उपलब्ध कराता है




उत्पाद एवं सेवाएं निवेदित

- नियंत्रण एवं उपकरणीकरण प्रणाली, विकिरण संसूचक एवं उपकरण
- वीडियो निगरानी सहित एकीकृत सुरक्षा प्रणाली, कार्मिक एवं वाहन अभिगम नियंत्रण, वीडियो विश्लेषिक एवं सुरक्षा उपकरण
- इलेक्ट्रॉनिक निगरानी एवं युद्धकौशल प्रणाली, रेडियो संचार उपस्कर, रक्षा के लिए कमान्ड एवं नियंत्रण प्रणाली, इलेक्ट्रॉनिक फ्यूज़, जैमर, डाटा, वॉयस एवं वीडियो के लिए एनक्रिप्शन उपस्कर
- ऐन्टेना प्रणाली एवं वी-सैट नेटवर्क, कॉकपिट वॉयस रिकार्डर, सिन्क्रोज एवं जाइरो
- ई-अभिशासन अनुप्रयोग, कंप्यूटर शिक्षा सेवा, इलेक्ट्रॉनिक मतदान मशीन एवं मतदाता सत्यापन पेपर ऑडिट परीक्षण प्रिन्टर
- परमाणु अवशोषण स्पेक्ट्रोफोटोमीटर, इलेक्ट्रॉनिक ऊर्जा मीटर, थिक फिल्म हाइब्रिड सूक्ष्म परिपथ इत्यादि

इलेक्ट्रॉनिक्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लिमिटेड
भारत सरकार (परमाणु ऊर्जा विभाग) का उद्यम
हैदराबाद-500062, तेलंगाना
टेलीफैक्स: +91 40 27122584, ई-मेल- cpr@ecil.co.in
वेब: www.ecil.co.in

## हुमायूं कबीर से एमआईएम ने नाता तोड़ा



**कोलकाता/हैदराबाद, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बड़े राजनीतिक घटनाक्रम में ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने शुक्रवार को आम जनता उन्नयन पार्टी के प्रमुख हुमायूं कबीर के साथ अपना गठबंधन तोड़ने की घोषणा की है।

यह कदम हुमायूं कबीर से जुड़े विवादों और उन पर लगे आरोपों के बाद उठाया गया है। एआईएमआईएम का कहना है कि इन विवादों ने राज्य में मुसलमानों की अखंडता और प्रतिनिधित्व को लेकर चिंताएं पैदा कर दी हैं। एआईएमआईएम ने स्पष्ट किया है कि वह अब पश्चिम बंगाल में स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ेगी। सोशल मीडिया पर जारी एक बयान में पार्टी ने कहा कि श्री कबीर से जुड़े घटनाक्रमों ने बंगाल के मुस्लिम समुदाय की संवेदनशीलता को उजागर किया है और पार्टी ऐसे किसी भी बयान या कृत्य के साथ नहीं जुड़ सकती जो मुसलमानों की निष्ठा पर सवाल खड़ा करे। एमआईएम ने कहा कि दशकों के धर्मनिरपेक्ष शासन के बावजूद बंगाल के मुसलमान सबसे गरीब, ▶8पर



# आसिफाबाद ज़िले में सड़क सुरक्षा को लेकर कलेक्टर हरिता के कड़े निर्देश



**आसिफाबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** आसिफाबाद ज़िले में सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए ज़िला कलेक्टर हरिता ने शुक्रवार को समेकित कलेक्टरेट सभागार में उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की। बैठक में पुलिस अधीक्षक नीतिका पंत, अतिरिक्त कलेक्टर एम. डेविड, कागज़नगर सब-कलेक्टर श्रद्धा शुक्ला, राजस्व मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

**बैठक में दिए गए प्रमुख निर्देश–**

राष्ट्रीय राजमार्ग: किनारे बसे गाँवों में लाइटिंग, स्पीड ब्रेकर और साइड ड्रेन का काम शीघ्र पूरा करने के निर्देश। पेट्रोलिंग वाहन उपलब्ध रखने पर जोर।

बिजली विभाग: सड़क पर लटकती तारें/खंभे हटाने और रेडियम स्टिकर लगाने के आदेश।

परिवहन विभाग: स्कूल बसों व अन्य वाहनों की नियमित जांच, शराब पीकर वाहन चलाने वालों और हेलमेट/सीट बेल्ट न पहनने वालों पर कड़ी कार्रवाई।

सड़क एवं भवन/पंचायत राज: मरम्मत व पुल निर्माण समय पर, संकेतक बोर्ड व गति नियंत्रण उपाय लागू करना।

स्वास्थ्य विभाग: दुर्घटना होने पर घायलों को तुरंत नज़दीकी अस्पताल पहुँचाने की व्यवस्था।

नगरपालिकाएँ/मंडल केंद्र: जाम रोकने के ठोस कदम।

जनजागरूकता: सड़क नियमों के प्रति लोगों को जागरूक करने के अभियान पर जोर।

कलेक्टर हरिता ने सभी विभागों को समन्वय के साथ कार्य करते हुए सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने पर जोर दिया।

# फुलेनगर में बिजली किल्लत: विभाग की अनदेखी पर आक्रोश, 7 मई को भूख हड़ताल की चेतावनी



**धर्माबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगर परिषद क्षेत्र के फुलेनगर इलाके में कई सालों से बिजली की किल्लत को लेकर नागरिकों में तीव्र आक्रोश है। योजना एवं विकास सभापति कृष्णा तिम्मापुरे ने देगलूर स्थित बिजली वितरण कंपनी के कार्यकारी अभियंता के दफ्तर के सामने 7 मई को लोकतांत्रिक तरीके से भूख हड़ताल करने की चेतावनी दी है।

तिम्मापुरे का आरोप है कि फुलेनगर में बिजली सप्लाई के लिए सरकारी रेस्ट हाउस के सामने लगा 100 केवी डीपी पर बार-बार लोड पड़ने से सप्लाई बाधित होती है। उन्होंने कहा कि गर्मियों में छोटे बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को खास दिक्कत हो रही है। साथ ही, नागरिकों के बार-बार शिकायत करने के बावजूद स्थिति में सुधार नहीं हो रहा है।

सम्बंधित विभाग से बातचीत में भरोसा दिया गया, लेकिन एग्जीक्यूटिव इंजीनियर का फोन नहीं उठने पर तिम्मापुरे ने नार-ाजगी जताई। उन्होंने मांग की कि सरकारी रेस्ट हाउस के सामने 200 केवी डीपी लगाया जाए तथा जरूरत के अनुसार थ्री-फेज लाइन बिछाई जाए। इस बीच, 7 मई की भूख हड़ताल की चेतावनी से बिजली वितरण कंपनी के अधिकारी सकते में आए। तिम्मापुरे ने बताया कि देगलूर के एग्जीक्यूटिव इंजीनियर को फुलेनगर में बिजली सप्लाई सुचारू रखने के निर्देश दिए गए हैं, और साथ में पार्षद प्रतिनिधि शेख तौफिक भी उपस्थित थे।

## योग से ही शारीरिक-मानसिक स्वास्थ्य संभव



**आसिफाबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** जिला कलेक्टर के. हरिता ने कहा कि योग साधना के माध्यम से न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक तनाव भी प्रभावी ढंग से दूर किया जा सकता है। शुक्रवार को योग फॉर वन अर्थ – वन हेल्थ नारे के साथ जिला सामुदायिक कार्यालय में आयोजित विशेष योग कार्यक्रम में उन्होंने भाग लेकर नागरिकों को संबोधित किया।

कलेक्टर ने बताया कि आज की तेज़ जीवनशैली से बढ़ते तनाव और बीमारियों का समाधान योग में है। उन्होंने कहा कि योग केवल व्यायाम नहीं, बल्कि एक सम्पूर्ण जीवनशैली है। नियमित अभ्यास से रोग प्रतिरोधक क्षमता, जीवन स्तर और मन में शांति बढ़ती है।

उन्होंने विशेष रूप से विद्यार्थियों के लिए कहा कि छोटी उम्र से ही योग अपनाना आवश्यक है, ताकि एकाग्रता, अनुशासन और मानसिक स्थिरता विकसित हो। संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिले के प्रत्येक विद्यालय में सुबह पाठ शुरू होने से पहले योग का आयोजन अनिवार्य किया जाए। कार्यक्रम में योग प्रशिक्षक, राजस्व मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव, डीआरडीओ दत्ताराव, चिकित्सक, अन्य जिला अधिकारी/कर्मचारी और बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## जिले में 'अराइव-अलाइव' कार्यक्रम को सख्ती से आयोजित करना होगा

**आसिफाबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो) ।**

जिले में सड़क सुरक्षा के तहत 'अराइव-अलाइव' कार्यक्रम को सख्ती से आयोजित करने का निर्देश जिला कलेक्टर हरिता ने दिया। शुक्रवार को समेकित कलेक्टरेट भवन परिसर के सभागार में जन-प्रशासन-प्रगति योजना के 99 दिवसीय कार्यक्रम अंतर्गत 13 से 18 अप्रैल तक चलने वाले छह दिवसीय सड़क सुरक्षा अभियान की तैयारियों को लेकर बैठक हुई। बैठक में एसपी नितिका पंत, अतिरिक्त कलेक्टर एम. डेविड, कागज़नगर सब-कलेक्टर श्रद्धा शुक्ला, आसिफाबाद राजस्व मंडल अधिकारी लोकेश्वर राव समेत कई अधिकारी व निजी स्कूल/लारी संघों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कलेक्टर के अनुसार इस अभियान को जनप्रतिनिधियों के सहयोग और सभी विभागों के समन्वय से सफल बनाना होगा।

13 अप्रैल: ग्राम पंचायत स्तर पर ग्रामसभासड़क सुरक्षा समिति गठन, जागरूकता; दोपहिया चालकों से हेलमेट शपथ।

14 अप्रैल (अंबेडकर जयंती): वाहन चालक व जनता के साथ बड़े स्तर पर सड़क सुरक्षा शपथ।

15 अप्रैल: सरकारी/निजी स्कूलों में छात्रों-अभिभावकों को हेलमेट पहनकर यात्रा हेतु जागरूकता; स्कूलों में गति नियंत्रण संकेतक बोर्ड।

16 अप्रैल: पेट्रोल पंपों पर 'नो हेलमेट, नो पेट्रोल' बोर्ड; हेलमेट न पहनने वालों को पेट्रोल न देने की व्यवस्था।

17 अप्रैल: प्रत्येक पुलिस स्टेशन में सीपीआर व सड़क सुरक्षा जागरूकता; सरकारी कार्यालयों में हेलमेट पहनकर ही प्रवेश।

18 अप्रैल: नगरपालिकाओं/मंडल केंद्रों में हेलमेट व सीट बेल्ट पहनने वालों को छात्रों द्वारा पुष्पगुच्छ; न पहनने वालों को विनती पत्रिका।

बैठक में अधिकारियों और संबंधित संस्थाओं से कहा गया कि 13 से 18 अप्रैल तक चलने वाले इन कार्यक्रमों को निर्धारित लक्ष्यों के साथ प्रभावी तरीके से पूरा किया जाए।

## मदनूर मंडल में चना खरीद केंद्र का निरीक्षण अवैध वसूली की जांच का आश्वासन



**मदनूर, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिला स्तरीय अधिकारियों नवीन ने मदनूर मंडल केंद्र के कृषि बाजार समिति कार्यालय परिसर में स्थित चना फसल खरीद केंद्र का शुक्रवार सुबह निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि 8 अप्रैल को स्थानीय किसानों ने सर्वेक्षक के बारे में शिकायत की थी, जिसके बाद गुणवत्ता सर्वेक्षकों की गतिविधियों की जांच शुरू की गई। एनसीएफ अधिकारियों ने किसानों को आश्वासन दिया कि अवैध तरीके से रुपये वसूलने में शामिल सर्वेक्षकों को हटाया गया है।

अधिकारियों ने किसानों को सुझाव दिया कि वे अपनी फसल सीधे खरीद केंद्र पर बेचें।

साथ ही स्पष्ट किया गया कि भारत सरकार के नेतृत्व में स्थानीय सोसायटी के कर्मचारी मूंगफली की खरीद करेंगे।

किसानों से कहा गया कि किसी को भी एक रुपया भी देने की जरूरत नहीं है; यदि कोई अवैध वसूली की मांग करे, तो इसकी तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचना दें, जिस पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

निरीक्षण के दौरान एनसीएफ अधिकारी और मदनूर सोसायटी सचिव गंगाधर सहित किसान उपस्थित थे।

## चेन्नूर में होम्योपैथी दिवस पर योग जागरूकता कार्यक्रम



**मंचेरियाल, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अंतरराष्ट्रीय होम्योपैथी दिवस के अवसर पर प्रजा पालन प्रगति योजना के तहत आयुष योग केंद्र में योग जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।कार्यक्रम में लोगों को योग के महत्व और इसके लाभों की जानकारी दी गई। स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. वनिता ने कहा कि योग महिलाओं के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है और इसे नियमित अपनाकर कई बीमारियों से बचाव किया जा सकता है।योग प्रशिक्षक मोरला मधुकर और गादे रजिता ने योगासनों का प्रदर्शन करके उनके फायदे बताए। उपस्थित लोगों ने योग के प्रति रुचि दिखाते हुए स्वस्थ जीवनशैली अपनाने का संकल्प लिया।

## महात्मा ज्योतिराव फुले की प्रतिमा के लिए स्थान आवंटित करने की मांग



**मंचेरियाल, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** बीसी समाज संयुक्त आदिलाबाद जिला अध्यक्ष नारेडला श्रीनिवास ने मंचरियाल नगर निगम से मांग की है कि कस्बे में महात्मा ज्योतिराव फुले की प्रतिमा स्थापित करने हेतु उपयुक्त स्थान आवंटित किया जाए।

इस संबंध में उन्होंने गुरुवार को नगर निगम महापौर धर्नी मधुकर और उप महापौर सल्ला राम्या को याचिका सौंपी। श्रीनिवास ने अनुरोध किया कि फुले सहित बीसी समाज के अन्य महान व्यक्तियों की प्रतिमाएं नगर निगम सीमा के भीतर मुख्य चौकों में स्थापित करने के लिए उचित निर्णय लिया जाए।

कार्यकर्ताओं का कहना है कि फुले ने सामाजिक असमानताओं, जाति व्यवस्था, अस्पृश्यता के विरुद्ध संघर्ष तथा बालिका शिक्षा के लिए महत्व-पूर्ण योगदान दिया। उन्होंने यह भी कहा कि बार-बार मांग के बावजूद अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है, इसलिए प्रतिमाओं के लिए स्थान स्वीकृत कर उनकी जयंती-वर्गण कार्यक्रम भव्य रूप से आयोजित कराए जाएं।

## पेद्दापल्ली में नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर




**पेद्दापल्ली, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो) ।** पेद्दापल्ली के जिला कलेक्टर कोया श्री हर्ष ने कहा कि मरीजों को आयुर्वेद, यूनानी और होम्योपैथी चिकित्सा सेवाओं का लाभ उठाना चाहिए। शुक्रवार को कलेक्टर ने प्रजा जनन-प्रगति योजना के तहत जिला अस्पताल परिसर में आयोजित नि:शुल्क आयुष चिकित्सा शिविर का उद्घाटन किया। उन्होंने बताया कि लोक प्रशासन-प्रगति योजना के अंतर्गत आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी के मेगा मेडिकल कैंप लगाए जा रहे हैं। जिला आयुष अस्पताल में प्रतिदिन 100 से 120 बाह्य रोगियों को उपचार सेवाएं मिल रही हैं, और जरूरत के अनुसार दवाएं, डॉक्टर व चिकित्सा कर्मचारी उपलब्ध कराए गए हैं।

उद्घाटन से पहले कलेक्टर ने चिकित्सा विभाग द्वारा आयोजित यूनानी, आयुर्वेदिक और होम्योपैथी की विभिन्न औषधियों की प्रदर्शनी का निरीक्षण किया। इस मौके पर जिला स्वास्थ्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रमोद कुमार, जिला अस्पताल अधीक्षक डॉ. श्रीधर, आयुष विभाग के डॉक्टर और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## बाजार क्षेत्र में सड़क निर्माण: कब तक चलेगी असुविधा?



**मंचेरियाल, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** नगर निगम के 58वें डिवीजन के मुख्य बाजार क्षेत्र में सौंदर्यीकरण और सड़क विस्तार का काम अभी भी चल रहा है, जिससे व्यापारियों, वाहन चालकों और आम जनता को भारी परेशानी हो रही है।

लगभग 75 करोड़ रुपये की लागत से 14 मार्च को गार्मिला फ्लाईओवर से बेल्लमपल्ली चौरास्ता तक शुरू की गई चार लेन सड़क के निर्माण में धीमी प्रगति को लेकर असंतोष है। निर्माण के दौरान सड़क किनारों पर खुदाई, मिट्टी/कीचड़ के ढेर और कई जगह यातायात रोकने से रोजाना जाम और दुर्घटना का डर बना रहता है। दुकानों के सामने कीचड़ के कारण ग्राहकों के आने-जाने में भी दिक्कत हो रही है।

भाजपा पार्षद बोटला अनीता ने अधिकारियों से आग्रह किया है कि कार्य शीघ्र पूरा किया जाए और यात्रियों/स्थानीय लोगों की समस्या को तुरंत दूर किया जाए।

स्थानीय लोगों को उम्मीद है कि काम पूरा होने के बाद यातायात की समस्या का स्थायी समाधान होगा।

## पारंपरिक चिकित्सा से स्वस्थ समाज की ओर कदम : कुमार दीपक



**मंचेरियाल, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** विश्व होम्योपैथी दिवस के अवसर पर जिला मुख्यालय के सरकारी अस्पताल में आयोजित नि:शुल्क मेगा आयुष चिकित्सा शिविर में जिला कलेक्टर कुमार दीपक ने कहा कि भारतीय चिकित्सा पद्धति आज विश्व के लिए आदर्श बन चुकी है।

कलेक्टर ने बताया कि आयुर्वेद, होम्योपैथी, यूनानी और योग जैसी पारंपरिक विधियों से मधुमेह, जोड़ दर्द और अन्य दीर्घकालिक रोगों का प्रभावी नियंत्रण संभव है। उन्होंने यह भी कहा कि सरकार प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में आयुष सेवाएं उपलब्ध कराकर कम खर्च में सुलभ इलाज सुनिश्चित कर रही है।

साथ ही, 99 दिनों की प्रगति योजना के तहत स्वच्छता और स्वास्थ्य जागरूकता के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। कार्यक्रम में चिकित्सा अधिकारी, डॉक्टर और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# आज बुध ग्रह करेंगे मीन राशि में प्रवेश

**ज्योतिष शास्त्र में बुध ग्रह को एक शुभ ग्रह माना जाता है। बुध ग्रह मिथुन एवं कन्या राशि के स्वामी हैं। बुध ग्रह सूर्य और शुक्र के साथ मित्र भाव से तथा चंद्रमा से शत्रुतापूर्ण और अन्य ग्रहों के प्रति तटस्थ रहता है। वैदिक ज्योतिष में बुध देव को वाणी, बुद्धि और व्यापार का दाता कहा जाता है। मान्यता है जिन लोगों की कुंडली में बुध देव की स्थिति सकारात्मक होती है। बुध ग्रह कि शुभ स्थिति जातक को व्यवहारिक, वाक्पटु बनती है जो उनके जीवन में अच्छे परिणाम लेकर आते हैं। श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर की निदेशिका ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि हिंदू पंचांग के अनुसार 11 अप्रैल से बुध अपनी नीच राशि मीन में गोचर करेंगे। इस दौरान बुध कमजोर अवस्था में रहेंगे। वैदिक ज्योतिष के अनुसार जब भी कोई ग्रह राशि परिवर्तन करता है, तो उसका सीधा प्रभाव पृथ्वी और मानव जीवन पर पड़ता है। इसलिए बुध का गोचर सभी राशियों के जातकों के आर्थिक विकास पर भी काफी पड़ता है। बुध के मीन राशि में गोचर करते ही राशि के जातकों को अच्छा धनलाभ हो सकता है।**



नीतिका शर्मा
ज्योतिषाचार्या एवं फेमस टैरो कार्ड रीडर
श्री लक्ष्मीनारायण एस्ट्रो सॉल्यूशन अजमेर, अजमेर

बुध गोचर मीन राशि में 11 अप्रैल को होने जा रहा है। बुध कुंभ राशि से निकलकर गुरु की राशि मीन में प्रवेश करने जा रहे हैं। 30 अप्रैल तक बुध मीन राशि में ही गोचर करेंगे। बुध के लिए मीन राशि नीच राशि मानी गई है। नीच राशि में आने पर बुध कमजोर अवस्था में आ जाते हैं। बुध बुद्धि और वाणी का कारक है इसलिए इसके राशि परिवर्तन से व्यक्ति की सोचने-समझने की क्षमता में स्पष्ट बदलाव देखने को मिलता है। इस गोचर के दौरान जहां कुछ लोग अधिक संवेदनशील हो सकते हैं वहीं कुछ लोगों को निर्णय लेने में कठिनाई महसूस होगी।

बुध ग्रह मिथुन और कन्या राशि का स्वामी है। बुध सूर्य का निकटतम ग्रह है। बुध ग्रह को बुद्धि का प्रदाता कहा गया है। बुध ग्रह के लक्षण की बात करें तो यह व्यक्ति में बुद्धि, विवेक, हाज़िर जवाबी और हास्य-विनोद का प्रतिनिधित्व करता है। यह एक शुभ ग्रह है लेकिन कुछ स्थितियों में बुध अशुभ ग्रह में बदल सकता है। बुध कम्युनिकेशन का ग्रह है। बुध ग्रह के अधिदेवता भगवान विष्णु हैं। बुध व्यापार के देवता तथा व्यापारियों के रक्षक हैं। बुध चन्द्र और तारा के पुत्र है। बुध सौरमंडल के ग्रहों में सबसे छोटा और सूर्य से निकटतम है। बुध के हाथों में तलवार, ढाल, गदा तथा वरमुद्रा धारण की हुई है।

### क्या होगा असर

बुध के राशि परिवर्तन से लोगों में रचनात्मकता बढ़ेगी। शेयर मार्केट बढ़ने की संभावना है। बाजार में खरीदारी बढ़ सकती है। बिजनेस करने वाले लोगों के लिए समय अच्छा रहेगा। अनाज और खाने की चीजों के दाम बढ़ सकते हैं। बड़े देशों के बीच इंपोर्ट-एक्सपोर्ट बढ़ेगा। बड़े एग्रीमेंट या बिजनेस समझौते होने के योग बन रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर लेन-देन बढ़ेगा। कुछ देशों की करंसी मजबूत होगी। कुछ बड़े देश नई व्यापारिक रणनीति पर काम शुरू कर सकते हैं। पड़ोसी देशों से तनाव बढ़ेगा। अनचाही घटनाएं होगी। वाद विवाद ज्यादा होंगे। भूकंप आगजनी रेल और वायुयान दुर्घटना होगी। आंखों एवं त्वचा के रोग बढ़ेंगे। सोने की कीमत और विदेशी करेंसी में उतार-चढ़ाव रहेगा। पेट्रोल, डीजल और तेल के दाम बढ़ने का अनुमान है।

### बुध के इस गोचर का सभी 12 राशियों पर शुभ-अशुभ प्रभाव।

**मेष राशि –** बिजनेस और नौकरी में सफलता के योग बन रहे हैं। दुश्मनों पर जीत मिल सकती है। सामाजिक पद प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**वृष राशि –** रोजमर्रा के कामों में मेहनत बढ़ेगी लेकिन फायदा भी हो जाएगा। सेहत संबंधी उतार-चढ़ाव आ सकते हैं।

**मिथुन राशि –** इस गोचर के दौरान नई जॉब का प्रस्ताव आ सकता है। यदि आप अभी कहीं कार्यरत हैं तो वहां पदोन्नति की संभावना है। व्यापार में भी आपको अच्छा धनलाभ हो सकता है। नए व्यवसायिक संबंध बन सकते हैं और व्यापार का विस्तार हो सकता है।

कर्क राशि – धन लाभ तो होगा, लेकिन खर्चा भी बना रहेगा। सोच-समझकर बोलें। राज की बातें उजागर हो सकती हैं।

**सिंह राशि –** नौकरी या प्रोफाइल में बदलाव की संभावना है इसलिए जो लोग स्विच करने की उम्मीद कर रहे हैं वे इस अवधि के दौरान योजना बना सकते हैं। आपको अपने माता-पिता या रिश्तेदारों से नकद या वस्तु के रूप में अचानक लाभ मिल सकता है।

**कन्या राशि** – सुख बढ़ेंगे। लेकिन माता की सेहत को लेकर चिंता बनी रहेगी। यात्राओं में सावधानी रखें। प्रॉपर्टी संबंधी कामों में सफलता मिलने के योग हैं।

**तुला राशि–** कार्यक्षेत्र में षड्यंत्र का शिकार हो सकते हैं। सोच-समझकर बोलें और सावधानी से कोई भी फैसला लें।

**वृश्चिक राशि–** जो फैसले लेंगे उनमें सफलता मिलेगी। नौकरी और बिजनेस संबंधी यात्रा होने के योग बनेंगे। भाई-बहनों या दोस्तों से विवाद होने की आशंका है।

**धनु राशि–** शिक्षा प्रतियोगिता में सफलता मिल सकती है। प्रेम विवाह करना चाह रहे हो तो अवसर अनुकूल है।

**मकर राशि–** रोजमर्रा के कामों में सफलता तो मिलेगी, लेकिन उलझनें भी बढ़ती जाएंगी। नौकरीपेशा लोगों को सोच-समझकर फैसले लेने होंगे।

**कुंभ राशि –** आपको आकस्मिक धनलाभ या रुका हुआ धन प्राप्त होने की संभावना है। यदि आपका व्यापार विदेश तक विस्तृत है तो भी आपको आर्थिक लाभ मिल सकता है। इस गोचर के दौरान आप जिस भी काम में हाथ डालेंगे आपको सफलता अवश्य मिलेगी।

**मीन राशि–** प्रॉपर्टी और रोजमर्रा के कामों में फायदा हो सकता है। इनकम सोर्स बढ़ेंगे। रुका हुआ पैसा मिलने के योग हैं। शेयर मार्केट में फायदा मिल सकता है।

### बुध के उपाय

ज्योतिषाचार्या एवं टैरो कार्ड रीडर नीतिका शर्मा ने बताया कि बुध से पीड़ित व्यक्ति को मां दुर्गा की आराधना करनी चाहिए। बुधवार के दिन गाय को हरा चारा खिलाना चाहिए और साबूत हरे मूंग का दान करना चाहिए। बुधवार के दिन गणपति को सिंदुर चढ़ाएं। बुधवार के दिन गणेश जी को दूर्वा चढ़ाएं। दूर्वा की 11 या 21 गांठ चढ़ाने से फल जल्दी मिलता है। पालक का दान करे। बुधवार को कन्या पूजा करके हरी वस्तुओं का दान करे।

# ब्रह्म मुहूर्त में क्या करें और क्या न करें

## शास्त्रों के अनुसार इन 5 कामों को करने से जीवन में दिखता है पॉजिटिव चेंज



**ब्रह्म मुहूर्त की अवधि को हिंदू धर्म, शास्त्रों और वास्तु में बहुत शुभ माना गया है। यहां तक की आयुर्वेद में भी ब्रह्म मुहूर्त की अवधि में जागने को लाभकारी माना जाता है। सुबह सूर्योदय से ठीक पहले का समय सुबह 4 बजे से लेकर 5 बजकर 30 मिनट तक की अवधि को ही ब्रह्म मुहूर्त कहा जाता है। मान्यता है कि इस दौरान आसपास का वातावरण सबसे शुद्ध, शांत और पवित्र होता है। ऐसे में ब्रह्म मुहूर्त में जागकर ध्यान, योग, प्रार्थना आदि करना अत्यंत शुभ फलदायी माना जाता है। हालांकि, इस दौरान कुछ कार्यों को करना शास्त्रों में वर्जित माना गया है।**

### ब्रह्म मुहूर्त में क्या नहीं करना चाहिए?

सूर्योदय से ठीक पहले यानी सुबह 4 बजे से लेकर 5 बजकर 30 मिनट तक की अवधि में अपने मन में किसी भी प्रकार के नकारात्मक विचार नहीं लाने चाहिए। मान्यता है कि करीब डेढ़ घंटे के दौरान हमारे मन में आए विचारों का प्रभाव पूरे दिन पर पड़ता है। ब्रह्म मुहूर्त का समय सबसे अधिक प्रभावशाली होता है और इस समय मनुष्य का मन सबसे शांत होता है। यही कारण है कि ब्रह्म मुहूर्त में नकारात्मक विचार मन में लाने से इसका प्रभाव व्यक्ति के पूरे दिन और फैसलों पर पड़ सकता है।

ब्रह्म मुहूर्त में क्रोधित नहीं होना चाहिए। शास्त्रों में यह समय ध्यान और प्रार्थना का बताया गया है। ऐसे में ब्रह्म मुहूर्त में क्रोध करने से इसका नकारात्मक प्रभाव हमारे विचारों और पूरे दिन पर देखने को मिल सकता है।

शास्त्रों के अनुसार, ब्रह्म मुहूर्त के दौरान सोना अच्छा नहीं माना जाता है। मान्यता है कि ब्रह्म मुहूर्त यानी सूर्योदय के बाद तक सोने से मनुष्य ध्यान, साधना, पूजा-पाठ आदि की पवित्र और सबसे उत्तम अवधि से वंचित रह सकता है।

### ब्रह्म मुहूर्त में क्या करना चाहिए ?

वास्तुशास्त्र, ज्योतिषशास्त्र और आयुर्वेद में ब्रह्म मुहूर्त की अवधि में जागना सबसे उत्तम माना गया है। मान्यता है कि इस डेढ़ घंटे की अवधि के दौरान उठने से मनुष्य पूरे दिन ऊर्जावान महसूस करता है। साथ ही, इससे जीवन में सकारात्मक ऊर्जा आकर्षित होती है।

ब्रह्म मुहूर्त की अवधि को मंत्र जाप करने के लिए सबसे उत्तम माना गया है। इस दौरान गायत्री मंत्र का जाप करना चाहिए। साथ ही, इस दौरान आप भगवान विष्णु और शिवजी के मंत्रों का जाप भी कर सकते हैं। इस दौरान जप करना सबसे प्रभावशाली माना जाता है।

मान्यता है कि 4 बजे से लेकर 5 बजकर 30 मिनट तक के बीच में कुछ देर अपने इष्ट देवता का भी अवश्य करना चाहिए। साथ ही, किसी मनोकामना के लिए उसे मन में रखकर मंत्रों का जाप करने से शुभ फल प्राप्त हो सकता है।

हिंदू धर्म में ब्रह्म मुहूर्त के दौरान स्नान करना अत्यंत लाभकारी माना जाता है। नियमित ऐसा करने से जीवन में सकारात्मकता आकर्षित होती है और नकारात्मकता दूर होने लगती है। साथ ही, पूजा पाठ के लिए भी यह समय बहुत शुभ होता है।

सुबह 4 से लेकर 5.30 बजे तक के समय में वातावरण में सतोगुण की प्रधानता होती है। इस समय हमारे भीतर किसी प्रकार के विचार नहीं रहते और मन एकदम शांत होता है। ऐसे में ब्रह्म मुहूर्त में हनुमान चालीसा का पाठ करना सर्वोत्तम माना गया है।

# राजयोग का असर, मिथुन-वृश्चिक समेत कई राशियों को मिलेगा धन और तरक्की का साथ

आज यानी 11 अप्रैल 2026, शनिवार का दिन ज्योतिषीय दृष्टि से बेहद खास माना जा रहा है। वैशाख कृष्ण नवमी के साथ उत्तराषाढ़ा और श्रवण नक्षत्र का दुर्लभ संयोग बन रहा है, वहीं वाशि, सुनफा, पराक्रम और सर्वार्थ सिद्धि जैसे कई शुभ योग भी निर्मित हो रहे हैं। चंद्रमा मकर राशि में गोचर करेंगे और बुध पहले से ही मीन राशि में विराजमान हैं, जिससे कई राशियों के जीवन में सकारात्मक बदलाव देखने को मिल सकते हैं। यह दिन खासतौर पर करियर, धन और रिश्तों के लिहाज से महत्वपूर्ण साबित हो सकता है।

**मेष–**मेष राशि वालों के लिए दिन अनुकूल रहने वाला है। कार्यशैली में सुधार और व्यवस्थित दिनचर्या अपनाने से लंबे समय से अटके काम पूरे होने लगेंगे। संतान से जुड़ी चिंता किसी अनुभवी सलाह से कम हो सकती है। हालांकि, विवाद की स्थिति में गुस्से पर नियंत्रण रखना जरूरी रहेगा। पारिवारिक माहौल संतुलित रहेगा और मानसिक शांति बनाए रखने का प्रयास करना होगा।

**वृषभ –**वृषभ राशि के लिए दिन सामान्य लेकिन संतुलित रहेगा। किसी भी बड़े निर्णय से पहले विशेषज्ञ की सलाह लेना फायदेमंद साबित होगा। परिवार में सामंजस्य बढ़ेगा, जिससे वातावरण सकारात्मक बना रहेगा। छात्रों को अपने समय का सही उपयोग करना होगा, क्योंकि लापरवाही भविष्य पर असर डाल सकती है।

**मिथुन –**मिथुन राशि वालों के लिए यह दिन बेहद शुभ संकेत लेकर आया है। आय के नए स्रोत बन सकते हैं और कार्यक्षेत्र में आपकी सराहना होगी। सहकर्मियों का सहयोग मिलेगा और पारिवारिक जीवन भी सुखद रहेगा। पैतृक संपत्ति से जुड़े मामलों में सकारात्मक खबर मिल सकती है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी।

**कर्क –** कर्क राशि के जातकों के लिए दिन प्रगति का संकेत दे रहा है। विदेश यात्रा के योग बन सकते हैं, जो भविष्य में लाभदायक सिद्ध होंगे। कार्यक्षेत्र में नई जिम्मेदारी मिलने से आपकी



स्थिति मजबूत होगी। घर में खुशी का माहौल बना रहेगा और नई चीजें सीखने के अवसर मिलेंगे।

**सिंह –**सिंह राशि के लिए दिन मानसिक शांति और आत्मचिंतन का रहेगा। धार्मिक या आध्यात्मिक गतिविधियों में रुचि बढ़ेगी। परिवार के साथ समय बिताने से संतुलन बना रहेगा। हालांकि, नकारात्मक विचारों से बचना जरूरी है और निवेश के मामलों में सावधानी बरतनी चाहिए।

**कन्या –**कन्या राशि वालों के लिए दिन सफलता और संतुष्टि लेकर आएगा। कार्यक्षेत्र में टीमवर्क के जरिए बड़ी उपलब्धि मिल सकती है। महिला उद्यमियों के लिए विशेष लाभ के योग हैं। परिवार में खुशी और सामंजस्य बना रहेगा, जिससे मानसिक संतुलन बेहतर होगा।

**तुला –** तुला राशि के लिए दिन सामान्य रहेगा, लेकिन कुछ जरूरी समस्याओं का समाधान मिल सकता है। आर्थिक मामलों में सुधार होगा और नई जिम्मेदारियां मिलने की संभावना है। संबंधों में सुधार के लिए किए गए प्रयास सफल होंगे, हालांकि मानसिक थकान महसूस हो सकती है।

**वृश्चिक –** वृश्चिक राशि वालों के लिए दिन बेहद लाभदायक साबित हो सकता है। रुका हुआ पैसा वापस मिलने के संकेत हैं और रिश्तों में सुधार आएगा। कार्यक्षेत्र में अनुभव का लाभ मिलेगा और पुराने विवाद खत्म हो सकते हैं। स्वास्थ्य में भी सुधार देखने को मिलेगा।

**धनु –**धनु राशि के लिए दिन मिलाजुला रहेगा। परिवार और दोस्तों के साथ समय बिताने का अवसर मिलेगा, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। हालांकि, गुस्से पर नियंत्रण रखना जरूरी है। कार्यक्षेत्र में गंभीर बातचीत और मीटिंग्स में सफलता मिल सकती है।

**मकर –**मकर राशि वालों के लिए दिन आर्थिक रूप से फायदेमंद रहेगा। व्यापार में नए विचार लाभ दिला सकते हैं और सामाजिक प्रतिष्ठा बढ़ेगी। संतान से जुड़ी खुशखबरी मिल सकती है, जिससे घर का माहौल सकारात्मक रहेगा।

**कुंभ –** कुंभ राशि के लिए दिन खुशियों से भरा रहेगा। सहकर्मियों के सहयोग से कार्य समय पर पूरे होंगे और आपकी राय की अहमियत बढ़ेगी। किसी प्रभावशाली व्यक्ति से मुलाकात भविष्य के लिए लाभदायक हो सकती है।

**मीन–**मीन राशि वालों के लिए दिन सामान्य लेकिन सावधानी भरा रहेगा। पारिवारिक सहयोग मिलेगा, लेकिन निजी बातों को साझा करने से बचना होगा। खर्चों पर नियंत्रण रखना जरूरी है और मानसिक तनाव से बचने के लिए आराम करना चाहिए।

कुल मिलाकर 11 अप्रैल 2026 का दिन कई राशियों के लिए शुभ संकेत लेकर आ रहा है। खासतौर पर मिथुन और वृश्चिक राशि वालों के लिए धन और करियर में उन्नति के प्रबल योग बन रहे हैं। हालांकि, हर राशि के लिए संतुलन और सावधानी बनाए रखना जरूरी है ताकि इस शुभ दिन का अधिकतम लाभ उठाया जा सके।

# घर में गाय की मूर्ति किस दिशा में रखें? इस तरह मूर्ति रखने से जीवन में बनी रहेगी सुख-समृद्धि


हिंदू धर्म में गाय को पूजनीय माना गया है। वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में गाय की मूर्ति रखने से इसका सकारात्मक प्रभाव आसपास के वातावरण पर भी पड़ता है। ऐसी मान्यता है की गाय शुक्र ग्रह का प्रतीक होती है और बछड़े को प्रेम व मातृत्व का प्रतीक माना गया है। घर में गाय की मूर्ति रखने से घर में सुख-शांति और समृद्धि बनी रहती है। साथ ही, परिवार के सदस्यों के बीच आपसी प्रेम बढ़ता है। विवाहित लोगों को घर में पीतल से बनी गाय की मूर्ति रखनी चाहिए और बच्चों के लिए भी यह बहुत शुभ होता है। हालांकि, गाय की मूर्ति घर में रखने से पहले सही दिशा का ख्याल अवश्य रखना चाहिए। आइए ज्योतिष एवं वास्तु एक्सपर्ट डॉ. मधु प्रिया से जानें घर में गाय की मूर्ति रखने के वास्तु नियम।

### गाय की मूर्ति घर की इस दिशा में रखें

वास्तुशास्त्र के अनुसार, घर में कामधेनु की गाय की मूर्ति को सही दिशा में रखना बेहद जरूरी होता है। इसे गलत स्थान पर रखने से प्रतिकूल प्रभावों का सामना करना पड़ सकता है। कामधेनु गाय को माता लक्ष्मी का प्रतीक माना गया है। वास्तु के अनुसार, इसे दक्षिण-पूर्व दिशा में रखना सबसे उत्तम माना गया है। क्योंकि यह दिशा शुक्र ग्रह से संबंधित होती है। ऐसे में इस स्थान पर पीतल की गाय की मूर्ति रखने से घर में सुख-समृद्धि और शांति बनी रहती है।

### घर के हॉल में रखें गाय की मूर्ति

वास्तु के अनुसार घर के हॉल यानी ड्रॉइंग रूम में भी आप गाय की मूर्ति रख सकते हैं। ऐसा करने से आसपास का वातावरण सकारात्मक होता है। साथ ही, यह दंपति के लिए भी शुभ माना जाता है। ऐसे में विवाहित लोगों को अपने घर में गाय की मूर्ति जरूर रखनी चाहिए। इससे आपसी प्रेम बढ़ता है और दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहती है।पूजा घर में रखें गाय की मूर्ति



वास्तुशास्त्र और ज्योतिषशास्त्र में घर का सबसे पवित्र स्थान पूजा स्थल को माना गया है। और कामधेनु गाय मां लक्ष्मी का प्रतीक होती हैं। ऐसे में आप गाय की मूर्ति को पूजा घर में भी रख सकते हैं। ऐसा करने से बेहद शुभ फल की प्राप्ति होती है और बच्चों के लिए भी इसे घर में रखना शुभ माना गया है। मान्यता है की इससे एकाग्रता बढ़ती है।

### कामधेनु गाय रखने से पहले जान लें ये बातें

माना जाता है की कामधेनु गाय की मूर्ति को कभी भी बेडरूम, बाथरूम आदि स्थानों के आसपास नहीं रखना चाहिए। वास्तु एक्सपर्ट बताती हैं कि ऐसा करने से दोष उत्पन्न हो सकता है। इसे हमेशा साफ स्थान पर ही रखना चाहिए। अगर आप पीतल की मूर्ति घर में रख रहे हैं, तो इसे घर की दक्षिण-पूर्व दिशा में ही रखना चाहिए। इससे घर का माहौल खुशनुमा बना रहता है।

# माफीनामे के शब्दों में बदलाव के लिए रणवीर सिंह तैयार

## देवी की नकल उतारने के मामले में कोर्ट को दिया स्पष्टीकरण


अभिनेता रणवीर सिंह, अपनी फिल्म 'धुरंधर : द रिवेंज' के अलावा, एक्टर-डायरेक्टर ऋषभ शेट्टी की फिल्म 'कांतारा' के एक सीन की नकल करने को लेकर भी चर्चा में बने हुए हैं। सोशल मीडिया पर ट्रोल होने के बाद अभिनेता ने माफी भी मांग ली थी, लेकिन अब अभिनेता ने शुक्रवार को कर्नाटक उच्च न्यायालय को बताया कि वह फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' के एक किरदार की नकल करने से जुड़े मामले में शिकायतकर्ता के साथ मिलकर अपने माफीनामे के शब्दों में बदलाव करने के लिए तैयार हैं। दरअसल, शिकायतकर्ता ने कोर्ट को बताया था कि अभिनेता के माफीनामे में वास्तविकता और पश्चाताप नहीं दिखता है। वकील ने बताया कि हलफनामे में इरादे को ठीक से व्यक्त नहीं किया गया है। उन्होंने अधिक विशिष्ट और स्पष्ट माफी की मांग की।

कोर्ट फिलहाल रणवीर सिंह पर दर्ज एफआईआर को रद्द करने की मांग की याचिका पर सुनवाई कर रहा है, जिसमें अभिनेता पर पिछले साल गोवा में आयोजित 56वें अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव के दौरान धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगा था।

कार्यक्रम के दौरान, रणवीर सिंह ने कथित तौर पर फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' में अभिनेता ऋषभ शेट्टी द्वारा निभाए गए किरदार की नकल की और कथित तौर पर एक देवी को 'महिला भूत' कहा था, जिसके बाद सोशल मीडिया पर उन्हें ट्रोलिंग का सामना करना पड़ा था।

इससे पहले रणवीर सिंह की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता साजन पूवैया ने न्यायमूर्ति एम. नागप्रसन्ना को सूचित किया था कि माफीनामा पहले ही दाखिल किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि अभिनेता ने हलफनामे में यह भी कहा है कि वह संबंधित मंदिर में जाकर प्रार्थना करेंगे। हालांकि, शिकायतकर्ता के वकील ने तर्क दिया कि हलफनामे में स्पष्टता की कमी है और उसमें पश्चाताप का पर्याप्त रूप से इजहार नहीं किया गया है। दोनों पक्षों की बात सुनने के बाद, अदालत ने मामले को 23 अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया और शिकायतकर्ता की संतुष्टि के अनुरूप एक संशोधित हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया।

रणवीर सिंह ने सोशल मीडिया पर लिखित तौर पर भी माफी मांगी थी और घटना के लिए खेद भी व्यक्त किया था। हालांकि विवाद के बढ़ने के बाद एक वकील द्वारा दायर शिकायत के आधार पर अभिनेता के खिलाफ कई धाराओं में केस दर्ज किया गया था। रणवीर सिंह ने एफआईआर रद्द करने के लिए अदालत का रुख किया है। इससे पहले उच्च न्यायालय ने उनके खिलाफ किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगा दी थी और चेतावनी दी थी कि एक सार्वजनिक हस्ती होने के नाते उन्हें अपने शब्दों और कार्यों के प्रति सचेत रहना चाहिए और किसी भी समुदाय की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने से बचना चाहिए।





# विद्या बालन: एक ऐसी अभिनेत्री जो हर भाषा में रचती हैं जादू



भारतीय सिनेमा की बेहतरीन अभिनेत्रियों में शुमार विद्या बालन ने हमेशा अपने शानदार अभिनय से दर्शकों का दिल जीता है। अपनी फिल्मों के चयन से लेकर अपने किरदारों की गहराई तक, विद्या ने हर बार यह साबित किया है कि वह एक सशक्त और बहुमुखी कलाकार हैं। विद्या बालन की खास बात यह है कि उन्होंने भाषा की सीमाओं को कभी अपने काम के बीच नहीं आने दिया। हिंदी के साथ-साथ उन्होंने विभिन्न भाषाओं और लहजों में सहजता से काम किया है। उनकी संवाद अदायगी, उच्चारण और भावनात्मक पकड़ हर भाषा में उतनी ही प्रभावशाली रहती है। चाहे वह किसी छोटे शहर की महिला का किरदार हो या एक मजबूत, आत्मनिर्भर व्यक्तित्व, विद्या हर भूमिका में पूरी सच्चाई के साथ उतरती हैं। यही कारण है कि देशभर के दर्शक उनसे खुद को जोड़ पाते हैं, चाहे उनकी भाषा या क्षेत्र कोई भी हो।

विद्या का मानना है कि सिनेमा एक ऐसी कला है जो भाषा से परे है। उनके लिए हर किरदार एक नई यात्रा है, जहां वह सिर्फ संवाद नहीं बोलतीं, बल्कि उस भावना को जीती हैं। आज के दौर में जब भारतीय सिनेमा वैश्विक स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है, विद्या बालन जैसी कलाकार इस बदलाव की सबसे मजबूत कड़ी हैं, जो अपने अभिनय से हर भाषा, हर दर्शक तक पहुंचने की क्षमता रखती हैं।

## अनंत अंबानी की पीठ पर चढ़े सलमान खान, बोले


# लिख लो, यह आदमी देश को भी उठाएगा



बॉलीवुड के दबंग स्टार सलमान खान की हर पोस्ट चर्चा का विषय बन जाती है। इस कड़ी में उन्होंने शुक्रवार को अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक ऐसी तस्वीर साझा की, जिसने फैंस के बीच उत्साह पैदा कर दिया। इस तस्वीर में वह जाने-माने उद्योगपति परिवार के सदस्य अनंत अंबानी के साथ एक बेहद मजेदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। सलमान खान द्वारा पोस्ट की गई तस्वीर में वह अनंत अंबानी की पीठ पर चढ़े हुए दिखाई दे रहे हैं और दोनों के चेहरे पर खुशी साफ नजर आ रही है। फोटो में उनके बीच की दोस्ती साफ झलक रही है। सलमान खान ने इस तस्वीर के साथ कैप्शन में लिखा, ''यह बात सुनो, अगर याददाश्त कमजोर हो तो लिख लो, यह आदमी देश को भी उठाएगा।'' पोस्ट में सलमान खान ने आगे अनंत को अपना छोटा भाई बताया और उनके लंबे जीवन की कामना की। उन्होंने लिखा, ''मेरे छोटे भाई अनंत अमर रहे। वह दिल और दिमाग दोनों से बहुत मजबूत इंसान हैं और एक बेहद सच्चे स्वभाव वाला व्यक्ति हैं।''इस पोस्ट के सामने आने के बाद फैंस और सोशल मीडिया यूजर्स की प्रतिक्रियाएं भी काफी दिलचस्प रही। एक यूजर ने लिखा, 'सलमान और अनंत... दोनों की बॉन्डिंग कमाल की लग रही है।''दूसरे यूजर ने लिखा, 'सलमान सर, आपने जो भरोसा अनंत अंबानी पर दिखाया है, वो आपके भाईचारे को बयां करता है।' अन्य यूजर्स ने लिखा, 'भाईजान, आप हमेशा दिल जीत लेते हो', 'सल्लू भाई का स्वैग अलग ही लेवल का है', 'कितने क्यूट लग रहे हो आप दोनों, सच में, बहुत फनी मोमेंट है।'

## फिल्म है जवानी तो इश्क होना है से सामने आई वरुण-मृणाल की झलक

वरुण धवन और मृणाल ठाकुर अपनी अपकमिंग रोमांटिक-कॉमेडी फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' की नई झलक को लेकर दर्शकों के बीच चर्चा में हैं। पूजा हेगड़े के साथ फिल्म का फर्स्ट लुक जारी करने के एक दिन बाद मेकर्स ने अब वरुण और मृणाल की तस्वीर पोस्ट की, जिसमें दोनों की बॉन्डिंग काफी पसंद की जा रही है। मेकर्स के अलावा दोनों एक्टर्स ने इंस्टाग्राम पर एक खूबसूरत तस्वीर पोस्ट की है। इस तस्वीर में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर को गले लगाते और रोमांटिक पोज देते नजर आ रहे हैं। दोनों की इस जोड़ी में जबरदस्त केमिस्ट्री दिख रही है। वरुण और मृणाल ने तस्वीर के साथ कैप्शन लिखा ,लेकिन जवानी में इश्क बार-बार होता है। दोनों की साथ वाली तस्वीर को फैंस काफी पसंद कर रहे हैं। उनकी पोस्ट पर कमेंट करते हुए एक यूजर ने लिखा, मृणाल और वरुण को देखने का अब और इंतजार नहीं कर सकता। जबकि दूसरे ने कहा, इनकी केमेस्ट्री तो कमाल की है। वहीं, तीसरे यूजर ने लिखा, इस नई जोड़ी को स्क्रीन पर देखने के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहा हूं। फिल्म की कहानी जवानी, प्यार और उसकी मस्ती पर आधारित है, जिसमें हल्का-फुल्का मनोरंजन और रोमांस का पूरा मिश्रण दिखने की उम्मीद है। फिल्म हंसी-मजाक और रोमांस से भरपूर होने वाली है। फिल्म 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन डायरेक्टर डेविड धवन कर रहे हैं। इसमें वरुण धवन के साथ अभिनेत्री पूजा हेगड़े लीड रोल में हैं। फिल्म में वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े के अलावा मौनी रॉय, चंकी पांडे, मनीष पॉल, जिमी शेरगिल, राकेश बेदी और अली असगर जैसे कलाकार भी अहम किरदार निभाते नजर आएंगे।





## मेकअप में और खराब लगती हूं, नेहा शर्मा ने खुद पर किया मजेदार कमेंट

फिल्मी दुनिया में जहां सितारे अक्सर अपने परफेक्ट लुक और ग्लैमरस अंदाज के लिए जाने जाते हैं। वहीं कई बार वही सितारे अपने फैंस के सामने अपनी असलियत भी खुलकर रखते नजर आते हैं। इसी कड़ी में बॉलीवुड अभिनेत्री नेहा शर्मा ने शुक्रवार को एक ऐसा बयान दिया, जिसने फैंस को भी हैरान कर दिया। नेहा शर्मा ने अपने इंस्टाग्राम स्टोरी पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वह मेकअप किए हुए नजर आ रही हैं। वीडियो में वह अपने बालों को फ्लिप करते हुए अपने लुक को दिखा रही हैं। आमतौर पर जहां सेलेब्रिटीज अपने मेकअप लुक की तारीफ करते हैं। वहीं नेहा ने इस बार बिल्कुल अलग अंदाज अपनाया। वीडियो के साथ उन्होंने बेहद ईमानदारी से लिखा, ''मुझे अपने बाल और मेकअप ठीक से करना नहीं आता। मुझे इस स्किल को सीखने की जरूरत है, ताकि मैं खुद को बेहतर तरीके से प्रजेंट कर सकूं।''


इतना ही नहीं, नेहा ने अपने मेकअप लुक पर मजाकिया अंदाज में सवाल भी उठाया। उन्होंने लिखा, क्या मैं ही अकेली लड़की हूं जिसे लगता है कि मेकअप के साथ मैं और भी खराब दिखती हूं?

नेहा शर्मा की बात करें तो उन्हें कुकिंग, म्यूजिक सुनना, किताबें पढ़ना और डांस करना बेहद पसंद है। नेहा ने भारतीय शास्त्रीय नृत्य कथक की ट्रेनिंग ली है और इसके अलावा, उन्होंने लंदन के पाइनएप्पल डांस स्टूडियो से स्ट्रीट हिप-हॉप, सालसा, मेरेंग्यू, जाइव और जैज जैसे कई वेस्टर्न डांस फॉर्म भी सीखे हैं।

फिल्मों की बात करें तो उन्होंने 2007 में तेलुगु फिल्म 'चिरुथा' से करियर शुरू किया और बाद में 'क्रूक', 'क्या सुपर कूल हैं हम', 'यमला पगला दीवाना 2', 'तान्हाजी' और 'जोगीरा सारा रा रा' जैसी फिल्मों में नजर आईं। इसके अलावा, वह 'इल्लिगल' जैसी वेब सीरीज और कई म्यूजिक वीडियोज में भी अपनी मौजूदगी दर्ज करा चुकी हैं।

# 'टटीरी' विवाद के बाद बादशाह ने गाने को नए अंदाज में रिलीज करने की घोषणा

पंजाबी सिंगर और रैपर बादशाह का विवादित सॉन्ग 'टटीरी' को अश्लील लिरिक्स की वजह से सारे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म से हटा दिया गया था। सिंगर ने गलती को मानते हुए माफी भी मांग ली थी, लेकिन अब सिंगर इसी गाने के साथ दोबारा दर्शकों के दिलों में हरियाणा की लोकल और लोक संगीत की झलक दिखाने के लिए तैयार हैं। बादशाह ने बदलावों के साथ 'टटीरी' गाने को दोबारा रिलीज करने की घोषणा की है और नए टाइटल की घोषणा भी की है। सिंगर बादशाह ने सोशल मीडिया के जरिए 'टटीरी' को 'टटीरी फिर से' के रूप में रिलीज करने की घोषणा की है। सिंगर ने गाने के साथ सभी की भावनाओं का सम्मान करने की भी बात कही है और सभी को भरोसा दिलाया है कि जिन कारणों से हरियाणा और देश की भावनाओं को ठेस पहुंची थी, वो दोबारा नहीं होगा। गाना 14 अप्रैल को दोबारा यूट्यूब पर रिलीज किया जाएगा।



सिंगर ने इंस्टाग्राम पर गाने की झलक शेयर करते हुए लिखा, पिछले कुछ हफ्तों में हमने अपने गीत 'टटीरी' को लेकर सरकारी अधिकारियों, महिला आयोग, समाजसेवियों और हमारी संस्कृति की परवाह करने वाले कई लोगों की बातों को सुना है। उसी के आधार पर हमने गाने में जरूरी बदलाव किए हैं और जो भी हिस्सा अपमानजनक माना गया, उसे हटा दिया है। मैं इस प्रतिक्रिया और उसके पीछे की भावना का सम्मान करता हूं। एक कलाकार होने के साथ-साथ, अपनी समाज और संस्कृति के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी उतनी ही अहम है।

उन्होंने लिखा, टटीरी फिर से उसी सफर का अगला कदम है। आपका साथ, आपकी आवाज और आपका विश्वास ही है, जिसने इस गाने को जिंदा रखा है। उम्मीद है इसका नया रूप वही ऊर्जा और वही सम्मान लेकर चलेगा। गाना 14 अप्रैल को आधिकारिक तरीके से रिलीज किया जाएगा। ऐसा लग रहा है कि गाने में बदलाव के साथ सिंगर ने गाने के टाइटल में भी बदलाव करना सही समझा है। हाल ही में सिंगर को राष्ट्रीय महिला आयोग के सामने पेश होना पड़ा था और उन्होंने अपनी गलतियों की माफी मांगते हुए कुछ बच्चियों की शिक्षा का भार अपने कंधों पर लिया है।

# हमारी सरकार कृषि का सुदृढ़ इकोसिस्टम विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित : भजनलाल शर्मा



**जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि अन्नदाता किसान मजबूत होगा तो देश-प्रदेश आगे बढ़ेगा। हमारी सरकार राज्य के किसानों की आय बढ़ाने के लिए कृषि का सुदृढ़ इकोसिस्टम विकसित करने के लिए कृतसंकल्पित है। इसी क्रम में जयपुर में 23 से 25 मई तक आयोजित होने वाले ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक मीट (ग्राम 2026) में प्रदेशभर के किसानों को खेती के नवीनतम आधुनिक तरीकों की जानकारी मिलेगी। साथ ही, उन्हें वैश्विक स्तर आधारित कृषि प्रणालियों को समझने और अपनाने का अवसर मिलेगा। उन्होंने कहा कि ग्राम के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए 15 अप्रैल से ग्राम पंचायत स्तर पर किसान कल्याण से जुड़ी योजनाओं को लेकर रथ भेजे जाएंगे, जिससे किसान लाभान्वित हो सकें। इसमें सुझाव पेटिका भी रखी जाएगी, जिससे किसान योजन-ाओं से जुड़े अपने सुझाव भी दे सकें। शर्मा गुरुवार को राज्य ग्लोबल राजस्थान एग्रीटेक (ग्राम 2026) मीट के कर्टेन रेज़र कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि ग्राम-2026 एक ऐसा मंच होगा जहां किसान, वैज्ञानिक, निवेशक और नीति निर्माता मिलकर किसानों के सशक्तिकरण के लिए संवाद करेंगे। इस मीट के माध्यम से कृषि और उससे जुड़े सेक्टर्स पर एकेडेमिक-संस्थागत एवं विशेषज्ञों के अनुभव का लाभ प्रदेश के किसानों को मिल पाएगा। उन्होंने कहा कि हाल ही में केन्द्र सरकार द्वारा जयपुर में पश्चिमी क्षेत्रीय जोनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया था, जिसके माध्यम से कृषि उत्पादन, जल प्रबंधन, फसल सुरक्षा और प्राकृतिक खेती जैसे विषयों पर गहन चर्चा की गई थी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा राज्य बाजरा, सरसों, तिलहन, जौ तथा ग्वार में प्रथम, मूंग तथा मूंगफली के उत्पादन में द्वितीय तथा सोयाबीन के उत्पादन में तृतीय स्थान पर है। उन्होंने कहा कि किसानों को वैज्ञानिक तरीके से खेती करते हुए रासायनिक उर्वरकों का सीमित उपयोग करना चाहिए तथा मृदा परीक्षण के आधार पर खेती अपनानी चाहिए, ताकि भूमि की उर्वरता भविष्य के लिए सुरक्षित रह सके। साथ ही, उन्होंने जल संरक्षण के लिए फव्वारा (स्प्रिंकलर) जैसी आधुनिक सिंचाई तकनीकों को अपनाने पर भी जोर दिया।

शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार किसानों के सशक्तिकरण के लिए निरन्तर निर्णय ले रही है। अब तक राज्यभर में 4 लाख 80 हजार हेक्टेयर क्षेत्रफल में सूक्ष्म सिंचाई संयंत्र स्थापित करवाए जा चुके है। साथ ही, नहरी जल के संग्रहण के लिए कुल 12 हजार 476 डिग्गियों का निर्माण तथा कुल 32 हजार 918 किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन लगाई जा चुकी है। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री मंगला पशु बीमा योजना के माध्यम से 12 लाख से अधिक पशुओं की निःशुल्क बीमा पॉलिसी जारी की गई है। 1962 मोबाइल वेटरिनरी सेवाएं तथा 536 मोबाइल वाहनों द्वारा करीब 60 लाख पशुओं का उपचार कर 15 लाख से अधिक पशुपालकों को लाभान्वित किया गया है। साथ ही, मुख्यमंत्री दुग्ध उत्पादक संबल योजना के तहत हमारी सरकार द्वारा दुग्ध उत्पादकों के आर्थिक स्तर में वृद्धि करने के उद्देश्य से 5 रुपये प्रति लीटर प्रत्यक्ष आर्थिक प्रोत्साहन दिया जा रहा है।

राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट का आयोजन किया, जिसके तहत राज्य के कृषि क्षेत्र में निवेश के लिए लगभग 43 हजार करोड़ रूपये से अधिक के 2 हजार 539 एमओयू हुए। उन्होंने कहा कि केन्द्र सरकार द्वारा संचालित प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के अंतर्गत किसानों को 6000 रुपये की राशि दी जा रही है। इस सम्मान निधि के साथ ही, हमारी सरकार द्वारा मुख्यमंत्री किसान सम्मान निधि योजना लागू की गई है। जिसके तहत किसानों को 3000 रुपये अतिरिक्त राशि प्रदान की जा रही है। जिसे आगामी समय में 12 हजार तक किया जाएगा।

## भजनलाल शर्मा ने पुलिस मुख्यालय से 42 महिला पीसीआर वैन को दिखाई हरी झण्डी

**जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने शुक्रवार को पुलिस मुख्यालय से महिला सुरक्षा को समर्पित 42 पीसीआर वैन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार महिला सुरक्षा हैल्पलाइन 1090 को निरन्तर मजबूत बना रही है। शर्मा ने कहा कि महिलाओं के विरूद्ध अपराधों एवं घटनाओं पर त्वरित कार्यवाही के लिए राजस्थान पुलिस को आवश्यक आधुनिक संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। इसी क्रम में यह महिला पीसीआर वैन 24 घण्टे महिलाओं की सहायता के लिए काम करेंगी। उल्लेखनीय है कि इन सभी वाहन टीम को अभय कमाण्ड सेंटर से जोड़ा जायेगा, जो कि पहले से संचालित डायल 112 की तर्ज पर कार्य करेगी। इसके लिए प्रत्येक वाहन में मोबाइल डाटा टर्मिनल (एमडीटी) स्थापित किया गया है। अभय कमाण्ड सेंटर से एमडीटी को मिले निर्देशों पर अपराध एवं घटना के विरूद्ध प्रभावी तथा त्वरित कार्यवाही संभव होगी। इन वाहनों में अन्य महत्वपूर्ण उपकरणों के तहत जीपीएस, फोल्डिंग स्ट्रेचर एवं एलईडी लाइट बार को भी उपलब्ध करवाया गया है।

महिला सुरक्षा हैल्पलाइन 1090 महिलाओं को आपातकालीन स्थिति जैसे उत्पीड़न, शोषण और हिंसा के मामलों में सहायता प्रदान करती है। यह हैल्पलाइन महिलाओं के लिए सुरक्षित एवं सशक्त वातावरण उपलब्ध कराने में प्रभावी तरीके से कार्य कर रही है।

## फर्जी दस्तावेजों से नौकरी पाने वालों पर गिरेगी गाज : मदन दिलावर

**जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** शिक्षा एवं पंचायती राज मंत्री मदन दिलावर ने कहा है कि पंचायती राज विभाग में फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल करके नियुक्तियां हासिल करने वाले व्यक्तियों के मामलों की विस्तृत जांच चल रही है। उन्होंने कहा कि दोषी पाए जाने वाले सभी कर्मचारियों को बर्खास्त कर दिया जाएगा और उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान समूह इस मामले की व्यापक जांच कर रहा है और जांच के निष्कर्षों के आधार पर जल्द ही आगे की कार्रवाई की जाएगी।

मदन दिलावर शुक्रवार को कोटा के धरणीधर गार्डन में पंचायती राज विभाग के मंत्रिस्तरीय कर्मचारी संघ द्वारा आयोजित अभिनंदन समारोह में मंत्रिस्तरीय कर्मचारियों को संबोधित कर रहे थे।

प्रशासनिक सुधारों पर प्रकाश डालते हुए मंत्री ने कहा कि पदभार ग्रहण करने के तुरंत बाद उन्होंने सभी विभागों में लंबित पदोन्नतियों में तेजी लाने के निर्देश जारी किए। परिणामस्वरूप, शिक्षा विभाग में 50,000 से अधिक पदोन्नतियां पूरी हो चुकी हैं, जबकि शेष 25,000 पदोन्नतियां प्रक्रियाधीन हैं।

उन्होंने आगे कहा कि पंचायती राज विभाग में भी सभी कैडरों में पदोन्नतियां की जा रही हैं।

उन्होंने आगे बताया कि विभागीय पदोन्नति समिति ने हाल ही में 750 मंत्रालयी कर्मचारियों की पदोन्नति को मंजूरी दे दी है और इसी तरह की प्रक्रिया अन्य विभागों में भी लागू की जा रही है। संस्कृत शिक्षा विभाग में सभी श्रेणियों में पदोन्नति पूरी हो चुकी है।

मंत्री ने यह भी घोषणा की कि कर्मचारियों की लंबे समय से लंबित मांगों के जवाब में पंचायती राज विभाग में एक कैडर समीक्षा की जाएगी।

उन्होंने आश्वासन दिया कि जयपुर पहुंचने के बाद, मैं अधिकारियों को इस मांग को पूरा करने के लिए आवश्यक निर्देश जारी करूंगा।

## पोषण पखवाड़ा में इस बार भी राजस्थान को मिले प्रथम स्थान: दिया कुमारी



**जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके निर्देशन में राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा तथा पोषण माह के नियमित आयोजनों से 06 वर्ष तक के बच्चों के पोषण के प्रति जागृकता का वातावरण तैयार हुआ है। उन्होंने कहा कि बच्चों के जीवन के पहले 6 साल सबसे महत्वपूर्ण होते हैं। इस दौरान सही पोषण और देखभाल के लिए पूरे समुदाय की भागीदारी जरूरी है, सही पोषण से ही देश रोशन होगा। उन्होंने कहा कि पोषण पखवाड़ा में इस बार भी राजस्थान को प्रथम स्थान मिले इसके लिए आईसीडीएस को कड़ी मेहनत करनी होगी। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने अष्टम राष्ट्रीय पोषण पखवाड़ा के दूसरे दिन शुक्रवार को जयपुर के विद्याधर नगर सेक्टर-4 स्थित जेपी कॉलोनी, वार्ड 24 की आंगनबाड़ी केन्द्र पर आयोजित पोषण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उक्त विचार व्यक्त किये।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जो बच्चें आज जन्म ले रहे हैं वो 2047 तक पूर्ण युवा हो जाएंगे। यदि उन बच्चों को सही पोषण शिक्षा और स्वास्थ्य प्रदान किया जाए तो 2047 में जब ये युवा होकर देश का नेतृत्व करेंगे तो देश का भविष्य निश्चित ही सुरक्षित और मज़बूत हाथों में होगा और देश दुनिया में अपनी अलग पहचान कायम कर सकेगा।

दिया कुमारी ने कहा कि बच्चों के पोषण के प्रति जागरूकता लाने के लिए ही यह 9 अप्रैल से 23 अप्रैल तक भारत सरकार और राज्य सरकार की ओर से आँगनबाड़ी केंद्रों पर आठवां पोषण पखवाड़ा मनाया जा रहा है। उन्होंने आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि आप लोग पोषण दूत हैं। आपके द्वारा ममतामयी व्यवहार और कार्यों के सम्पादन से आंगनबाड़ियों पर आने वाले बच्चों को बेहतर पोषण मिलता है। आपके द्वारा बच्चों को खेल-खेल में सिखा कर शाला पूर्व शिक्षा के माध्यम से पोषण, शिक्षा एवं स्वास्थ्य प्रदान किये जाने का पुनित कार्य प्रशंसनीय है।

दिया कुमारी ने कहा कि आईसीडीएस (निदेशालय समेकित बाल विकास सेवाएं) की टीम अच्छा काम कर रही है इसी का सुपरिणाम है कि सितम्बर 2025 में आयोजित राष्ट्रीय पोषण माह में राजस्थान ने दूसरा स्थान प्राप्त किया, वहीं सक्षम पोषण पखवाड़ा में राजस्थान को पहला स्थान मिला। उन्होंने कहा कि हमें हमारी इस पिछली सफलता को दोहराते हुए इस वर्ष फिर से राजस्थान को अव्वल लाने के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी।

उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने इस अवसर पर उपस्थित आंगबाड़ी कार्यकर्ताओं और आम महिलाओं को पोषण की शपथ दिलवाई वहीं उन्होंने नवचेतन मार्गदर्शिका का विमोचन भी किया।

## जर्जर विद्यालय भवनों की मरम्मत मानसून से पहले पूर्ण करें: राजेश यादव



**जयपुर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** अतिरिक्त मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा राजेश यादव ने शुक्रवार को शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं, गतिविधियों व बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने प्रदेश के मरम्मत योग्य जर्जर विद्यालय भवनों का मरम्मत कार्य मानसून से पूर्व पूर्ण करने के निर्देश दिए। साथ ही नवीन विद्यालय भवनों के निर्माण की कार्ययोजना शीघ्र बनाने को कहा। यादव ने बैठक में समग्र शिक्षा, स्टार्स, पीएम श्री योजना, निशुल्क यूनिफॉर्म डीबीटी, आईसीटी लैब, टैबलेट वितरण, ज्ञान संकल्प, मुख्यमंत्री विद्यादान कोष, ब्रेल पाठ्यपुस्तकें, विशेष शिक्षक, अटल टिंकरिंग लैब, केजीबीवी, बाल वाटिका, कम्पोजिट स्कूल ग्रांट, ट्रांसपोर्ट वाउचर, वोकेशनल टीचर सहित अन्य बिंदुओं की समीक्षा की व आवश्यक दिशानिर्देश दिए। उन्होंने राजस्थान राज्य पाठ्यपुस्तक मंडल, राजस्थान स्टेट ओपन स्कूल व मिड डे मील के साथ ही भाषा व पुस्तकालय विभाग के विभिन्न मामलों की भी समीक्षा की।

## पांच करोड़ की धोखाधड़ी के 23 वारंटों में फरार आरोपी भोपाल से गिरफ्तार

**अलवर, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** अलवर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल करते हुए एनआई एक्ट के करोड़ों रुपये के मामलों में पिछले 11 साल से फरार चल रहे एक शातिर अपराधी को मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक सुधीर चौधरी के निर्देशन में चलाए जा रहे वांछित अपराधियों की धरपकड़ अभियान के तहत अरावली विहार थाना पुलिस ने एक बड़ी सफलता अर्जित की है। पुलिस ने मोतीलाल भार्गव पुत्र रामस्वरूप निवासी अल्कापुरी थाना अरावली विहार अलवर हाल निशांतपुरी भोपाल नाम को गिरफ्तार किया है, जो करीब 5 करोड़ रुपये की राशि के चेक बाउंस मामलों और अन्य धोखाधड़ी के कुल 23 स्थाई वारंटों में वर्ष 2015 से फरार चल रहा था।

## भुगतान और बारिश से नुकसान की भरपाई में देरी : दुष्यंत चौटाला

**चंडीगढ़, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** हरियाणा के पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला ने कहा है कि आज भाजपा सरकार की नाकामियों की वजह से प्रदेश के किसान प्रताड़ित हो रहे है। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा न तो समय पर फसल खरीद की व्यवस्था की गई और न ही फसल खराबे पर किसानों की राहत के लिए कोई कदम उठाए जा रहे है। दुष्यंत चौटाला ने मुख्यमंत्री नायब सैनी द्वारा फसल खरीद के दिए आंकड़ों को दोहराते हुए भाजपा सरकार को घेरा और कहा कि सीएम को ये भी पता नहीं है कि खरीद, उठान, भुगतान प्रक्रिया कैसे चल रही है? वे शुक्रवार को पंचकूला में आयोजित एक महत्वपूर्ण प्रेस वार्ता को संबोधित कर रहे थे। पूर्व डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि आज मुख्यमंत्री द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार प्रदेश की मंडियों में 17 लाख 37 हजार मीट्रिक गेहूं की आवक में से तीन लाख 92 हजार मीट्रिक टन गेहूं की सरकारी खरीद हुई है और इसके लिए अब तक 13 करोड़ रुपए ही किसानों को भुगतान के तौर पर दिए गए है। दुष्यंत चौटाला ने आगे कहा कि अगर तीन लाख 92 हजार मीट्रिक टन गेहूं के कुल भुगतान के पैसे की बात करें तो यह 1030 करोड़ रुपए बनते है, यानी कि सरकार अभी तक एक प्रतिशत से भी कम किसानों का भुगतान कर पाई है। उन्होंने कहा कि ये दर्शाता है कि अभी तक तो सरकार मंडियों में बायोमेट्रिक, बारदाना की भी व्यवस्था नहीं कर पाई है, उठान और भुगतान तो दूर की बात है। वहीं दूसरी तरफ मुख्यमंत्री द्वारा ये कहना कि बेमौसमी बरसात के चलते मुआवजा के लिए चार जिलों में आदेश दिए गए है, ये दर्शाता है कि सरकार किसानों को मुआवजा देने में भेदभाव करने की सोच रखती है और सीएम का पूरे प्रदेश पर ध्यान नहीं है। दुष्यंत ने कहा कि बेमौसमी बरसात से लगभग पूरे हरियाणा में सरसों और गेहूं की फसल को खासा नुकसान पहुंचा है। उन्होंने कहा कि सिरसा, फतेहाबाद, भिवानी में ओलावृष्टि तथा हिसार, हांसी, यमुनानगर, पंचकूला, अंबाला आदि जिलों में भारी बरसात होने से फसल खराबा हुआ है। साथ ही दुष्यंत चौटाला ने हैरानी जताते हुए कहा कि अभी तक सरकार ने लस्टर लॉस की भरपाई के लिए केंद्र से आग्रह ही नहीं किया है। उन्होंने कहा कि सरकार को खरीद प्रक्रिया पर ध्यान देना चाहिए और किसानों राहत पहुंचानी चाहिए। हरियाणा में एक के बाद एक प्राइवेट बैंकों के जरिए सैकड़ों करोड़ों रुपए के सरकारी फंड के गबन करने के मामलों पर दुष्यंत चौटाला ने कहा कि राजनीतिक संरक्षण के बिना इतने बड़े-बड़े घोटाले संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि सीएम ये तो कहते है कि पैसा वापस आ जाएगा, लेकिन ये नहीं कहते कि जिन्होंने घोटाला किया वे सलाखों के पीछे होंगे। उन्होंने कहा कि जेजेपी ने 24 फरवरी को देश के प्रधानमंत्री को पत्र लिखकर सीबीआई जांच की मांग उठाई थी, लेकिन हैरानी की बात है कि 25 मार्च तक सीएम ने सरकारी खजाने को नुकसान पहुंचाने वाले चोरों को बचाने का काम किया और राज्य सतर्कता ब्यूरो ही जांच करता रहा। दुष्यंत चौटाला ने प्रश्न करते हुए कहा कि इस गंभीर मामले को लेकर सीएम स्पष्टीकरण दें कि क्या इस मामले में भाजपा से जुड़े पदाधिकारी शामिल है ? उन्होंने कहा कि चर्चा में सामने आ रहा है कि भाजपा के कुछ वरिष्ठ नेता इस घोटाले में शामिल है।

## 2047 तक विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में युवा जनप्रतिनिधियों की भूमिका अहम : हरविन्द्र



**चंडीगढ़, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने शुक्रवार को राष्ट्रमंडल संसदीय संघ (सीपीए) के भारत क्षेत्र के जोन-7 (वेस्ट जोन) के सम्मेलन को संबोधित किया। यह सम्मेलन 8 से 10 अप्रैल तक गोवा की राजधानी पणजी में आयोजित किया गया। विस अध्यक्ष ने शुक्रवार को '2047 तक विकसित भारत के लक्ष्यों को प्राप्त करने में युवा विधायकों की भूमिका' विषय पर व्याख्यान दिया। इस अवसर पर गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू, लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला, गोवा विधान सभा अध्यक्ष डॉ. गणेश चंद्रु गाओंकर समेत अनेक विशिष्ट हस्तियां मौजूद रहीं। सम्मेलन को संबोधित करते हुए विस अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने कहा कि जहां हरियाणा की वीर धरती पर कर्म को प्रधानता दी गई है, वहीं गोवा को आजादी के लंबे संघर्ष के लिए याद किया जाता है। उन्होंने कहा कि गोवा ने पुर्तगाली शासन से मुक्ति और फिर भारतीय लोकतंत्र की मुख्यधारा में विलय तक की गौरवाशाली यात्रा की है।

विस अध्यक्ष ने कहा कि सीपीए के भारत रीजन का जोन-7 सम्मेलन हमारे लोकतंत्र की जड़ों को और गहरा करने का अनुष्ठान है। इस दौरान उन्होंने लोक सभा अध्यक्ष ओम बिरला की ओर से संसदीय परंपराओं को सुदृढ़ करने में उनके द्वारा किए जा रहे प्रयासों का भी विशेष उल्लेख किया।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत 2047' के विजन को साकार करने में युवा जनप्रतिनिधियों की भूमिका सबसे ज्यादा रहने वाली है। इस सम्मेलन में हो रहा विचार - विमर्श इस दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। विस अध्यक्ष कल्याण ने कहा कि लोकतंत्र हमारे लिए केवल शासन चलाने की प्रणाली नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक मूलभूत तरीका है। स्वतंत्रता हमें सहज रूप से प्राप्त नहीं हुई। आज जब हम सदन में बैठते हैं, तो उस त्याग और संघर्ष की भावना को अपने भीतर जीवित रखना आवश्यक है। आजादी के 'अमृत काल' में आगे बढ़ने का आह्वान करते हुए कल्याण ने कहा कि हमें व नई पीढ़ी को संघर्ष और बलिदान को गहराई से समझना होगा। युवा जनप्रतिनिधियों की भूमिका केवल सदन व समितियों में उपस्थिति दर्ज कराने तक सीमित नहीं होनी चाहिए।

## एमएसपी पर खरीद में देरी से किसानों की बढ़ती परेशानी : कुमारी सैलजा



**चंडीगढ़, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** सिरसा की सांसद, पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की महासचिव ने हरियाणा में एमएसपी पर गेहूं की सरकारी खरीद की मौजूदा स्थिति पर गंभीर चिंता जताते हुए कहा है कि खरीद में देरी और अव्यवस्था के कारण किसानों की परेशानियां लगातार बढ़ रही हैं और तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि बेमौसम बारिश, तेज आंधी और ओलावृष्टि के कारण प्रदेश के बड़े हिस्से में खड़ी फसल को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे किसानों की आय पर सीधा असर पड़ा है। इसके साथ ही मंडियों में खरीद प्रक्रिया में देरी और अव्यवस्था ने किसानों की मुश्किलों को और बढ़ा दिया है। उन्होंने बताया कि सरकारी घोषणाओं के बावजूद जमीनी स्तर पर खरीद व्यवस्था अभी तक पूरी तरह सुचारु नहीं हो पाई है। मंडियों में अपनी फसल लेकर पहुंच रहे किसानों को लंबा इंतजार करना पड़ रहा है, जहां उन्हें अव्यवस्थागत कमियों, लॉजिस्टिक समस्याओं और अपर्याप्त इंतजामों का सामना करना पड़ रहा है।

## डबल इंजन सरकार महिला सशक्तिकरण और आर्थिक विकास के लिए कर रही है काम: सैनी



**चंडीगढ़, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज विभिन्न सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के तहत लाभार्थियों के खातों में 1665 करोड़ 25 लाख रुपये की राशि डीबीटी के माध्यम से सीधे हस्तांतरित की है। इसमें 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना, 15 तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजना, दयालु योजना और अनुसूचित जाति वर्ग के किसानों को ट्रैक्टर सब्सिडी शामिल है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हरियाणा निवास में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के संकल्प के अनुरूप डबल इंजन की सरकार महिला सशक्तिकरण और उनके आर्थिक विकास के लिए लगातार काम कर रही है। इस दौरान सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण कुमार बेदी भी उपस्थित थे। उन्होंने कहा कि आज 'दीन दयाल लाडो लक्ष्मी' योजना की छठी किस्त जारी की है। इस योजना के तहत 9 लाख 68 हजार लाभार्थी महिलाओं के खातों में 203 करोड़ 28 लाख रुपये की राशि डाली गई है। इसे मिलाकर अब तक 6 किस्तों में 1,038 करोड़ 5 लाख रुपये की राशि जारी की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि बजट में लाडो लक्ष्मी योजना के लिए 6 हजार 500 करोड़ रुपये का प्रावधान भी किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि 15 तरह की सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं के तहत भी 1144 करोड़ 55 लाख रुपये की राशि सीधे 35 लाख 55 हजार 187 लाभार्थियों के खातों में डाली गई है। इनमें वृद्धावस्था सम्मान भत्ता और दिव्यांगजन भत्ता और अन्य सामाजिक सुरक्षा पेंशन शामिल हैं।उन्होंने विपक्ष पर कटाक्ष करते हुए कहा कि कांग्रेस के समय में तो 6-6 महीने और 1-1 साल तक पेंशन ही नहीं बनती थी, और अगर बनती भी थी तो उसमें भ्रष्टाचार होता था। लेकिन हमारी सरकार ने व्यवस्था परिवर्तन करते हुए 'प्रो-एक्टिव मॉडल' को अपनाया है। इसके तहत परिवार पहचान पत्र डेटाबेस के आधार पर पात्रता स्वयं निर्धारित होती है और पात्र नागरिकों को बिना दफ्तरों के चक्कर काटे, बिना आवेदन किए घर बैठे ही भत्ते का लाभ मिल रहा है।

खबरें जो सोच बदल दे शुभ लाभ हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

संपादकीय

# 1600 ईरानी माताओं का दर्द कौन समझे?

पिछले दिनों सोशल मीडिया पर एक मां की प्रार्थना से युद्ध की मानवीय पीड़ा उजागर हुई। अमेरिकी फाइटर पायलट के सकुशल वापसी से बाद से उस मां के चेहरे पर मुस्कान है। लेकिन ईरान में अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए 1600 से अधिक नागरिकों की माताओं का दर्द कौन समझे। सोशल मीडिया पर बीते दिनों एक मां का संदेश आया। वह अपने फाइटर पायलट बेटे के लिए परेशान थीं। उन्होंने (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा - आज की रात प्रार्थनाओं में उन दो F-15 पायलटों को याद रखें, जिनके विमान ईरान में गिरा दिए गए हैं। मां साझा होती हैं और उनकी प्रार्थनाएं सभी पर असर करती हैं। अमेरिका ने तलाशी अभियान चलाकर अपने पायलट बचा लिए, उस मां के बेटे को भी। लेकिन यह सिर्फ एक पहलू है, दूसरी तरफ ईरान की सैकड़ों मां आंसुओं में डूबी हैं।

**अमेरिकी फाइटर पायलट के सकुशल वापसी से बाद से उस मां के चेहरे पर मुस्कान है। लेकिन ईरान में अमेरिकी-इजरायली हमले में मारे गए 1600 से अधिक नागरिकों की माताओं का दर्द कौन समझे। सोशल मीडिया पर बीते दिनों एक मां का संदेश आया। वह अपने फाइटर पायलट बेटे के लिए परेशान थीं। उन्होंने (पूर्व में ट्विटर) पर लिखा - आज की रात प्रार्थनाओं में उन दो F-15 पायलटों को याद रखें, जिनके विमान ईरान में गिरा दिए गए हैं। मां साझा होती हैं और उनकी प्रार्थनाएं सभी पर असर करती हैं। अमेरिका ने तलाशी अभियान चलाकर अपने पायलट बचा लिए, उस मां के बेटे को भी।**

इस युद्ध में अब तक साढ़े तीन हजार से ज्यादा ईरानियों की मौत हो चुकी है। 1600 से अधिक आम नागरिक मारे गए हैं और करीब 250 बच्चे। संघर्ष के पहले ही दिन तेहरान के पास मिनाब में एक स्कूल पर अमेरिकी मिसाइल गिरी, जिसमें सौ से ज्यादा बच्चों की जान चली गई। ईरान की जिन मां ने अपने बच्चों को गंवाया है, क्या उनके दुख की कल्पना भी की जा सकती है! फिर पश्चिम एशिया के उन लोगों की भी सोचिए, जो बमों-मिसाइलों के धमाकों की दहशत में दिन-रात गुजार रहे हैं। कहीं यह युद्ध उन्हें हमेशा के लिए बदल न दे। अमेरिका और इस्राइल इस युद्ध को जरूरी बता रहे हैं, पर यह झूठ है। युद्ध से कोई समाधान नहीं निकलता। हिंसा हमेशा प्रतिहिंसा को जन्म देती है, जिसमें मानवता की आहूति दी जाती है। युद्ध से फायदा होता है तो सिर्फ हथियार बेचने वाली कंपनियों को और उन सत्ताधीशों को, जो इसकी आड़ में राष्ट्रवाद का ज्वार बढ़ाकर अपनी सत्ता बचाने की कोशिश करते हैं। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी हिंसा का हमेशा इसलिए विरोध करते थे, क्योंकि उनके मुताबिक, अगर इससे कुछ अच्छा दिखता भी है, तो वह अस्थायी होता है, लेकिन उसका बुरा असर स्थायी। युद्ध इसलिए भी कभी जरूरी नहीं हो सकता, क्योंकि उसके पीछे छूट जाते हैं दुख, प्रतिशोध, अशांति और तबाही। इनसे उबरने में बरसों लग जाते हैं। अगर रूस-यूक्रेन युद्ध की बात करें तो उसमें जितना नुकसान यूक्रेन के इन्फ्रास्ट्रक्चर को हुआ है, उसे दोबारा खड़ा करने में करीब 600 अरब डॉलर लगेंगे। एक करोड़ यूक्रेन वासियों को अपना घर छोड़ना पड़ा है, 60 लाख तो देश ही छोड़कर चले गए। इस युद्ध ने भी कई माताओं की गोद सूनी कर दी है। पश्चिम एशिया और यूक्रेन युद्ध को लेकर भारत ने हमेशा शांति की वकालत की है।

संसद का निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा

# सब मिलकर करें नारी शक्ति को सशक्त: प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी

**आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह अवसर समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के नए रूप में सामने आएगा। यह ऐसा समय है, जब संसद को एक ऐसा कदम बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा।**

पीएम नरेंद्र मोदी। 21वीं सदी की विकास यात्रा में भारत एक महत्वपूर्ण और ऐतिहासिक क्षण की ओर बढ़ रहा है। आने वाले दिनों में हम अपने लोकतंत्र को और मजबूत करने वाली एक बड़ी पहल के साक्षी बनने वाले हैं। यह अवसर समानता, समावेशन और जनभागीदारी के प्रति हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता के नए रूप में सामने आएगा। यह ऐसा समय है, जब संसद को एक ऐसा कदम बढ़ाना है, जो हमारे लोकतंत्र को अधिक व्यापक एवं और अधिक प्रतिनिधिक बनाए। संसद का निर्णय महिलाओं की राजनीतिक भागीदारी को नई शक्ति देगा और लोकसभा और विधानसभाओं में उनका उचित स्थान सुनिश्चित करेगा। यह क्षण इसलिए भी विशेष है, क्योंकि यह तब आ रहा है, जब देश का वातावरण उत्सव, नवीनता और सकारात्मकता से भरा हुआ है।

आने वाले दिनों में असम में रोंगाली बिहू, ओडिशा में महा बिशुबा पणा संक्रांति, पश्चिम बंगाल में पोइला बैशाख के साथ बंगाली नववर्ष की शुरूआत होगी और केरलम में विषु पूरे उत्साह से मनाया जाएगा। तमिलनाडु के लोग उत्सुकता से पुथांडु की प्रतीक्षा कर रहे हैं, तो पंजाब और उत्तर भारत में बैसाखी का। मैं कामना करता हूं कि ये दिव्य और पावन पर्व हम सभी के जीवन में सुख-समृद्धि लेकर आएं। इसी दौरान 11 अप्रैल से महात्मा फुले की 200वीं जयंती के समारोह शुरू होंगे। 14 अप्रैल को हम डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की जयंती मनाएंगे। ये दोनों तिथियां हमें सामाजिक न्याय और मानवीय गरिमा के उन मूल्यों की भी याद दिलाती हैं, जिन्होंने आधुनिक होते भारत की दिशा तय की है।

इन्हीं प्रेरणादायी अवसरों के बीच 16 अप्रैल को संसद की ऐतिहासिक बैठक होगी। महिला आरक्षण को लागू करने से जुड़े महत्वपूर्ण विधेयक पर चर्चा के बाद उसे पारित कराने के लिए विशेष सत्र बुलाया गया है। इसे सिर्फ एक विधायी प्रक्रिया कहना इसके महत्व को कम करके आंकना होगा। यह भारत की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। हमारी नारी शक्ति लगभग आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करती है। उसने राष्ट्र निर्माण में अमूल्य योगदान दिया है। आज देश के हर सेक्टर में नारीशक्ति मिसाल बन रही है। साइंस एंड टेक्नोलाजी, उद्यम, सशस्त्र बलों और खेलों के साथ हर क्षेत्र में महिलाएं अपनी सशक्त पहचान बना रही हैं। हमारी माताएं-बहनें और बेटियां देश की प्रगति में अग्रणी भूमिका निभा रही हैं। हमारे पारंपरिक मूल्य बताते हैं कि कोई भी समाज तभी प्रगति करता है, जब माताओं-बहनों को आगे बढ़ने के ज्यादा मौके मिलते हैं। इसी सोच के साथ बीते 11 वर्षों में महिला सशक्तीकरण के लिए निरंतर प्रयास किए गए हैं।

शिक्षा तक बढ़ती पहुंच, बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं, वित्तीय समावेशन में बढ़ोतरी और बुनियादी सुविधाओं तक बेहतर पहुंच ने आर्थिक और सामाजिक जीवन में उनकी भागीदारी को मजबूती दी है, पर इन सारे प्रयासों के बावजूद राजनीति और विधायी संस्थाओं में महिला प्रतिनिधित्व समाज में उनकी भूमिका के अनुरूप नहीं रहा है। इस कमी को अब दूर किया जाना चाहिए, क्योंकि जब महिलाएं प्रशासन चलाने और प्रशासनिक निर्णयों में हिस्सा लेती हैं, तो उनका अनुभव और विजन बहुत काम आता है। इससे चर्चा तो समृद्ध होती ही है, क्वालिटी आफ गवर्नेंस में सुधार भी होता है। महिलाओं की भागीदारी बढ़ाना केवल प्रतिनिधित्व का विषय नहीं है, यह हमारे लोकतंत्र को अधिक संवेदनशील, संतुलित और उत्तरदायी बनाने का प्रयास है। पिछले कई दशकों में लोकतांत्रिक संस्थाओं में महिलाओं को उचित स्थान दिलाने के लिए बार-बार प्रयास हुए। विधेयकों के मसौदे भी प्रस्तुत किए गए, पर वे पारित नहीं हो सके, फिर भी इस पर व्यापक सहमति रही कि विधायी निकायों में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बढ़ना चाहिए। सितंबर 2023 में संसद ने सर्वसम्मति से नारी शक्ति वंदन अधिनियम पारित किया था। यह मेरे जीवन के सबसे विशेष अवसरों में से एक रहा। अब जरूरत है कि 2029 के लोकसभा चुनाव और साथ ही विधानसभा चुनाव महिला आरक्षण के साथ कराए जाएं। महिलाओं के लिए आरक्षण सुनिश्चित करने का यह अवसर संविधान की मूल भावना के साथ गहराई से जुड़ा है। संविधान निमार्ताओं ने एक ऐसे समाज की कल्पना की थी, जहां समानता न केवल संविधान में निहित हो, बल्कि उसे व्यवहार में भी लाया जाए। विधायी संस्थाओं में महिलाओं की भागीदारी सुनिश्चित करना इस परिकल्पना को साकार करने की दिशा में एक अहम कदम है। यह एक ऐसे समाज के निर्माण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का प्रतीक है, जिसमें राष्ट्र का भविष्य तय करने में प्रत्येक नागरिक की समान भूमिका हो। अब इस निर्णय को और टाला नहीं जा सकता। दशकों से इसकी आवश्यकता स्वीकार की गई है। अगर अब भी हम इसे टालते हैं, तो इसका अर्थ होगा कि हम उस असंतुलन को और खींच रहे हैं, जिसे हम पहचानते भी हैं और सुधारने की क्षमता भी रखते हैं।

जब भारत पूरे आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहा है, तब यह जरूरी है कि हमारी संस्थाएं सभी नागरिकों, विशेष रूप से आधी आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली महिलाओं की आकांक्षाओं का सम्मान करें। इससे दशकों पुराना संकल्प पूरा होने के साथ विकास की गति बनाए रखने में भी बहुत मदद मिलेगी। यह हमारे लोकतंत्र को अधिक उत्तरदायी बनाने और भविष्य के अनुरूप तैयार करने की दिशा में एक अहम कदम होगा। यह समय सामूहिक संकल्प का है। यह किसी एक सरकार, दल या व्यक्ति का नहीं, पूरे राष्ट्र का विषय है। हमें मिलकर इसके महत्व को समझना है। महिला आरक्षण बिल पारित कराने के लिए सहमति बहुत जरूरी है। इसे बड़े राष्ट्रीय हित के रूप में देखा जाना चाहिए। ऐसे अवसर हमें याद दिलाते हैं कि कुछ फैसले अपने समय से बड़े होते हैं। वे भावी पीढ़ियों की दिशा तय करते हैं और हमें बताते हैं कि लोकतंत्र की असली ताकत समय के साथ खुद को और अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने की क्षमता में होती है। संसद का ऐतिहासिक सत्र करीब आ चुका है। मैं सभी दलों के सांसदों से नारीशक्ति के लिए इस महत्वपूर्ण कदम का समर्थन करने का आग्रह करता हूं। आइए, हम अपने लोकतंत्र की सर्वोच्च परंपराओं के अनुरूप इसमें अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें।

कुछ अलग

# जिंदगी निगलती भीड़

पिछले दिनों वाराणसी में मोबाइल चोरी के संदेह में एक किशोर की पीट-पीट कर हत्या करने की हृदयविदारक घटना सामने आई। घटना कानून व्यवस्था पर तो सवाल है ही, साथ ही भीड़ की बर्बरता की कहानी भी कहती है। क्या एक बच्चे की जिंदगी मोबाइल से सस्ती है? सवाल समाज की बढ़ती आक्रामकता पर भी है। एक ओर हम समाज में कानून का शासन चाहते हैं, वहीं दूसरी ओर कानून हाथ में लेकर किसी की भी जान लेने पर उतारू हो जाते हैं। निस्संदेह, यदि किसी व्यक्ति की अपराध में शामिल होने की आशंका भी है तो उसे पुलिस को सौंपा जाना चाहिए। उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए। अराजक तरीके से मार-पीटकर किसी की हत्या कर देने का अधिकार भीड़ को कैसे मिल सकता है? सवाल ऐसी घटनाओं पर शेष समाज की उदासीनता का भी है। जब उस किशोर को पीटा जा रहा था तो आसपास से गुजरने वाले लोग क्यों उसे बचाने नहीं आए? हाल के दिनों में महज शक के आधार पर लोगों को मौत के घाट उतारने व घायल करने की घटनाएं आम हो गई हैं। यह हमारे समाज के लिये भी चिंता का विषय है।

देश दुनिया से

# महिला आरक्षण से बदलेगा भारतीय लोकतंत्र का चेहरा

नारी शक्ति वंदन अधिनियम महिलाओं की राजनीति में कम हिस्सेदारी को सुधारने का प्रयास है। आबादी में लगभग आधी हिस्सेदारी के बावजूद संसद और विधानसभाओं में महिलाओं का प्रतिनिधित्व बेहद कम है। लंबे इंतजार के बाद यह कानून लोकतंत्र को संतुलित बनाएगा, नीतियों में महिलाओं की आवाज बढ़ाएगा और राजनीति में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की जनसंख्या में महिलाओं की आबादी 48.5% थी। अनुमान है कि पिछले करीब डेढ़ दशक में इसमें कुछ सुधार ही हुआ होगा, लेकिन जो नहीं बदला, वह है देश की संसद और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) इसी स्थिति को बदलने वाला कानून है और इसके पास व लागू होने में देरी नहीं होनी चाहिए। आंकड़े बताते हैं कि राजनीति में महिलाएं महत्वपूर्ण तो रहीं, पर ज्यादातर वोट बैंक के नजरिये से। उनको उचित प्रतिधिनित्व आज भी नहीं मिल पाया है, जबकि हर क्षेत्र में समान अधिकार की बात की जाती है। मौजूदा लोकसभा में महज 14% महिला सांसद हैं, राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों की विधानसभाओं में तो स्थिति और खराब है - महज 10% महिला विधायक। और जब महिलाओं को मौका ही नहीं मिलेगा, तो यह सुधरेगा कैसे।



**लंबे इंतजार के बाद यह कानून लोकतंत्र को संतुलित बनाएगा, नीतियों में महिलाओं की आवाज बढ़ाएगा और राजनीति में समान अवसर सुनिश्चित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम साबित होगा। साल 2011 की जनगणना के मुताबिक भारत की जनसंख्या में महिलाओं की आबादी 48.5% थी। अनुमान है कि पिछले करीब डेढ़ दशक में इसमें कुछ सुधार ही हुआ होगा, लेकिन जो नहीं बदला, वह है देश की संसद और राज्य की विधानसभाओं में महिलाओं की हिस्सेदारी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम (महिला आरक्षण) इसी स्थिति को बदलने वाला कानून है और इसके पास व लागू होने में देरी नहीं होनी चाहिए। आंकड़े बताते हैं कि राजनीति में महिलाएं महत्वपूर्ण तो रहीं, पर ज्यादातर वोट बैंक के नजरिये से।**

भारत ने अपनी आजादी के साथ ही महिलाओं को पुरुषों के बराबर वोटिंग का अधिकार देकर दुनिया के सामने नजीर पेश की थी, पर इसके अगले चरण - राजनीति में उनकी बराबर भागीदारी में देश पीछे रह गया। साल 1996 में एचडी देवेगौड़ा की सरकार में पहली बार महिला आरक्षण बिल लाया गया था और तब से तीन दशकों में चार असफल प्रयास हो चुके हैं। अब सरकार ने बिल पास करने के लिए 16 से 18 अप्रैल को संसद का विशेष सत्र बुलाया है।

पीएम नरेंद्र मोदी ने केरल में एक चुनावी रैली में महिलाओं से विपक्षी दलों पर दबाव बनाने की अपील की, ताकि संसद में महिला आरक्षण बिल बिना किसी विरोध के पास हो सके। आदर्श स्थिति तो यह होगी कि बिल को हर दल का साथ मिले, दबाव बनाने और विरोध की नौबत ही न आए। देर से ही सही, कम से कम अब इस काम को अंजाम तक पहुंच जाना चाहिए।

जब सदन में ज्यादा महिलाएं होंगी, तो आधी आबादी से जुड़े मुद्दों को ज्यादा आवाज मिलेगी। उनकी समस्याओं पर ज्यादा सटीक और संवेदनशील चर्चा हो सकेगी, जिससे नीतियां बनाने में मदद मिलेगी। महिलाओं की अनगिनत उपलब्धियों के बावजूद राजनीति उन कुछ क्षेत्रों में है, जहां उन्हें बराबर मौके नहीं मिल पाते। महिला आरक्षण बिल इस कमी को दूर करेगा। इस बदलाव का असर पूरे समाज पर पड़ेगा। महिला आरक्षण का सवाल सिर्फ सीटों का बंटवारा नहीं, भारत के लोकतंत्र को और संतुलित व न्यायपूर्ण बनाने का मुद्दा है।

आप का नज़रिया

# मालदा घटना से गरमाया बंगाल

मालदा की घटना और सुप्रीम कोर्ट की सख्त टिप्पणी ने पश्चिम बंगाल चुनाव से पहले कानून-व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं पर सवाल खड़े किए हैं। SIR को लेकर जनता में असंतोष, प्रशासनिक नाकामी और मतदाता सूची से नाम हटने के आरोपों से अविश्वास बढ़ा है। मालदा की घटना और उस पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी बताती है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कानून व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के लिए परीक्षा बन चुका है। राज्य में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इससे पहले जिस तरह के हालात बने हैं, उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए बिल्कुल शुभ नहीं माना जा सकता।

मालदा के कालियाचक में भीड़ ने 7 न्यायिक अधिकारियों को 9 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। घेराव, लगातार विरोध-प्रदर्शन और चक्का जाम जैसी घटनाओं से जाहिर है कि जमीनी स्तर पर लोगों में Special Intensive Revision(SIR) को लेकर गंभीर असंतोष है। हालांकि मालदा में उनके गुस्से ने कानून की सीमा को पार कर दिया, जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह घटना निश्चित तौर पर कानून व्यवस्था की नाकामी का नतीजा है और इसीलिए सुप्रीम कोर्ट को इतने सख्त शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ा। राज्य में हालात लंबे समय से तनावपूर्ण हैं और पहले भी SIR ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को असुरक्षित स्थितियों का सामना करना पड़ा है। अगर जिम्मेदार अधिकारी हालात की गंभीरता का अंदाजा नहीं लगा पाए, तो यह उनकी नाकामी है। गौर करने वाली बात है कि चुनावों के ऐलान के बाद राज्य में ऊपर से नीचे तक बड़े पैमाने पर अफसरों के तबादले हुए हैं। जनता में अविश्वास। इस घटना के बीच जनता की चिंताओं को भी समझने की जरूरत है। बंगाल में स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन के पहले लगभग 7.6 करोड़ वोटर थे और अब करीब 10% कम हो गए हैं। फाइनल लिस्ट के बाद 60 लाख को तार्किक विसंगति में चिह्नित किया गया था। इनमें से अब तक 47 लाख आपत्तियों का निपटारा हो चुका है। हालांकि रिजेक्शन रेट बेहद ज्यादा बताया जा रहा है - 35 से 40% तक। लोगों का आरोप है कि उनके नाम काटे जा रहे हैं। इससे अविश्वास का माहौल है। चुनाव आयोग ने भरोसा दिलाया है कि कोई भी योग्य मतदाता छूटने नहीं पाएगा। सुप्रीम कोर्ट भी लगातार नजर रखे हुए है और मामले के समाधान के लिए उसने SIR प्रक्रिया में न्यायिक अधिकारियों को लगाकर अभूतपूर्व रास्ता निकाला था।

**मालदा की घटना और उस पर सुप्रीम कोर्ट की तल्ख टिप्पणी बताती है कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव कानून व्यवस्था और संवैधानिक संस्थाओं के लिए परीक्षा बन चुका है। राज्य में 23 और 29 अप्रैल को वोटिंग होनी है। इससे पहले जिस तरह के हालात बने हैं, उसे लोकतांत्रिक प्रक्रिया के लिए बिल्कुल शुभ नहीं माना जा सकता। मालदा के कालियाचक में भीड़ ने 7 न्यायिक अधिकारियों को 9 घंटे तक बंधक बनाकर रखा। घेराव, लगातार विरोध-प्रदर्शन और चक्का जाम जैसी घटनाओं से जाहिर है कि जमीनी स्तर पर लोगों में Special Intensive Revision(SIR) को लेकर गंभीर असंतोष है। हालांकि मालदा में उनके गुस्से ने कानून की सीमा को पार कर दिया, जिसे उचित नहीं ठहराया जा सकता। यह घटना निश्चित तौर पर कानून व्यवस्था की नाकामी का नतीजा है और इसीलिए सुप्रीम कोर्ट को इतने सख्त शब्दों का इस्तेमाल करना पड़ा। राज्य में हालात लंबे समय से तनावपूर्ण हैं और पहले भी SIR ड्यूटी में लगे कर्मचारियों को असुरक्षित स्थितियों का सामना करना पड़ा है।**

दृष्टि कोण

# खतरनाक मोड़ पर पहुंचा ईरान-अमेरिका युद्ध, एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले पूरी दुनिया के लिए बुरी खबर

अमेरिका-इजरायल और ईरान संघर्ष अब सैन्य ठिकानों से आगे बढ़कर ऊर्जा और बुनियादी ढांचे पर हमलों तक पहुंच गया है। पुल, रिफाइनरी और गैस सुविधाओं को निशाना बनाने से वैश्विक तेल सप्लाई प्रभावित हुई है। होर्मुज स्ट्रेट संकट से तेल कीमतें बढ़ने और वैश्विक महंगाई-मंदी का खतरा बढ़ गया है, जबकि शांति प्रयास जारी हैं।

अमेरिका-इस्राइल और ईरान जंग सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने से इतर अब पूरी तरह मूलभूत सुविधाओं को तबाह करने की तरफ मुड़ गई है। बीते 24 घंटे में दोनों पक्षों ने पुल, रिफाइनरी और एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले किए हैं। यह दुनिया के लिए बहुत बुरी खबर है।

**तबाही की धमकी:** अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने बीते दिनों दावा किया कि उनकी ईरान की नई



रेजीम के साथ अच्छी बात चल रही है। फिर देश के नाम संबोधन में उन्होंने ईरान को पाषाण युग में भेजने की धमकी दी और अब शांति के प्रयासों से हटकर बात तबाही पर आ गई है। अमेरिका ने तेहरान के पास एक पुल पर बम गिराया, तो ईरान ने कुवैत और वअए में एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर निशाना साधा। धमकी दी है कि वह पश्चिम एशिया में मौजूद अमेरिकी असेट्स को बर्बाद कर देगा।

**फिर कैसे उबरेंगे:** लेकिन इसमें नुकसान पूरी दुनिया का है। होर्मुज स्ट्रेट पर ईरानी नाकाबंदी की वजह से पहले ही लगभग 20% ग्लोबल ऑयल सप्लाई कम हो गई है। माना जा रहा है कि अगर जंग रुकती है, तो सप्लाई को फिर से सामान्य करने में कुछ महीने लग सकते हैं। लेकिन, अगर एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर हमले हुए, तो उससे उबरने में कई साल लग जाएंगे।

**नाकाफी होंगे इंतजाम:** कुवैत, कतर और सऊदी अरब की ऑयल-गैस फैसिलिटीज और ईरान की साउथ पार्स गैस फील्ड को पहले ही इस युद्ध में काफी नुकसान पहुंचा है। कतर के ऊर्जा मंत्री शेरिडा अल-काबी ने तो पिछले महीने कहा था कि उनके देश की निर्यात क्षमता 17% तक कम हो सकती है। अभी देशों के पास अपना स्ट्रैटिजिक रिजर्व है और इंटरनैशनल एनर्जी एजेंसी की अपील पर सदस्य देशों ने भी ऑयल रिजर्व रिलीज करने पर हामी भरी है।

वहीं भारत ने तेल मार्केटिंग कंपनियों को क्रूड ऑयल के बढ़ते दाम के दबाव से बचाने के लिए बीते दिनों एक्साइज ड्यूटी में कटौती की। लेकिन, अगर हमले जारी रहते हैं, तो सारे इमरजेंसी इंतजाम भी नाकाफी साबित होंगे। इस बीच, क्रूड ऑयल के 200 डॉलर प्रति बैरल तक जाने के अनुमान भी लगाए जा रहे हैं।

**शांति का प्रयास:** खाड़ी देशों की अर्थव्यवस्था तेल से जुड़ी है और उस तेल से कई देशों की अर्थव्यवस्था जुड़ती है। इसमें गड़बड़ी से मंदी और महंगाई की दोहरी मार पड़ेगी, जिसका असर भी दिखने लगा है। होर्मुज को खुलवाने के लिए कई देश मिलकर प्रयास कर रहे हैं। यह तो जरूरी है ही, जल्द ही यह युद्ध भी रुकना चाहिए।




# कामनवेल्थ स्पोर्ट्स डेलिगेशन ने अहमदाबाद में कामनवेल्थ गेम्स की तैयारियों का जायजा लिया

**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** गुजरात के अहमदाबाद में 2030 में होने वाले कामनवेल्थ गेम्स की तैयारियों का जायजा लेने के लिए एक उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल इस समय भारत की यात्रा पर है। कामनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन (भारत) ने शुक्रवार को कामनवेल्थ स्पोर्ट के उच्चस्तरीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया।

यह प्रतिनिधिमंडल कामनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डा. डोनाल्ड रुकारे के नेतृत्व में आया है, जिसमें सीईओ केटी सैडलियर और गेम्स एवं एश्योरेंस डायरेक्टर डैरेन हाल भी शामिल हैं। टीम ने 8 से 10 अप्रैल के बीच अहमदाबाद, गांधीनगर, वडोदरा और एकता नगर में प्रमुख खेल स्थलों और बुनियादी ढांचे का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने महात्मा मंदिर, वीर सावरकर स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स, नरेंद्र मोदी स्टेडियम और आईआईटी गांधीनगर जैसे महत्वपूर्ण वेन्यू का दौरा किया। साथ ही गुजरात सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय प्रशासन के साथ बैठक कर तैयारियों की प्रगति की समीक्षा की।

प्रतिनिधिमंडल ने भारतीय खेल प्रशासन से जुड़े शीर्ष अधिकारियों के साथ भी चर्चा की। इसमें कामनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन (भारत), युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय और अन्य हितधारकों के साथ बातचीत शामिल रही, जिसमें गेम्स की योजना, प्रबंधन ढांचा और क्रियान्वयन रणनीति पर विस्तार से विचार किया गया।

कामनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डा. डोनाल्ड रुकारे ने कहा कि भारत में तैयारियों का स्तर, खेल स्थलों की गुणवत्ता और केंद्र व राज्य सरकार का सहयोग बेहद प्रभावशाली है। उन्होंने कहा कि 2030 में कामनवेल्थ गेम्स का शताब्दी संस्करण एक ऐतिहासिक अवसर होगा, जिसमें खेलों की विरासत को संजोते हुए भविष्य के लिए नए आयाम स्थापित किए जाएंगे।

कामनवेल्थ गेम्स एसोसिएशन (भारत) की अध्यक्ष पीटी ऊषा ने कहा कि भारत के लिए यह गर्व की बात है कि वह 2030 में विश्वस्तरीय कामनवेल्थ गेम्स की मेजबानी करने जा रहा है। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी साझेदारों के सहयोग से एक ऐतिहासिक और खिलाड़ियों-केंद्रित खेल आयोजन किया जाएगा। इस दौरान सीजीए (भारत) ने यह भी जानकारी दी कि बाद में डा. डोनाल्ड रुकारे के साथ एक विशेष मीडिया संवाद का आयोजन किया जाएगा।

## न्यूज ब्रीफ

### जोएल एम्बीड की आपात सर्जरी, प्लेआफ में खेलना संदिग्ध



**ह्यूस्टन।** नेशनल बास्केटबाल एसोसिएशन (एनबीए) फ्रेंजाइजी फिलाडेल्फिया 76र्स के स्टार खिलाड़ी जोएल एम्बीड की गुरुवार को ह्यूस्टन में अपेंडिक्स की आपात सर्जरी हुई। टीम ने पुष्टि की कि उन्हें रात में अचानक अपेंडिसाइटिस की समस्या हुई, जिसके बाद तुरंत आपरेशन करना पड़ा। यह सर्जरी उस समय हुई जब फिलाडेल्फिया 76र्स की टीम ह्यूस्टन राकेट्स के खिलाफ मुकाबले की तैयारी कर रही थी। टीम के मुख्य कोच निक नर्स ने बताया कि बुधवार के अभ्यास के दौरान एम्बीड बिल्कुल ठीक थे, लेकिन गुरुवार तड़के करीब 3 बजे उन्होंने अस्वस्थ महसूस होने की जानकारी दी। कोच के अनुसार, उन्हें तुरंत डाक्टर के पास ले जाया गया, जहां जांच के बाद सर्जरी करने का निर्णय लिया गया। फिलहाल एम्बीड की वापसी को लेकर कोई समय-सीमा तय नहीं की गई है, लेकिन प्ले-इन टूर्नामेंट और प्लेआफ के शुरुआती मुकाबलों में उनके खेलने की संभावना कम मानी जा रही है। यह टीम के लिए बड़ा झटका है। ईस्टर्न कान्फ्रेंस में फिलाडेल्फिया 76र्स की टीम आठवें स्थान पर है और प्ले-इन में जगह बनाने की स्थिति में है, जबकि छठे स्थान की टीम से केवल एक मैच पीछे है। एम्बीड ने इस सत्र में केवल 38 मैच खेले हैं, जिसका मुख्य कारण उनके घुटने से जुड़ी समस्या रही है। इसके बावजूद उन्होंने सैन एंटोनियो स्पर्स के खिलाफ मुकाबले में 34 अंक और 12 रिबाउंड का शानदार प्रदर्शन किया था। इस सीजन में एम्बीड औसतन 26.9 अंक और 7.7 रिबाउंड बना रहे हैं। 2022-23 सत्र में उन्होंने 33.1 अंक के औसत के साथ सबसे मूल्यवान खिलाड़ी का खिताब जीता था।

### फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026: जावोखिर सिंदारोव शीर्ष पर बरकरार, आर. वैशाली को बढ़त, दिव्या देशमुख को हार



**नई दिल्ली।** साइप्रस में चल रहे फिडे कंडीडेट्स टूर्नामेंट 2026 के दसवें दौर में ओपन वर्ग में जावोखिर सिंदारोव ने आर. प्रज्ञानानंद को हराकर अपनी बढ़त और मजबूत कर ली। सिंदारोव अब आठ अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बने हुए हैं और उन्होंने प्रज्ञानानंद के खिलाफ दूसरी जीत भी दर्ज की। मुकाबले की शुरुआत में प्रज्ञानानंद ने अच्छा खेल दिखाया, लेकिन 22वीं चाल में की गई एक गलती उनके लिए भारी साबित हुई। इसके बाद सिंदारोव ने 23. ऋद्ध7 चाल चलकर जोरदार हमला किया और आगे की सटीक चालों से स्थिति पूरी तरह अपने पक्ष में कर ली। अंततः प्रज्ञानानंदा को हार माननी पड़ी। अन्य मुकाबलों में अनीश गिरी और हिकारू नाकामुरा के बीच मुकाबला बराबरी पर समाप्त हुआ, जिससे सिंदारोव को दो अंकों की बढ़त मिल गई। वहीं आंद्रेई एसिपेंको और मथियास ब्लूबाउम के बीच भी बाजी बराबर रही, जबकि फाबियानो कारुआना और वेई यी ने भी अंक साझा किए। महिला वर्ग में आर. वैशाली ने अन्ना मुजिचुक के खिलाफ संतुलित खेल दिखाते हुए मुकाबला बराबरी पर खत्म किया और छह अंकों के साथ बढ़त हासिल की। उन्होंने विरोधी के हमलों को समझदारी से रोका और अंत में स्थिति पूरी तरह संतुलित कर दी। वहीं दिव्या देशमुख को जीती हुई बाजी गंवानी पड़ी। समय के दबाव में हुई गलती का फायदा उठाते हुए अलेक्जेंड्रा गोर्याचकिना ने मुकाबला अपने नाम कर लिया।

### आरेंज और पर्पल कैप की सूची में बदलाव , अंगकृश रघुवंशी और अजिंक्य रहाणे शीर्ष पांच में शामिल



**कोलकाता।** कोलकाता नाइट राइडर्स और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेले हुए आईपीएल मुकाबले के बाद सबसे अधिक रनों के लिए मिलने वाली आरेंज कैप और सबसे अधिक विकेट के लिए मिलने वाली पर्पल कैप के दावेदारों में बदलाव आये हैं। अब राजस्थान रायल्स के वैभव सूर्यवंशी और मुम्बई के रोहित शर्मा शीर्ष पांच से बार हो गये हैं। वहीं। केकेआर के अंगकृश रघुवंशी और कप्तान अजिंक्य रहाणे अपनी अच्छी पारियों की बदौलत शीर्ष पांच में पहुंच गये हैं। वहीं पर्पल कैप की दौड़ में लखनऊ सुपर जाएंट्स के प्रिंस यादव को लाभ हुआ है। आरेंज कैप की सुची में में राजस्थान रायल्स के सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल पहले स्थान पर हैं। उन्होंने अभी तक खेले 3 मुकाबलों में 163.46 के स्ट्राइक रेट के साथ 170 रन बनाये हैं। वहीं दिल्ली कैपिटल्स के समीर रिजवी और केकेआर के अंगकृश रघुवंशी दूसरे और तीसरे नंबर पर हैं। शीर्ष पांच बल्लेबाजों में सनराइजर्स हैदराबाद के हेनरिक क्लासेन और केकेआर के अजिंक्य रहाणे चौथे और पांचवे नंबर पर हैं। पर्पल कैप की सूची में राजस्थान रायल्स के स्टार स्पिनर रवि बिश्नोई नंबर एक पर बने हुए हैं।उन्होंने इस लीग में अभी तक तीन मैचों में 7 विकेट लिए हैं। वहीं गुजरात टाइटंस के प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान के साथ-साथ दिल्ली कैपिटल्स के लुंगी एनगिडी और राजस्थान राल्यस के नंद्रे बर्गर शीर्ष-5 में शामिल हैं।

# राजस्थान ने आरसीबी को छह विकेट से हराया



**गुवाहाटी, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** बरसापारा स्टेडियम की दूधिया रोशनी में आज क्रिकेट का वह रोमांच देखने को मिला, जो लंबे समय तक फैंस के जेहन में रहेगा।

ऐसा लग रहा था मानो राजस्थान रॉयल्स की टीम मैदान पर जीत की भूख के साथ उतरी है। बेंगलुरु के 202 रनों के पहाड़ जैसे लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान ने न केवल साहस दिखाया, बल्कि अपनी लगातार चौथी जीत की इबारत भी लिख दी। मैच के नायक बने युवा वैभव सूर्यवंशी, जिन्होंने मैदान के चारों ओर चौकों और छक्कों की ऐसी बरसात की कि बेंगलुरु के गेंदबाज असहाय नजर आए। इम्पैक्ट प्लेयर के रूप में आए वैभव ने महज 26 गेंदों पर 78 रनों की आतिशी पारी खेलकर राजस्थान की जीत की नींव रख दी। उनके बल्ले से निकले हर शॉट में आत्मविश्वास और प्रतिभा की झलक थी। जब कप्तान रियान पराग और हेटमायर जल्दी आउट होकर लौटे, तो लगा कि मैच हाथ से फिसल सकता है। लेकिन ध्रुव जुरेल ने एक छोर थामे रखा। जुरेल की शानदार फिफ्टी ने न केवल स्कोरबोर्ड को गति दी, बल्कि अनुभवी रवींद्र जडेजा के साथ मिलकर राजस्थान को जीत की दहलीज पर ला खड़ा किया। अब जीत के लिए महज 24 गेंदों पर 18 रनों की दरकार है और जुरेल की बल्लेबाजी देख फैंस का जोश चरम पर है।

इससे पहले टॉस जीतकर गेंदबाजी करने उतरी राजस्थान के गेंदबाजों ने भी अपना दमखम दिखाया। जोफ्रा आर्चर, रवि बिश्नोई और बृजेश शर्मा ने 2-2 विकेट लेकर ठउइ की रफ्तार पर अंकुश लगाया। हालांकि रजत पाटीदार (63) और विराट कोहली (32) ने ठउइ को 201 के स्कोर तक पहुँचाया, लेकिन राजस्थान के लड़ाकों के सामने यह लक्ष्य भी बौना साबित होता दिख रहा है।

गुवाहाटी का यह मैदान आज राजस्थान रॉयल्स के अटूट विश्वास और सामूहिक प्रयास का गवाह बन रहा है। राजस्थान अब अपनी लगातार चौथी जीत दर्ज करने के बेहद करीब है।

# पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबाल टूर्नामेंट में गार्गी, मिरांडा और खालसा कालेज की शानदार जीत




**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** पांचवें पीएसपीबी बाबा दीप सिंह बास्केटबाल (पुरुष एवं महिला) टूर्नामेंट के चौथे दिन रोमांचक मुकाबले देखने को मिले, जहां गार्गी कालेज, मिरांडा हाउस, स्टनर अकादमी और एसजीटीबी खालसा कालेज ने अपने-अपने लीग मैच जीतकर प्रतियोगिता में मजबूत दावेदारी पेश की। मेजबान एसजीटीबी खालसा कालेज के कोर्ट पर खेले गए महिला वर्ग के मुकाबलों में गार्गी कालेज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रामजस कालेज को 61-39 के अंतर से हराया।

गार्गी की श्रुति को उनके बेहतरीन खेल के लिए प्लेयर आफ द मैच चुना गया। एक अन्य महिला मुकाबले में मिरांडा हाउस ने मैत्रेयी कालेज पर 68-46 की प्रभावशाली जीत दर्ज की। इस मैच में मिरांडा हाउस की पार्निका ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया और प्लेयर आफ द मैच का खिताब अपने नाम किया। पुरुष वर्ग में स्टनर अकादमी ने हंसराज कालेज के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाते हुए 96-81 से जीत हासिल की। स्टनर अकादमी के अभिनव को उनके शानदार योगदान के लिए प्लेयर आफ द मैच घोषित किया गया।

दिन के अंतिम पुरुष मुकाबले में एसजीटीबी खालसा कालेज ने श्री राम कालेज आफ कामर्स को 92-81 से पराजित कर जीत दर्ज की। इस मैच में खालसा कालेज के तनुज को प्लेयर आफ द मैच का पुरस्कार मिला। टूर्नामेंट के चौथे दिन के परिणामों ने प्रतियोगिता को और रोमांचक बना दिया है, जहां सभी टीमें अगले चरण में जगह बनाने के लिए कड़ी प्रतिस्पर्धा कर रही हैं।

## बिली जीन किंग कप में भारत की वैष्णवी और यमलापल्ली हारे



**नई दिल्ली।** भारतीय खिलाड़ियों को यहां खेले जा रहे बिली जीन किंग कप ग्रुप-आई एशिया/ओशिआना टेनिस टीम मुकाबलों में इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने हरा दिया। पहले एकल मुकाबले में भारत की वैष्णवी अडकर को इंडोनेशिया की प्रिस्का मैडेलिन नुग्रोहो ने 7-6(3), 6-7(3), 6-3 से हराया। वहीं दूसरे एकल में सहजा यमलापल्ली को जेनिस त्जेन के खिलाफ 6-2, 6-1 से हार का सामना करना पड़ा है। दोनो ही मुकाबले कड़े रहे। अडकर ने दूसरे सेट में वापसी करते हुए मुकाबला आसानी से जीत लिया। वहीं तीसरे सेट में इंडोनेशियाई खिलाड़ी ने जीत हासिल की। वहीं एक अन्य मुकाबले में दक्षिण कोरिया ने न्यूजीलैंड को हरा दिया। दायोन बैक ने कीवी खिलाड़ी वैलेंटिना इवानोव को 7-5, 6-3 से हराया। इसके अलावा सोह्युन पार्क ने मोनिक बैरी को 6-0, 6-1 से पराजित कया। इस प्रकार कोरिया और इंडोनेशिया दोनों ही टीमें अपने-अपने मुकाबले जीतकर अंक तालिका में नंबर एक पर बरकरार हैं। वहीं एक अन्य मुकाबले में थाईलैंड ने मंगोलिया को 3-0 से हराया। थाईलैंड के थासापोर्न नाकलो ने अनु-वजिन गैंटोर को 6-1, 6-0 से हराया। पाचारिन चीपचांदेज ने भी खोंगोरजुल अलदारखिशिग को 6-1, 6-0 से ही शिकस्त दी।

# केकेआर मेरा घर है: आंद्रे रसेल

**कोलकाता, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।**

**कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सहायक कोच शेन वाटसन और पावर कोच आंद्रे रसेल हाल ही में इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर एक खास बातचीत में शामिल हुए। इस दौरान दोनों ने अपने खेल के दिनों की यादें ताजा कीं और रसेल के कोचिंग करियर में बदलाव पर खुलकर चर्चा की।**



बातचीत के दौरान शेन वाटसन ने रसेल की लंबी और प्रभावशाली क्रिकेट यात्रा की सराहना करते हुए कहा कि तेज गेंदबाजी आलराउंडर के रूप में इस स्तर पर निरंतर प्रदर्शन करना बेहद चुनौतीपूर्ण होता है और रसेल ने इसे बखूबी निभाया है।

अपनी नई भूमिका पर बात करते हुए आंद्रे रसेल ने बताया कि पावर कोच के तौर पर उनकी जिम्मेदारी खिलाड़ियों को टी20 क्रिकेट में बाउंड्री, खासकर छक्कों के महत्व को समझाना है। उन्होंने कहा कि उनका काम खिलाड़ियों की तकनीक बदलना नहीं, बल्कि उनके खेल में पावर-हिटिंग की क्षमता को और निखारना है।

रसेल ने स्वीकार किया कि खिलाड़ी से कोच बनने का यह बदलाव उनके लिए भावनात्मक रहा है। मैच के दौरान कई बार उन्हें ऐसा लगता है कि वे खुद मैदान में उतरकर टीम की मदद करें, लेकिन अब उन्हें अपनी नई भूमिका के अनुसार खुद को ढालना पड़ता है।

उन्होंने अपने पहले मैच के अनुभव को साझा करते हुए कहा कि कोच के रूप में मैदान पर रहना उनके लिए बिल्कुल नया अनुभव था और शुरुआत में उन्हें समझ नहीं आ रहा था कि अपनी भूमिका को कैसे निभाएं।

केकेआर के साथ अपने खास रिश्ते पर बात करते हुए रसेल ने कहा कि यह फ्रेंचाइजी उनके लिए घर की तरह है। उन्होंने टीम द्वारा इस सीजन में दिए गए सम्मान को अपने करियर के सबसे भावुक पलों में से एक बताया।

# पहली बार पाकिस्तान का दौरा करेगी जिम्बाब्वे महिला टीम, खेलेगी छह मैचों की सफेद गेंद सीरीज

**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** जिम्बाब्वे महिला क्रिकेट टीम अपने इतिहास में पहली बार पाकिस्तान दौरे पर जाने के लिए तैयार है, जहां वह तीन एकदिवसीय और तीन टी20 मुकाबलों की श्रृंखला खेलेगी। यह सभी मुकाबले कराची के नेशनल बैंक स्टेडियम में आयोजित किए जाएंगे।

तीन मैचों की एकदिवसीय श्रृंखला 3 मई से शुरू होगी, जो आईसीसी महिला चैम्पियनशिप 2025-29 का हिस्सा है। इसके बाद 12 मई से टी20 श्रृंखला खेली जाएगी।

पाकिस्तान महिला टीम इस समय महिला चैम्पियनशिप तालिका में पांचवें स्थान पर है। टीम को हाल ही में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा था। वहीं जिम्बाब्वे महिला टीम सातवें स्थान पर है और उसे न्यूजीलैंड के खिलाफ श्रृंखला में हार मिली थी।

जिम्बाब्वे टीम 29 अप्रैल को पाकिस्तान पहुंचेगी और श्रृंखला की तैयारियां शुरू करेगी।




**कार्यक्रम इस प्रकार है:**

**एकदिवसीय सीरीज:-**
- 3 मई: पहला एकदिवसीय मुकाबला
- 6 मई: दूसरा एकदिवसीय मुकाबला
- 9 मई: तीसरा एकदिवसीय मुकाबला

**टी 20 सीरीज:-**
- 12 मई: पहला टी20 मुकाबला
- 14 मई: दूसरा टी20 मुकाबला
- 15 मई: तीसरा टी20 मुकाबला।

## युवराज बोले, छह छक्के के लिए ललित मोदी ने मुझे इनाम में दी थी कार



**मुम्बई।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व आलराउंडर युवराज सिंह ने खुलासा किया है कि उन्हें आईपीएल के पहले कमिश्नर ललित मोदी ने छह छक्के लगाने पर एक पोर्श 911 कार उपहार में दी थी। युवराज ने कहा कि से बात साल 2007 टी20 विश्व कप की है। तब उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तेज गेंदबाज स्टुअर्ट ब्राड की 6 गेंद पर 6 छक्के लगाए थे। इस मैच में युवराज ने 19वें ओवर में ब्राड की गेंदों पर छह छक्के लगाये थे। इससे 12 गेंदों में ही उनका अर्धशतक पूरा हो गया था। युवराज का कहना है तब ललित मोदी ने इन छह छक्कों के लिए उन्हें कार उपहार में दी थी। युवराज ने इस बातचीत को याद करते हुए कहा, ललित मोदी ने मुझसे कहा था कि अगर कोई छह छक्के मारता है तो मैं उसे फेरारी दूंगा। वहीं जब मैंने छह छक्के लगाए दिए तो मैंने उनसे पूछा मेरी फेरारी कहां है तो उन्होंने कहा कि मैंने पोर्श 911 देने की बात कही थी तो मैंने फिर पूछा पर पोर्श कहां है इसपर उन्होंने कहा, तुम्हें तुम्हारी कार मिल जाएगी।. इसके बाद मैंने हंसी-मजाक में पूछा, अगर मैं अगला मैच भी जिता दूं तो क्या मुझे फेरारी मिलेगी इस पर उन्होंने कहा कहा कि नहीं तुम्हें सिर्फ पोर्श मिलेगी और उन्होंने सही में ये कार मुझे दी थी। ललित मोदी के अलावा उन्होंने स्टुअर्ट ब्राड के पिता से भी मुलाकात की थी जिसको लेकर भी उन्होंने बताया। युवराज ने बताया कि छह छक्के मारने के बाद स्टुअर्ट ब्राड के पिता जो रैफरी थी उन्होंने मुझसे कहा कि तुमने तो मेरे बेटे का करियर ही समाप्त कर दिया। इसके बाद उन्होंने मुझसे स्टुअर्ट के लिए एक शर्ट साइन करने को कहा।

# जस्टिस वर्मा का इस्तीफा, महाभियोग अब नहीं

**नयी दिल्ली/प्रयागराज, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** दिल्ली स्थित आवास पर भारी मात्रा में अधजले नोट मिलने के विवाद और भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रहे इलाहाबाद हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस यशवंत वर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने 9 अप्रैल को अपना त्यागपत्र राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को भेज दिया। इस इस्तीफे के साथ ही लोकसभा द्वारा उनके खिलाफ शुरू की गई दुर्लभ महाभियोग की कार्यवाही अब निष्प्रभावी हो गई है।

बता दें कि जस्टिस वर्मा का कार्यकाल 5 जनवरी 2031 तक था, लेकिन संसद द्वारा हटाए जाने की प्रक्रिया से बचने के लिए उन्होंने पद छोड़ना ही एकमात्र विकल्प समझा।विवाद की शुरुआत पिछले साल 14 मार्च 2025 को होली की रात हुई थी। लुटियंस दिल्ली स्थित जस्टिस वर्मा के तत्कालीन आवास (जब वे दिल्ली हाईकोर्ट में कार्यरत थे, पर रात करीब 11:35 बजे भीषण आग लग गई थी। आग बुझाने पहुँचे दमकल कर्मियों को वहां से बड़ी मात्रा में नकदी का भंडार मिला, जिसमें नोटों की गड्डियाँ जली हुई अवस्था में थीं। इसी घटना के बाद उनके खिलाफ भ्रष्टाचार के आरोप लगे




और जांच का सिलसिला शुरू हुआ।

57 वर्षीय जस्टिस वर्मा ने राष्ट्रपति को लिखे पत्र में कहा कि वे गहरी पीड़ा के साथ अपना इस्तीफा दे रहे हैं। उन्होंने लिखा, महामहिम, मैं उन कारणों से आपके कार्यालय को बोझिल नहीं करना चाहता जिन्होंने मुझे यह पत्र भेजने पर मजबूर किया है। अत्यंत पीड़ा के साथ मैं इलाहाबाद उच्च न्यायालय के न्यायाधीश पद से तत्काल प्रभाव से इस्तीफा देता हूँ। इस पद पर सेवा करना मेरे लिए सम्मान की बात रही। इसके साथ ही उन्होंने लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा गठित जांच समिति को भी 13 पन्नों का एक पत्र लिखा, जिसमें उन्होंने खुद को दुष्प्रचार अभियान का शिकार बताया और जांच प्रक्रिया से खुद को अलग करने के कारणों का उल्लेख किया।संविधान के अनुसार, किसी उच्च न्यायालय के न्यायाधीश को केवल संसद द्वारा पारित महाभियोग प्रस्ताव के माध्यम से ही हटाया जा सकता है।

इस मामले में सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस अरविंद कुमार, मद्रास हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश मनिंद्र मोहन श्रीवास्तव और वरिष्ठ अधिवक्ता बी.वी. आचार्य की तीन सदस्यीय समिति जांच कर रही थी।जस्टिस वर्मा ने अपनी सफाई में कहा कि उनके 11 साल के न्यायिक करियर में कभी उन पर भ्रष्टाचार का आरोप नहीं लगा। उन्होंने कहा कि उनसे अनुत्तरित सवाल पूछे जा रहे हैं, इसलिए वे इस प्रक्रिया को और वैध नहीं बनाना चाहते। इधर, इलाहाबाद हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राकेश पांडे ने इस्तीफे का स्वागत करते हुए कहा कि यह कदम पहले ही उठाया जाना चाहिए था ताकि अनावश्यक विवाद से बचा जा सके। पणजी में एक संवाददाता सम्मेलन के दौरान लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने भी पुष्टि की कि महाभियोग प्रक्रिया के लिए समिति गठित की गई थी, लेकिन अब इस्तीफा राष्ट्रपति कार्यालय तक पहुँचने के बाद स्थिति बदल जाएगी।

## न्यूज़ब्रीफ

### अंतरिक्ष यात्री करेंगे चंद्रमा पर वीडियो रिकार्ड



**नई दिल्ली।** अपने महत्वाकांक्षी अर्टेमिस-2 मिशन में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने एक कंज्यूमर स्मार्टफोन आईफोन 17 प्रो मेक्स को शामिल किया है। आर्टेमिस-2 मिशन का उद्देश्य अंतरिक्ष यात्रियों को चंद्रमा की कक्षा तक ले जाकर सुरक्षित वापस लाना है। इस मिशन में ओरियन स्पेसक्राफ्ट के जरिए चंद्रमा की परिक्रमा की जाएगी, जो भविष्य में मानव की चंद्रमा पर वापसी की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। यह पहली बार है जब किसी लोकप्रिय स्मार्टफोन को डीप स्पेस मिशन में आधिकारिक रूप से इस्तेमाल के लिए मंजूरी दी गई है। इस मिशन में आईफोन को किसी मुख्य सिस्टम के रूप में नहीं, बल्कि सहायक उपकरण के तौर पर शामिल किया गया है। अंतरिक्ष यात्री इसका उपयोग फोटो और वीडियो रिकार्डिंग के लिए कर रहे हैं, ताकि अंतरिक्ष अनुभव को अधिक व्यक्तिगत और वास्तविक तरीके से कैद किया जा सके। हालांकि, किसी भी सामान्य डिवाइस को अंतरिक्ष में भेजने से पहले कड़ी जांच प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। माइक्रोग्रैविटी के माहौल में उपकरणों के टूटने या तैरने का खतरा रहता है, इसलिए आईफोन को विशेष माउंट्स और वेल्क्रो के जरिए सुरक्षित किया गया है। इसके अलावा, सुरक्षा कारणों से इसमें इंटरनेट और ब्लूटूथ जैसी सुविधाओं को निष्क्रिय कर दिया गया है। मिशन में निकोन डी5 और गोप्रो हीरो 11 जैसे प्रोफेशनल कैमरे भी मौजूद हैं, लेकिन आईफोन को अतिरिक्त डिवाइस के रूप में शामिल किया गया है।

### अमेरिका जाएगा भारतीय प्रतिनिधिमंडल, व्यापार समझौते की संभावना



**नई दिल्ली।** भारत और अमेरिका के बीच प्रस्तावित अंतरिम व्यापार समझौते को आगे बढ़ाने के लिए इस महीने के अंत में भारतीय प्रतिनिधिमंडल वाशिंगटन का दौरा करेगा। दोनों देशों के बीच व्यापारिक सहयोग को मजबूत करने की दिशा में यह अहम कदम माना जा रहा है। भारत और अमेरिका ने फरवरी में एक अंतरिम व्यापार समझौते के ढांचे की घोषणा की थी, जिसका उद्देश्य आपसी व्यापार बढ़ाना, बाजार पहुंच को आसान बनाना और आपूर्ति श्रृंखलाओं को मजबूत करना है। अब इस समझौते को आगे बढ़ाने के लिए दोनों देशों के बीच उच्च स्तरीय वार्ता की तैयारी है। भारत में अमेरिका के राजदूत सर्जियो गोर इस समय अमेरिका की यात्रा पर हैं। उन्होंने अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमिसन ग्रीर से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने कहा कि वह इस महीने के अंत में वाशिंगटन पहुंचने वाले भारतीय प्रतिनिधिमंडल का स्वागत करने और प्रस्तावित व्यापार समझौते पर चर्चा करने के लिए उत्सुक हैं। यह बैठक ऐसे समय में हुई है जब एक दिन पहले ही विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने वाशिंगटन में भारत-अमेरिका व्यापार सुविधा पोर्टल की शुरुआत की।

### आपूर्ति संकट और मध्य पूर्व तनाव से कच्चे तेल की कीमतों में तेजी

**मुंबई।** वैश्विक कच्चे तेल बाजार में शुक्रवार को फिर तेजी देखने को मिली, जब भू-राजनीतिक तनाव और आपूर्ति बाधाओं की आशंकाओं ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी। अमेरिका-ईरान सीजफायर को लेकर




अनिश्चितता, मध्य पूर्व में सैन्य तनाव और प्रमुख समुद्री मार्गों पर जोखिम के कारण तेल की कीमतों में उछाल दर्ज किया गया। ब्रेंट क्रूड 1.13 प्रतिशत बढ़कर 97.01 डालर प्रति बैरल पर पहुंच गया, जबकि वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट (डब्ल्यूटीआई) क्रूड 1.39 प्रतिशत चढ़कर 99.24 डालर प्रति बैरल पर ट्रेड करता नजर आया। भारत के मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर भी असर दिखा, जहां 20 अप्रैल डिलीवरी वाला क्रूड आयल फ्यूचर्स करीब 2.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 9,150 रुपये प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार में यह तेजी ऐसे समय आई है जब अमेरिका और ईरान के बीच सीजफायर को लेकर स्पष्टता नहीं है। मध्य पूर्व में तनाव बढ़ने के साथ-साथ सऊदी अरब के ऊर्जा ढांचे पर हमलों की आशंका और सप्लाई चेन बाधित होने के डर ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। सबसे बड़ा जोखिम स्ट्रेट आफ होर्मुज में देखा जा रहा है, जहां से वैश्विक तेल आपूर्ति का बड़ा हिस्सा गुजरता है। रिपोर्टों के अनुसार, इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग से शिपिंग गतिविधियां सामान्य स्तर से काफी कम हो गई हैं, जिससे वैश्विक सप्लाई पर दबाव बना है। मध्य पूर्व में इजरायल और लेबनान के बीच जारी तनाव ने भी स्थिति को और जटिल बना दिया है।

# वृंदावन में नाव पलटी, 10 मरे




**मथुरा, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** वृंदावन में यमुना नदी में एक बड़ा हादसा सामने आया, जहां 37 श्रद्धालुओं से भरी एक प्राइवेट नाव (स्टीमर) पलट गई। इस दर्दनाक घटना में 10 लोगों की डूबने से मौत हो गई, जबकि युवती समेत 5 लोग अब भी लापता बताए जा रहे हैं।

हादसे में मृतकों में एक ही परिवार के 7 सदस्य शामिल हैं, जिनमें मां-बेटे, चाचा-चाची और बुआ-फूफा जैसे रिश्तेदार शामिल बताए जा रहे हैं। नाव में सवार सभी श्रद्धालु पंजाब से घूमने आए थे।

जिलाधिकारी चंद्र प्रकाश सिंह के अनुसार हादसा दोपहर करीब 3 बजे केसी घाट पर हुआ, जो श्री बांके बिहारी मंदिर से लगभग 2 किलोमीटर दूर स्थित है।

रात 10 बजे तक भारतीय सेना और राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल की टीमें बचाव कार्य में जुटी रहीं। नाव को बाहर निकाल लिया गया है और लापता लोगों की तलाश जारी है।

जहां हादसा हुआ, वहां यमुना नदी की गहराई करीब 25 फीट बताई जा रही है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि नाव की क्षमता 40 लोगों की थी, लेकिन यात्रियों को लाइफ जैकेट उपलब्ध नहीं कराई गई थी।

बताया जा रहा है कि हादसे के समय लगभग 40 किमी/घंटा की रफ्तार से तेज हवा चल रही थी, जिससे नाव अचानक डगमगाने लगी और नाविक नियंत्रण खो बैठा। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, नाव दो बार टकराने से बची, लेकिन तीसरी बार टक्कर के बाद पलट गई।

**आरोपी नाविक हिरासत में, जांच जारी**

पुलिस ने आरोपी नाविक पप्पू निषाद को हादसे के करीब 6 घंटे बाद हिरासत में ले लिया है। यह नाव उसी की बताई जा रही है।

हादसे के बाद वह मौके से फरार हो गया था। हादसे से जुड़े दो वीडियो भी सामने आए हैं। एक वीडियो नाव डूबने से लगभग 15 मिनट पहले का है, जिसमें श्रद्धालु राधे-राधे का जप करते दिखाई दे रहे हैं, जबकि दूसरे वीडियो में लोगों को नदी में डूबते हुए देखा गया।

# टाटा संस की लिस्टिंग पर तेज हुई बहस, ट्रस्ट के भीतर मतभेद उभरे




**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (एजेंसियां)।** टाटा संस को शेयर बाजार में लिस्ट करने को लेकर एक बार फिर चर्चा तेज हो गई है। टाटा ट्रस्ट के कुछ वरिष्ठ सदस्य अब बदलते कारोबारी माहौल में लिस्टिंग को जरूरी मान रहे हैं, जबकि समूह के भीतर इस पर मतभेद भी सामने आ रहे हैं। टाटा समूह की होल्डिंग कंपनी टाटा संस की संभावित लिस्टिंग को लेकर आंतरिक बहस गहराती जा रही है। टाटा ट्रस्ट के वरिष्ठ ट्रस्टी विजय सिंह ने आईपीओ के जरिए लिस्टिंग का समर्थन करते हुए कहा है कि तेजी से बदलते बिजनेस परिदृश्य में कंपनी को बड़े निवेश और अधिक पारदर्शिता की जरूरत है।

**आईपीओ से पूंजी और पारदर्शिता बढ़ाने की मांग, लेकिन नियंत्रण और स्वतंत्रता पर चिंता बरकरार**

उनके अनुसार, एविएशन, डिफेंस, सेमीकंडक्टर और बैटरी जैसे पूंजी-गहन क्षेत्रों में विस्तार के लिए बाजार से धन जुटाना आवश्यक हो गया है। इससे पहले उद्योगपति वेनु श्रीनिवासन भी लिस्टिंग के पक्ष में अपनी राय दे चुके हैं। उनका मानना है कि इससे छोटे निवेशकों को कंपनी में भागीदारी का अवसर मिलेगा और शेयरधारकों की वैल्यू बढ़ेगी। हालांकि, टाटा ट्रस्ट के चेयरमैन नोएल टाटा फिलहाल कंपनी को अनलिस्टेड रखने के पक्ष में बताए जाते हैं।

इससे पहले रतन टाटा भी लिस्टिंग के विरोध में थे, उनका मानना था कि इससे समूह की दीर्घकालिक रणनीति और स्वतंत्रता प्रभावित हो सकती है। इस पूरे मामले में रिजर्व बैंक आफ इंडिया की भूमिका भी अहम है। आरबीआई ने टाटा संस को अपर लेयर एनबीएफसी के रूप में वर्गीकृत किया है, जिसके तहत कंपनी को लिस्ट होना पड़ सकता है। यही वजह है कि इस मुद्दे पर निर्णय टलना मुश्किल माना जा रहा है। वर्तमान में टाटा ट्रस्ट के पास टाटा संस में लगभग 66 फीसदी हिस्सेदारी है, जिससे किसी बाहरी टेकओवर की संभावना कम मानी जाती है। फिर भी, लिस्टिंग से पहले कंपनी के आर्टिकल्स में बदलाव और सभी ट्रस्टीज़ की सहमति हासिल करना बड़ी चुनौती बनी हुई है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

### मच्छी मार्केट ...

अब इतिहास बनने जा रहा है। ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम द्वारा राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड की आर्थिक सहायता से निर्मित बिल्कुल नये और स्वच्छ बाज़ार में स्वच्छ वातावरण के अलावा, ग्राहकों को निजी रिटेल दुकानों की तुलना में एक ही स्थान पर उचित मूल्य पर विभिन्न प्रकार के समुद्री भोजन (सीफूड) उपलब्ध होंगे। इस नई सुविधा के साथ, अब मछलियाँ मक्खियों और धूल के संपर्क में नहीं आएंगी। राष्ट्रीय मत्स्य विकास बोर्ड के फंड से 9.4 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित इस नई सुविधा में एक सेलार (तहखाना), ग्राउंड फ्लोर और दो अन्य मंजिलें शामिल हैं, जिसका कुल निर्मित क्षेत्र 3,539 वर्ग मीटर है। यहाँ कुल 214 स्टॉल हैं, जिनमें थोक अनुभाग (43), कटिंग अनुभाग (72), रिटेल अनुभाग (91) और सूखी मछली अनुभाग (8) शामिल हैं। सेलार का उपयोग पार्किंग के लिए किया जाएगा, जबकि ग्राउंड फ्लोर पर थोक अनुभाग, आइस फ्लेक मशीन और कोल्ड स्टोरेज रूम होगा। पहली मंजिल पर कटिंग और रिटेल अनुभाग होगा और दूसरी मंजिल पर कैंटीन के साथ सूखी मछली का अनुभाग बनाया गया है।

उधर, निगम अधिकारियों ने भी दावा किया था कि नया मछली बाज़ार अस्वच्छ वातावरण और विक्रेताओं की अव्यवस्थित व्यवस्था को समाप्त कर देगा। स्टालों की व्यवस्थित व्यवस्था और बिक्री के तरीकों के साथ एक बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। यह जलीय किसानों के लिए आजीविका का एक साधन होगा और उन्हें अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए प्रोत्साहित करेगा।

अधिकारियों के अनुसार, स्वच्छता इस बाज़ार का सबसे आकर्षक पहलू होगा। साथ ही, ट्रैफिक की समस्या, जो ग्राहकों के लिए एक बड़ी बाधा थी, उसे भी दूर कर दिया गया है। पानी की अपर्याप्त आपूर्ति, सीवरेज सिस्टम, बिजली की खराबी और सबसे महत्वपूर्ण बातसैकड़ों ग्राहकों के लिए पार्किंग की कमी, जो विशेष रूप से सप्ताहांत पर यहाँ उमड़ते थेइन सभी समस्याओं को हल कर लिया गया है। अब सेलार में पार्किंग के लिए पर्याप्त जगह उपलब्ध होंगी।

उद्घाटन के बाद मंत्री ने कहा था कि जिन विक्रेताओं को स्टॉल आवंटित किए जाएंगे, उनके नामों की सूची बाज़ार के बाहर लगाई जाएगी। उन्होंने सख्त लहजे में कहा था, सभी स्टॉल बाज़ार के अंदर ही होने चाहिए। यदि कोई व्यक्ति स्टॉल मिलने के बाद भी बाज़ार के बाहर अपना व्यवसाय लगाता है, तो उसका स्टॉल आवंटन रद्द कर दिया जाएगा। इस उद्घाटन समारोह में क्षेत्र के वरिष्ठ बीआरएस नेता नंदकिशोर व्यास 'बिलाल', बेगम बाजार के कार्पोरेटर जी.शंकर यादव, मंगलहाट की पूर्व कार्पोरेटर परमेश्वरी सिंह आदि भी उपस्थित थे।

**सड़न और बदबू से खरीदार और व्यापारी बेहाल**

सूखे खून के धब्बे, कचरे के ढेर और लावारिस पशुओं की गंदगी से भरी संकरी गलियों के बीच से जूझते खरीदार और वाहन चालकयह हैदराबाद के व्यस्त बेगम बाज़ार मछली बाज़ार का आम नज़ारा बन गया है। जहां एक ओर मछली विक्रेता और ग्राहक लंबे समय से खराब स्वच्छता की शिकायत कर रहे हैं, वहीं दूसरी ओर स्थिति में आंशिक सुधार भी नहीं हुआ है। हालात इतने खराब हैं कि अच्छी बिक्री के बावजूद कई व्यापारी अब इस बाज़ार को छोड़कर जाने पर विचार कर रहे हैं।

स्थानीय लोगों का कहना है कि हालांकि ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम नियमित रूप से इलाके से कचरा उठाता है, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। दुकानों का आवंटन न होने के कारण सडक पर व्यापार करने को मजबूर एक मछली विक्रेता ने बताया, निगम की गाड़ियाँ हर सुबह आती हैं, लेकिन इससे स्थिति में कोई सुधार नहीं हुआ है। सीवेज का पानी हमारे लिए सबसे बड़ी समस्या है, क्योंकि इसके कारण अक्सर स्टॉल लगाना मुश्किल हो जाता है। इससे भी बदतर यह है कि यह नागरिक संकट अब आस-पास के इलाकों में भी फैल गया है, जिससे निवासी अपने घरों के बाहर जमा स्थिर पानी और उससे होने वाली मच्छर जनित बीमारियों को लेकर चिंतित हैं।

### 10 ट्रिलियन...

संपत्ति में बड़ा इजाफा हुआ है।

जनवरी 2026 तक घरों में रखे सोने की वैल्यू 5 ट्रिलियन डॉलर से अधिक पहुंच गई, जो भारत की कुल जीडीपी का लगभग 125% है।

परिवारों के पास बैंक डिपॉजिट और शेयर बाजार निवेश से 175% अधिक मूल्य सोने में है।

नॉन-प्रॉपर्टी वेल्थ (जमीन-मकान छोड़कर) में सोने की हिस्सेदारी करीब 65% तक पहुंच गई है।

**2047 तक जीडीपी में 7.5 ट्रिलियन डॉलर का संभावित इजाफा**

एसोचैम ने सुझाव दिया है कि यदि हर साल घरों में रखे सोने का केवल 2% हिस्सा गोल्ड मोनेटाइजेशन स्कीम या वित्तीय परिसंपत्तियों में बदला जाए, तो 2047 तक भारत की जीडीपी में 7.5 ट्रिलियन डॉलर का अतिरिक्त इजाफा हो सकता है।

रिपोर्ट के अनुसार, 2047 तक भारत की संभावित 34 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था, सोने के बेहतर उपयोग से 41.5 ट्रिलियन डॉलर तक पहुंच सकती है।

**गोल्ड लोन का बढ़ता चलन**

सोने को अब केवल तिजोरी में रखने के बजाय लोग इसे उत्पादक कार्यों में भी उपयोग कर रहे है। नवंबर 2025 तक देश में गोल्ड लोन का आंकड़ा 24.34 लाख करोड़ तक पहुंच गया।

यह लोन अब छोटे व्यवसाय, कृषि और इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए एक प्रमुख वित्तीय साधन बनता जा रहा है।

**अर्थव्यवस्था के लिए अवसर और चुनौती दोनों**

विशेषज्ञों का मानना है कि भारत में सोना एक पारंपरिक सुरक्षित निवेश है, लेकिन इसका बड़ा हिस्सा निष्क्रिय पड़ा है। यदि इसे औपचारिक वित्तीय प्रणाली में लाया जाए, तो यह देश की विकास दर को कई गुना बढ़ा सकता है।

### अशांति ...

वहीं अमेरिका की तरफ से उप राष्ट्रपति जेडी वेंस, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के शीर्ष दूत स्टीव विटकॉफ और दामाद जेरेड कुशनर इस युद्धविराम वार्ता में हिस्सा लेंगे। पाकिस्तान के सेना प्रमुख फील्ड मार्शल असीम मुनीर इस मीटिंग का हिस्सा होंगे या नहीं, इस बारे में अब तक कोई जानकारी उपलब्ध नहीं है।

सूत्रों का कहना है कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ शनिवार सुबह सबसे पहले वार्ता की औपचारिक शुरुआत करेंगे। वो दोनों पक्षों के साथ अलग-अलग प्रारंभिक बैठकें करेंगे। इसके बाद पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार दोनों देशों के नेताओं के बीच अलग-अलग कमरे में समन्वय बनाने की कोशिश करेंगे। एक बार दोनों के बीच समन्वय बन जाने पर ही आमना-सामना कराया जाएगा। माना जा रहा है शनिवार सुबह बातचीत नौ बजे के आसपास औपचारिक रूप से शुरू होगी और उस दिन मुख्य बातों पर ही फोकस रहेगा। एक बार सहमति बनने के बाद हो सकता है कि दोनों टीम वहां से रवाना हो जाएं और आगे की बातचीत के लिए फिर से दोनों देशों के अधिकारी एक-एक प्वाइंट पर चर्चा करें। ये भी दावा किया जा रहा है कि ये वार्ता लगातार दो से तीन दिन तक चल सकती है।

**गोपनियता और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम**

सबसे खास बात ये है कि पाकिस्तान ने ऐसी व्यवस्था की है कि ईरान और अमेरिका से कोई भी अधिकारी या नेता बगैर वीजा पाकिस्तान आ सकता है। मतलब इमरजेंसी में अगर ईरान या अमेरिका के किसी नेता या अधिकारी को पाकिस्तान आना पड़ा तो उन्हें वीजा लेने की जरूरत नहीं पड़ेगी। शुक्रवार को खबरें आईं थीं कि ईरान का प्रतिनिधिमंडल पाकिस्तान पहुंच गया है, मगर अब तक कोई दावा नहीं कर रहा है कि ईरान की तरफ से वार्ता के लिए कौन पहुंचा है। वहीं अमेरिका से आज ये कंफर्म किया गया कि वेंस पाकिस्तान के लिए रवाना हो चुके हैं।

माना जा रहा है कि पाकिस्तान में सुरक्षा कारणों और अमेरिका-ईरान में विश्वास की कमी के कारण ज्यादा गोपनियता बरती जा रही है और किसी भी तरह की जानकारी नहीं दी जा रही है। पाकिस्तान को भी पता है कि अगर उसकी जमीन पर किसी भी नेता को कुछ भी हुआ तो वो देश पाकिस्तान को कभी माफ नहीं करेगा। यही कारण है कि खुद मुनीर और शहबाज शरीफ एक-एक बात का ध्यान रख रहे हैं। वहीं अमेरिका और ईरान फिलहाल अपनी तरफ से धमकियां देकर अपनी शर्तें मनवाने के लिए लगातार दबाव बना रहे हैं।

### कठोर शर्तें ...

उन्होंने यह भी साफ किया कि ये दोनों मुद्दे वार्ता शुरू होने से पहले हल होना जरूरी हैं।

दूसरी ओर, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कड़ा रुख अपनाते हुए कहा है कि अगर डील नहीं होती, तो अमेरिका फिर हमला करेगा। ट्रम्प ने स्पष्ट किया कि अमेरिकी युद्धपोतों को सबसे बेहतरीन हथियारों से लैस किया जा रहा है और जरूरत पड़ने पर इनका पूरी ताकत से इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने यह भी दावा किया कि ईरान को यह समझ नहीं आ रहा है कि उसके पास अब कोई मजबूत विकल्प नहीं बचा है। ट्रम्प के मुताबिक ईरान फिलहाल सिर्फ होर्मुज स्ट्रेट का इस्तेमाल करके दुनिया पर थोड़े समय के लिए दबाव बनाने की कोशिश कर रहा है, लेकिन उसके पास इस समय बातचीत करने के अलावा कोई रास्ता नहीं है। ईरान अभी सिर्फ इसलिए सुरक्षित है क्योंकि वह बातचीत करना चाहता है।

वहीं, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस बातचीत के लिए पाकिस्तान रवाना हो गए हैं। उन्होंने ईरान को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर वह ईमानदारी से बातचीत करेगा तो अमेरिका तैयार है, लेकिन खेल करने की कोशिश पर सख्त जवाब दिया जाएगा। इस्लामाबाद में दोनों देशों के बीच अहम बैठक होने वाली है, लेकिन बैठक से पहले ही अनिश्चितता बनी हुई है क्योंकि ईरानी डेलिगेशन अब तक पाकिस्तान नहीं पहुंचा है।

अमेरिका और ईरान के बीच निम्नलिखित मुद्दों पर वार्ता होनी है-

अमेरिका का कहना है कि ईरान में कोई संवर्धन नहीं होगा। ईरान को अपना सारा हाई-लीवल इनरिच्ड यूरेनियम बाहर निकालना होगा और न्यूक्लियर फैसिलिटीज बंद या सीमित करनी होंगी।

दुनिया का बहुत सारा तेल और गैस इसी रास्ते से गुजरता है। ईरान अभी भी इसका नियंत्रण रखना चाहता है और टोल (फीस) लेने की बात कर रहा है। वहीं, अमेरिका चाहता है कि रास्ता पूरी तरह खुला और सुरक्षित हो, बिना किसी रुकावट या फीस के।

अमेरिका ईरान की लंबी दूरी की मिसाइलों पर रोक लगाना चाहता है।

ईरान चाहता है कि सभी अमेरिकी और अंतरराष्ट्रीय प्रतिबंध तुरंत हटा दिए जाएं, फ्रोजन एसेट्स वापस मिलें और मुआवजा भी मिले।

### हुमायूं कबीर...

उपेक्षित और उत्पीड़ित समुदायों में बने हुए हैं। पार्टी ने जोर देकर कहा कि एआईएमआईएम का राजनीतिक उद्देश्य हाशिए पर रहने वाले समुदायों को एक स्वतंत्र आवाज प्रदान करना है। साथ ही पार्टी ने यह भी घोषणा की कि भविष्य में पश्चिम बंगाल में उसका किसी भी राजनीतिक संगठन के साथ कोई गठबंधन नहीं होगा।

यह अलगाव तब हुआ है जब राजनीतिक हलकों में एक कथित स्टिंग वीडियो सामने आया है, जिसमें हुमायूं कबीर को कथित तौर पर विवादित टिप्पणी और राजनीतिक सौदेबाजी करते हुए दिखाया गया है। इन दावों ने राज्य में एक नया राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया है। हालांकि, श्री कबीर ने इन सभी आरोपों को सिरे से खारिज करते हुए इसे राजनीति से प्रेरित बताया है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, शनिवार, 11 अप्रैल, 2026

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

# पूर्व जोन शाखाओं की बैठक सम्पन्न

## अग्रवाल समाज की एजीएम आज

**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

अग्रवाल समाज तेलंगाना की पूर्व जोन की शाखाओं की बैठक होटल अमृतसर हवेली में आयोजित की गई। समाज के प्रेस व मीडिया चैयरमेन मुकुंद लाल अग्रवाल ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि बैठक में पूर्व ज़ोन शाखाओं के पदाधिकारीगण एवं केंद्रीय समिति सदस्यगण अत्यधिक संख्या में उपस्थित थे। मंचासीन अग्रवाल समाज के अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार गोयल, सहमंत्री श्रीमती सीमा जैन, पश्चिम ज़ोन के समन्वयकर्ता मुकुंद लाल अग्रवाल, सभी ज़ोन के प्रमुख सुरेश कुमार टंडन का सम्मान शॉल ओढ़ाकर किया गया।




अपने संबोधन में सहमंत्री श्रीमती सीमा जैन ने बताया कि प्रारंभ से अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता ने पदाधिकारियों के बीच समन्वय बनाये रखने हेतु सभी को अपना दायित्व पूर्ण रूप से निर्वाह करने, हिसाब-किताब बराबर बनाकर हर सप्ताह भेजने हेतु कोषाध्यक्ष से आग्रह किया। संविधान के अनुसार बैंक्वेट हॉल का हिसाब हर महीने प्रस्तुत करने का आग्रह किया गया, लेकिन कभी भी हिसाब नहीं दिया गया। हमेशा अध्यक्ष के किसी भी सुझाव को उपाध्यक्ष तथा मानद मंत्री एवं कोषाध्यक्ष द्वारा नज़रअंदाज़ किया गया और हमेशा उनके विचारों की अवहेलना की गई।

विज्ञप्ति के अनुसार, समाज द्वारा वुमन एंपाउर्नमेंट कार्यक्रम 3 अप्रैल से 15 अप्रैल तक किए जा रहे हैं जिसमें महिलाओं को सशक्त बनाने हेतु प्रयास किया जा रहा है। 200 महिलाओं को कनावरम ले जाया गया जिसमें कार्यवाहक अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार गोयल का विशेष सहयोग रहा, जिसे सभी महिलाओं ने अत्यंत सराहा तथा भरपूर आनंद उठाया। उन्होंने सभागृह में उपस्थित सभी अग्रबंधुओं से वर्तमान में आई सभी बाधाओं को दूर करने हेतु अध्यक्ष तथा कार्यवाहक अध्यक्ष को सहयोग प्रदान कर उनके द्वारा लाई जाने वाली सभी योजनाओं का लाभ पहुँचाने हेतु आग्रह किया।

**विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की घोषणा**

पूर्व जोन के समन्वयकर्ता महेंद्र कुमार अग्रवाल ने उपस्थित सभी अग्रबंधुओं का स्वागत करते हुए शाखाओं के पदाधिकारियों से अग्रवाल समाज को उन्नति के मार्ग पर ले जाने हेतु सहयोग प्रदान करने का निवेदन किया। पांचों जोन के मुखिया सुरेश कुमार टंडन ने निकट भविष्य में समाज द्वारा अपनाई जाने वाली विभिन्न योजनाओं की जानकारी प्रदान की, जिसमें जगन्नाथपुरी तीर्थ यात्रा, पुनः इंडक्शन चुल्हा, सिलाई मशीन, शहर के विभिन्न स्थानों में वाटर कूलर की स्थापना, शिक्षा सहायता, चिकित्सा सहायता, 11/- रूपये में केन्द्र में विशेष सदस्यता अभियान, प्रिविलेज कार्ड, राशन वितरण, विकलांगों हेतु सहायता आदि शामिल हैं। पश्चिम जोन के जिला समन्वकर्ता मुकुंद लाल अग्रवाल ने बताया कि सभी योजनाएँ आर्थिक रूप से कमजोर अग्रबंधुओं के परिवार हेतु चलाई जा रही हैं जिसमें समाज के अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता, कार्यकारी अध्यक्ष श्री नरेन्द्र कुमार गोयल, सहमंत्री डॉ. सीमा जैन की प्रमुख भूमिका है। समाज की पत्रिका अग्रमंजूषा भी इस माह से निरंतर प्रकाशित होने वाली है अतः सभी पदाधिकारियों से निवेदन है कि जुलाई 2025 से अभी तक के शाखाओं में आयोजित कार्यक्रमों की जानकारी प्रकाशन हेतु एवं विज्ञापन हेतु चैयरमेन मुकेश कुमार केडिया अथवा समाज कार्यालय में भेजें।

**अध्यक्ष का भावुक संबोधन व आगामी विशेष सभा का आह्वान**


अपने संबोधन में अध्यक्ष अनिरुद्ध गुप्ता भाव विभोर हो गए। उन्होंने कहा कि उन्हें समाज के बारे में ज़्यादा जानकारी नहीं थी। भाई अंजनी अग्रवाल एवं मनीष अग्रवाल उनके पास आए थे और अध्यक्ष पद स्वीकारने हेतु आग्रह किया गया। उन्होंने पहले ही कह दिया था कि व्यवसाय के कारण समय नहीं दे पाएंगे, लेकिन उन्होंने आश्वासन दिया कि ज़्यादा समय देने की आवश्यकता नहीं रहेगी। चुनाव हुए और विजयी हुए।

उन्होंने प्रारंभ से सदस्य संख्या एक लाख तक बनाने का लक्ष्य रखा था, लेकिन उपाध्यक्ष, मंत्री तथा कोषाध्यक्ष का सपोर्ट नहीं मिला। उनकी हर बात को नज़र अंदाज़ कर नॉन कोऑपरेशन की पालिसी बनाये रखी गई। उनके द्वारा सुझाए किसी भी कार्य को करने में पूर्ण रूप से असहाय की स्थिति बनी रही। जयंती के समय भी सहयोग बिल्कुल नहीं मिला, कैसे भी जयंती अग्रबंधुओं के सहयोग से अच्छी बन गई।मंत्री द्वारा उनके सुझाओं की अवहेलना कर समाज के कार्यालय के कामकाज में हमेशा बाधा उत्पन्न की गई तथा कोषाध्यक्ष से बार बार आग्रह करने पर भी कभी हिसाब की प्राप्ति नहीं हुई। 41 कमिटियाँ गठित की गई थीं और मंत्री द्वारा सभी कमिटियों की रिपोर्ट 10 अक्टूबर तक भेजने हेतु आग्रह किया गया था तथा हर महीने की 10 तारीख को पिछले माह की रिपोर्ट देने का आग्रह किया गया था, लेकिन किसी भी कमिटी के चैयरमेन ने रिपोर्ट नहीं भेजी। कुछ कमिटियों को छोड़कर बाकी कमिटियों को भंग करने का निर्णय पदाधिकारियों की बैठक में लिया गया था। कार्यवाहक अध्यक्ष बनाने का निर्णय भी पदाधिकारियों की मीटिंग में लिया गया था। उन्होंने आरोप लगाया कि अपने ही निर्णय की अवहेलना कर आज समाज को विघटन की स्थिति में लाने का कार्य किया जा रहा है। जिस विषय का निर्णय पदाधिकारियों की बैठक में ले लिया जाता था, वह निर्णय एक घंटे के भीतर ही मुकर दिया जाता था। समाचार पत्रों के माध्यम से समाज की छवि को धूमिल करने का कार्य उपाध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष द्वारा किया जा रहा है।

उनके विरुद्ध आर्बिट्रेशन एंड डिसिप्लिनरी कमिटी का गठन पूर्व अध्यक्ष श्री सुरेश सिंघल के नेतृत्व में किया गया और उनकी रिपोर्ट के अनुसार उपाध्यक्ष, मंत्री एवं कोषाध्यक्ष को उनके पद से निरस्त किया गया। मंत्री द्वारा वार्षिक साधारण सभा का आयोजन 12 अप्रैल को बाँटिया गार्डन में करने का नोटिस दिया गया जो पूर्णतः असंवैधानिक है क्योंकि संविधान के अनुसार मीटिंग बुलाने हेतु अध्यक्ष की अनुमति लेना आवश्यक है और चर्चा किए जाने वाले विषयों का निर्णय भी अध्यक्ष की अनुमति से करना अनिवार्य है, जिसकी बिना चर्चा किए मीटिंग की नोटिस निकाली गई।उन्होंने पूर्व अध्यक्ष श्री मनीष अग्रवाल से आग्रह किया कि वे यह बताएं कि पिछले दो वर्षों में उनके कार्यकाल में शिक्षा तथा चिकित्सा में खर्च किए गए 50 लाख रूपये की रकम कहाँ से आई और किनको सहायता प्रदान की गई। इसका ब्योरा सार्वजनिक करें।अध्यक्ष ने बताया कि समाज की वर्तमान स्थिति को देखते हुए एक विशेष साधारण सभा का आयोजन शनिवार, 11 अप्रैल को सायं 7-40 बजे होटल रॉयल्टन, चिराग़ अली लेन में किया गया है। सभी शाखाओं के पदाधिकारियों, केंद्रीय समिति सदस्यों, नवगठित कमिटियों के चैयरमेन, परामर्शदाताओं से आग्रह है कि समय पर उपस्थित होकर समाज को नई दिशा प्रदान करें।

**शाखाओं का प्रतिनिधित्व व उपस्थिति**

बैठक में पूर्व जोन की वनस्थलीपुरम, कोत्तापेट, मलकपेट, मलकपेट युवा, मलकपेत महिला, मलकपेट सेंट्रल, सत्य शक्ति महिला टी. वी. टावर, श्याम मंदिर शाखाओं के पदाधिकारीगण एवं केन्द्रीय समिति सदस्यगण उपस्थित थे। उपस्थित अग्रबंधुओं में अग्रवाल समाज के संविधान की पुस्तकें बांटी गईं जिससे अग्रबंधु भ्रमित ना हों।कार्यक्रम में समाज के अध्यक्ष श्री अनिरुद्ध गुप्ता, कार्यवाहक अध्यक्ष श्री नरेंद्र कुमार गोयल, सहमंत्री श्रीमती डॉ. सीमा जैन, पश्चिम जोन के जिला समन्वयकर्ता मुकुंद लाल अग्रवाल, उत्तर जोन के जिला समन्वयकर्ता सुनील कुमार चोखानी, दक्षिण जोन की जिला समन्वयकर्ता श्रीमती अल्का मिंडा, सेंट्रल जोन के जिला समन्वयकर्ता अजय तुलसीयान, पूर्व जोन के जिला समन्वयकर्ता महेंद्र कुमार अग्रवाल, सभी जोन के प्रमुख सुरेश कुमार टंडन, समाज के प्रमुख कार्यकर्ता एवं कमिटियों के चेयरमैन सुरेश कुमार अग्रवाल दिल्लीवाले, विनय जैन, नवल किशोर बंसल, सतीश सरायवाला आदि बड़ी संख्या में अग्रबंधु उपस्थित थे। नाचाराम मल्लापुर शाखा के केंद्रीय समिति सदस्य प्रतीक नरसरिया द्वारा सभा का संचालन किया गया। रात्रि भोज के साथ सभा का समापन हुआ।




# महेश बैंक के नवगठित बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट ने संभाला कार्यभार

## सीए रामदेव भूतडा फिर से चुने गए अध्यक्ष
## दिसम्बर 2030 तक का रहेगा कार्यकाल



**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**

दिसम्बर 2030 तक के लिए महेश बैंक के नवगठित बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। इस अवसर पर संस्था के निदेशक मण्डल के पदाधिकारियों ने नए पदाधिकारियों को बधाई दी और उनके सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

नवगठित बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट में सीए रामदेव भूताड़ा को एक बार फिर अध्यक्ष चुना गया है।

उनके साथ बोर्ड के अन्य सदस्यों में प्रवीण बाहेती, सीए बजरंगलाल झँवर, सीए कन्हैयालाल राठी और सीए नरसिंगलाल धूत शामिल हैं। यह कार्यकाल दिसम्बर 2030 तक का होगा।

महेश बैंक के निदेशक मण्डल के चेयरमैन सीए मुरली मनोहर पलोड़ और वाईस चेयरमैन गोविंद नारायण राठी ने बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट के चेयरमैन एवं सभी सदस्यों को बधाई दी। इस अवसर पर महेश बैंक के महाप्रबंधक श्रीनिवास राव और अधिकारी वेणुगोपाल भी उपस्थित थे।

# मिधानि ने स्वदेशी एयरो-इंजन सामग्रियों की योग्यता में महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की



**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मिश्र धातु निगम लिमिटेड (मिधानि) ने उन्नत एयरो इंजनों के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण सुपरअलॉय, टाइटेनियम अलॉय एवं विशेष इस्पात के स्वदेशी विकास तथा उड़ान योग्यता (एयरवर्थिनेस) प्रमाणन के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। इन सामग्रियों में फोर्ज्ड बार, हॉट-रोल्ड बार तथा रोल्ड रिंग शामिल हैं। 200 से अधिक पुर्जों को टाइप-प्रमाणित किया जा चुका है और उन्हें एयरो-इंजन अनुप्रयोगों के लिए सफलतापूर्वक आपूर्ति किया गया है।

इस अवसर पर, सैन्य उड़ान योग्यता एवं प्रमाणन केंद्र (सेमिलैक) के मुख्य कार्यकारी, श्री ए.पी.वी.एस. प्रसाद ने मिधानि के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, डॉ. एस.वी.एस. नारायण मूर्ति को उड़ान योग्यता प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस प्रमाणपत्र के माध्यम से एयरो-इंजन अनुप्रयोगों हेतु इन महत्वपूर्ण सामग्रियों के शृंखलाबद्ध उत्पादन के लिए सुपरअलॉय के 8 विभिन्न ग्रेड एवं रूपों, टाइटेनियम अलॉय के 2 विभिन्न ग्रेड एवं रूपों तथा विशेष इस्पात के 4 विभिन्न ग्रेड एवं रूपों को मंजूरी प्रदान की गई है। इस कार्यक्रम में मिधानि के निदेशक (उत्पादन एवं विपणन) श्री पी. बाबू के साथ-साथ मिधानि, एचएएल और सैमिलैक के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे।

यह उपलब्धि उन्नत एयरो-इंजन सामग्रियों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को सुदृढ़ करने की दिशा में मिधानि की भूमिका को और अधिक सशक्त बनाती है।

# एचआईसीसी में शुरू हुई तीन दिवसीय हाईलाइफ प्रदर्शनी

**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** हाईलाइफ की तीन दिवसीय समर ट्रेंड्स विशेष फैशन एवं लाइफ स्टाइल प्रदर्शनी शुक्रवार को माधापुर स्थित एचआईसीसी नोवोटेल में शुरू हुई।मुख्य आयोजक एबे डॉमिनिक की उपस्थिति में शुक्रवार को अभिनेत्री निधि अग्रवाल ने हाईलाइफ प्रदर्शनी का उद्घाटन किया।

इस अवसर पर अभिनेत्रियों- वर्षा, प्रज्ञा अय्यगरी (मिस सुप्रानेशनल एशिया 2023) के साथ विभिन्न मॉडलों ने प्रदर्शनी में भाग ले रहे डिजाइनरों के परिधानों एवं आभूषणों का प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में फैशन प्रेमी कार्यक्रम में मौजूद थे।

एबे डॉमिनिक ने संवाददाताओं को बताया कि प्रदर्शनी में एक ही मंच पर कई सारी वस्तुओं को खरीदने और अपने लिए अच्छे विकल्प तलाशने का अवसर फैशन प्रेमियों को अपनी ओर आकर्षित करता है। संयोजक ने इस बार हाई लाइफ की विशेष प्रदर्शनी उत्सव और शादी ब्याह के मौसम के मद्देनज़र काफी महत्व रखती है। उन्होंने बताया कि देशभर के डिज़ाइनर रचनात्मक फैशन परिधान, लाइफस्टाइल से जुड़ी अनेक प्रकार की वस्तुएं, उत्सव आधारित परिधान, दुल्हनों के परिधान, साड़ियां, एसेसरीज, ज्वेलरी और उपयोगी वस्तुओं का आकर्षक संग्रह लेकर हाजिर हुए हैं। उन्होंने बताया कि प्रदर्शनी में साज सज्जा की वस्तुओं के स्टॉल भी हैं। यह प्रदर्शनी 12 अप्रैल तक जारी रहेगी।



शुभ लाभ खबरें जो सोच बदल दे हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

# श्रीमद्भागवत कथा: दूसरे दिन राजा परीक्षित प्रसंग से भाव-विभोर हुए श्रद्धालु

**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** राजस्थानी जागृति समिति द्वारा राजधानी होटल के समीप स्थित बाहेती भवन में आयोजित श्रीमद्भागवत सप्ताह ज्ञान यज्ञ के दूसरे दिन कथा पंडाल में भक्ति और श्रद्धा का अद्भुत वातावरण देखने को मिला। बड़ी संख्या में श्रद्धालु कथा श्रवण के लिए उमड़े और पूरे परिसर में हरि नाम की मधुर ध्वनि गूंजती रही।

**राजा परीक्षित प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन**

व्यासपीठ से बालस्वरूपा बाल विदुषी सुश्री हरिप्रिया वैष्णवी ने आज राजा परीक्षित के जन्म, कलयुग के प्रभाव और मोक्ष के मार्ग का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के माध्यम से बताया गया कि अश्वत्थामा द्वारा छोड़े गए ब्रह्मास्त्र से जब उत्तरा के गर्भ पर संकट आया, तब स्वयं भगवान श्रीकृष्ण ने रक्षा कर परीक्षित के जीवन को सुरक्षित किया। बाल विदुषी ने आगे बताया कि राजा परीक्षित एक धर्मनिष्ठ और न्यायप्रिय शासक थे, लेकिन कलयुग के प्रभाव से उनसे एक भूल हो गई। वन में शिकार के दौरान प्यास से व्याकुल होकर जब वे शमीक ऋषि के आश्रम पहुंचे और ऋषि मौन ध्यान में लीन रहे, तब क्रोधवश उन्होंने एक मृत सर्प ऋषि के गले में डाल दिया।



**श्राप और वैराग्य का संदेश**

इस घटना से दुखी होकर ऋषि पुत्र श्रृंगी ने राजा परीक्षित को श्राप दिया कि सातवें दिन तक्षक नाग के डसने से उनकी मृत्यु होगी। यह प्रसंग सुनकर श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे और जीवन में संयम व विवेक की आवश्यकता को समझा।

श्राप का समाचार मिलते ही राजा परीक्षित ने तत्काल राज-पाट का त्याग कर गंगा तट पर तपस्या का मार्ग अपनाया, जहां अनेक ऋषि-मुनियों के बीच शुकदेव जी का दिव्य आगमन हुआ।

महाराज श्री ने शुकदेव-परीक्षित संवाद का वर्णन करते हुए कहा, मृत्यु समीप हो तो मनुष्य को क्या करना चाहिएइस प्रश्न पर शुकदेव जी ने बताया कि यदि मन गोविंद में लग जाए, तो एक क्षण में भी मुक्ति संभव है।

**भक्ति, सेवा और सत्संग का संदेश**

सुश्री हरिप्रिया वैष्णवी ने श्रद्धालुओं को गौसेवा का महत्व बताते हुए कहा कि प्रतिदिन गोमाता को रोटी प्रदान करनी चाहिए और यदि आसपास गोमाता न मिले तो निकटतम गोशाला में जाकर सेवा करनी चाहिए। कथा के दौरान भजनों की मधुर प्रस्तुति ने वातावरण को और अधिक भक्तिमय बना दिया, जहां श्रद्धालु भाव-विभोर होकर झूम उठे। अंत में संस्था के अध्यक्ष श्रीनिवास सोमानी, आशा देवी सोमानी, महामंत्री महेश अग्रवाल, कोषाध्यक्ष संजय राठी, मनीष सोमानी, संगठन मंत्री रमेश मोदानी, श्रीमती उर्मिला मोदानी एवं अन्य श्रद्धालुओं ने भागवत आरती की और तत्पश्चात भोजन प्रसाद का वितरण किया गया।साथ ही भगवानदास कांकानी, सुषमा काकाणी, छगनलाल नवंदर, शकुंतला नवंदर ने व्यासपीठ की विशेष पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

**कथा का उद्देश्य: जीवन में धर्म और सदाचार**

बालस्वरूपा बाल विदुषी सुश्री हरिप्रिया वैष्णवी ने अपने संदेश में कहा कि श्रीमद्भागवत कथा केवल श्रवण मात्र नहीं, बल्कि जीवन को धर्म, भक्ति और सदाचार के मार्ग पर चलाने की प्रेरणा है। उन्होंने बताया कि भगवान उन सभी भक्तों को स्मरण करते हैं जो सच्चे मन से उन्हें याद करते हैं। श्रीनिवास सोमानी ने बताया कि भागवत कथा समारोह के मुख्य यजमान श्री अंजनी कुमार अग्रवाल हैं। वहीं दैनिक यजमान के रूप में मनीष अग्रवाल, वेणुगोपाल तोतला, कृष्ण कुमार संथालिया, बृज गोपाल असावा, हीरालाल सोमानी, कमलकिशोर काकाणी, श्रीमती जया रमेश जागीरदार एवं अशोक कुमार हीरावत अपनी सेवाएं प्रदान कर रहे हैं।



हैदराबाद राधे-राधे ग्रुप के तत्वावधान में शुक्रवार को नामपल्ली स्थित पब्लिक गार्डन, पिलर नंबर 1265ए, बेगम बाजार एवं केबीआर पार्क के पास नियमित अन्नदान कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। इस सेवा कार्य में बड़ी संख्या में समाजसेवियों ने भाग लेकर जरूरतमंदों को भोजन वितरित किया और सेवा भाव का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया।

# गुरचरन सिंह बग्गा का सम्मान वैसाखी पर्व पर विशेष आमंत्रण



**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** अमीरपेट गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष दर्शन सिंह के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में ऑल तेलंगाना गुरुद्वारा साहिबान के चेयरमैन तथा गुरु सिंह सभा अशोक बाजार के नवनिर्वाचित अध्यक्ष गुरचरन सिंह बग्गा को सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर कमेटी के पदाधिकारियों ने गुर-चरन सिंह बग्गा को भारी मतों से विजयी होने पर हार्दिक बधाई दी। कार्यक्रम में स. लाहौर सिंह (वरिष्ठ उपाध्यक्ष), स. भलेन्द्र सिंह, स. चरनजीत सिंह, स. देवेंद्र सिंह, स. रंजीत सिंह, स. बेग सिंह लाल, स. राजेंद्र सिंह निशानची सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान गुरुद्वारा साहिब अमीरपेट द्वारा वैसाखी पर्व के अवसर पर आयोजित होने वाले सभी धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में गुरचरन सिंह बग्गा को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया।



अयोध्या से पधारे प्रसिद्ध हनुमानगढी मन्दिर के महंत राम दास का अलवाल हनुमान मन्दिर में अभिनंदन करती हुईं लव फॉर काऊ फाउंडेशन की ट्रस्टी परमेश्वरी शर्मा। साथ में हैं अनिता व्यास एवं अन्य।




गुरुदेव भजन मंडल द्वारा जुगल किशोर पुरोहित गुरु की पुण्यतिथि के अवसर पर अत्तापुर हनुमान मंदिर के पास छाछ (मट्ठा) और नींबू पानी की सेवा की गई। इस सेवा कार्य में राजाराम पुरोहित, मनोज व्यास, श्रीराम पुरोहित, ओम पुरोहित, कृष्णा पुरोहित और डॉ. राघव व्यास सहित अन्य भक्तों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। गुरुदेव की स्मृति में आयोजित इस सेवा कार्यक्रम के माध्यम से श्रद्धालुओं को प्रसाद रूप में ठंडे पेय वितरित किए गए और श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

# डॉ. हैनीमैन की जयंती पर 'विश्व होमियोपैथी दिवस' मनाया गया





**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** केंद्रीय आयुर्वेदीय विज्ञान अनुसंधान परिषद (आयुष मंत्रालय, भारत सरकार) के निर्देशों के अनुपालन में राष्ट्रीय भारतीय चिकित्सा संपदा संस्थान द्वारा संस्थान परिसर में विश्व होमियोपैथी दिवस मनाया गया।

डॉ. सी. एफ. सैमुअल हैनीमैन (होमियोपैथी के जनक एवं संस्थापक) की 271वीं जयंती के अवसर पर प्रभारी सहायक निदेशक डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद सहित संस्थान के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने संग्रहालय कक्ष-खख में स्थापित उनकी अर्ध-प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की। इसके उपरांत सम्मेलन कक्ष में आयोजित बैठक में डॉ. गोलि पेंचल प्रसाद ने अपने उद्घाटन भाषण में सभी को शुभकामनाएं देते हुए होमियोपैथी पद्धतियों के प्रचार-प्रसार पर बल दिया। उन्होंने आयुष पद्धतियों के चिकित्सकों से जनता के स्वास्थ्य संवर्धन में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया। इस अवसर पर डॉ. बिस्वो रंजन दास (अनुसंधान अधिकारी, होमियो) ने कार्यक्रम का समन्वयन किया तथा डॉ. हैनीमैन के जीवनवृत्त और भारत में होमियोपैथी की वर्तमान स्थिति पर संक्षिप्त प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में डॉ. वी. सुभोस, डॉ. आर. गोविंद रेड्डी, डॉ. वी. श्रीदेवी, डॉ. अशफाक अहमद, डॉ. टी. साकेत राम सहित अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने हर्षोल्लास के साथ भाग लिया।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ. संतोष एस. माने द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा राष्ट्रगान के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती की तैयारी शुरू, भारत भारती की बैठक सम्पन्न




**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** भारत भारती द्वारा सिकंदराबाद स्थित ताज ट्री स्टार में 31 मई 2026 को सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती मनाने के लिए एक विशेष तैयारी बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। सरदार पटेल, जिन्हें भारत के आयरन मैन के नाम से भी जाना जाता है, के सम्मान में आयोजित होने वाले भव्य समारोह की रूपरेखा पर इस बैठक में चर्चा की गई।

इस सत्र में संगठन के प्रमुख सदस्य और कम्युनिटी लीडर्स एकत्र हुए, जहां 31 मई 2026 को हैदराबाद में बड़े स्तर पर आयोजन करने की योजना बनाई गई।भारत भारती के वर्किंग प्रेसिडेंट विनय पत्राले ने बताया कि देश के महान राष्ट्र-निर्माताओं में से एक सरदार पटेल को सम्मान देने के लिए आगामी कार्यक्रमों की रणनीतिक योजना, सहयोग और समन्वय पर विशेष ध्यान दिया गया। उन्होंने यह भी कहा कि ऑपरेशन पोलो के बिना हैदराबाद का भारत में विलय संभव नहीं होता।बैठक के समन्वयक संजय गणाठे ने कहा कि भारत को एक सूत्र में पिरोने में सरदार पटेल का योगदान आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करता रहेगा।उन्होंने आगे कहा कि इस पहल का उद्देश्य सरदार वल्लभभाई पटेल को वह सम्मान, व्यापकता और राष्ट्रीय भावना देना है, जिसके वे वास्तव में हकदार हैं।

इस बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में रामचंद्र राव उपस्थित रहे।

इसके अलावा वीरेंद्र गौड़, संजय गणाठे, राम कृष्ण, विजय सुराणा, अले भास्कर, गुजराती समाज के वरिष्ठ सदस्य जसमत पटेल सहित कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

भारत भारती टीम की ओर से नेशनल एग्जीक्यूटिव प्रेसिडेंट विनय पत्राले, डॉ. अरुणा, डॉ. मीनाक्षी, सीएस चव्हाण तथा अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने भी बैठक में भाग लिया।

बैठक सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक चली, जिसमें सभी सदस्यों ने आगामी आयोजन को भव्य और सफल बनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की।सभी उपस्थित सदस्यों ने एकजुट होकर इस ऐतिहासिक आयोजन को सफल बनाने का संकल्प लिया।

# कारीगर श्रमिकों की हड़ताल : सरकार से बातचीत और वादे पूरे करने की मांग




**पेद्दापल्ली, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** कारीगर संयुक्त करीमनगर जिला जेएसी के अध्यक्ष तुल्ला नागराजू ने कहा कि तीन दिनों से हड़ताल पर बैठे कारीगर श्रमिकों के प्रति सरकार की उदासीनता गलत है। सरकार को बातचीत का आह्वान कर वादे पूरे करने चाहिए। उन्होंने कहा कि उपमुख्यमंत्री मल्लु भट्टी विक्रमार्क की पदयात्रा के दौरान दिए गए आश्वासनों पर अमल हो।नियमित कर्मचारियों के साथ ही एपीएसऔरईबी नियम लागू हों, शैक्षणिक योग्यता पर पदोन्नति हो, 2016 से कार्यरत श्रमिकों को कारीगर मान्यता मिले। एक ही संगठन-एक ही नियम की मांग। हड़ताल तब तक जारी रहेगी जब तक मांगें पूरी न हों। प्रेस क्लब में आयोजित मीडिया कॉन्फ्रेंस में सह-संयोजक ई. प्रसाद, जिला संयोजक एसडी कालीमोद्दीन समेत अन्य उपस्थित।

# मदनूर में आईसीपी धान खरीद केंद्र का निरीक्षण



**मदनूर, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मदनूर आय के पी (आईसीपी) अधिकारियों ने बताया कि तेलंगाना सरकार के आदेश के अनुसार मदनूर मंडल के सुल्तानपेट ग्राम पंचायत में आईसीपी धान खरीद केंद्र स्थापित किया गया है।

शुक्रवार को यह केंद्र मदनूर मंडल कांग्रेस पार्टी मंडल अध्यक्ष दारासवार सायलु द्वारा ग्राम पंचायत कार्यालय परिसर में किया गया।इस मौके पर ग्राम सरपंच राजेश्वर गौड, ग्राम उप सरपंच, और ग्राम की जनता/किसान उपस्थित रहे।

# वरंगल: रैगिंग के आरोप में काकतीय मेडिकल कॉलेज के 7 छात्रों पर केस दर्ज



**वरंगल, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मत्वदा पुलिस ने काकतीय मेडिकल कॉलेज के सात सीनियर छात्रों के खिलाफ रैगिंग के आरोप में मामला दर्ज किया है। इन छात्रों पर अपने जूनियर विद्यार्थियों को शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित करने का गंभीर आरोप है।

आरोप है कि 2023 बैच के ये छात्र अपने जूनियर्स को अपमानजनक शारीरिक गतिविधियां करने के लिए मजबूर करते थे। इनमें हॉस्टल की छत पर घंटों तक 'घुटनों के बल बैठना' और 'एयर चेयर' जैसी कठिन स्थितियों में खड़े रहना शामिल था।

यह घटना 29 मार्च की रात की बताई जा रही है। मामले का खुलासा यूजीसी एंटी-रैगिंग हेल्पलाइन के माध्यम से की गई एक औपचारिक शिकायत के बाद हुआ, जिसके बाद प्रशासन हरकत में आया।

मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ. एस. संध्या तथा एंटी-रैगिंग कमेटी ने आंतरिक जांच शुरू की। जांच में 2024 बैच के छात्रों के साथ हुई प्रताड़ना की पुष्टि हुई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# गड्डापोतारम औद्योगिक क्षेत्र की केमिकल फैक्ट्री में भीषण आग

**संगारेड्डी, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** जिले के गड्डापोतारम औद्योगिक क्षेत्र में शुक्रवार को उस वक्त हड़कंप मच गया, जब यहाँ स्थित न्यूट्रॉन महालक्ष्मी सॉल्वेंट केमिकल इंडस्ट्री में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि लगभग एक किलोमीटर दूर तक आसमान में काला धुंआ और गुबार देखा गया, जिससे स्थानीय निवासियों में दहशत फैल गई।

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, यह हादसा सॉल्वेंट केमिकल से भरे ड्रमों में हुए एक जोरदार धमाके के कारण हुआ। धमाका इतना शक्तिशाली था कि देखते ही देखते आग ने पूरी यूनिट को अपनी चपेट में ले लिया।

ज्वलनशील पदार्थ होने के कारण आग तेजी से फैली और फैक्ट्री परिसर में रखे अन्य रसायनों ने भी आग पकड़ ली।

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की गाड़ियाँ तुरंत मौके पर पहुँचीं। अग्निशमन कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। चूंकि यह एक औद्योगिक क्षेत्र है, इसलिए आग की लपटों को देखते हुए आसपास की अन्य कंपनियों के भी इसकी चपेट में आने का खतरा पैदा हो गया था। एहतियात के तौर पर पड़ोसी फैक्ट्रियों में काम रोक दिया गया और दमकल कर्मियों ने आग को फैलने से रोकने के लिए मोर्चा संभाला।दमकल विभाग के अधिकारियों के अनुसार, समय रहते किए गए हस्तक्षेप से एक बड़ी त्रासदी को टाल दिया गया है।

## कार्टून कॉर्नर



# राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की 9वीं बैठक दिल्ली में सम्पन्न

## अनेक राज्यों से शामिल हुए सदस्यों ने विभिन्न विषयों पर की विस्तृत चर्चा



**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की 9वीं बैठक राजधानी स्थित वाणिज्य भवन में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बोर्ड के अध्यक्ष सुनील सिंघी ने की। इसमें विभिन्न राज्यों के बोर्ड सदस्यों के साथ डीपीआईआईटी तथा विभिन्न मंत्रालयों और विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

कर्नाटक राज्य के सदस्य प्रकाश पिरगल ने जीएसटी कानून को सरल बनाने तथा जीएसटी रिफंड प्रणाली में सुधार की आवश्यकता पर बल दिया। बैठक में व्यापार सुगमता बढ़ाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधारों पर चर्चा की गई।

विशेष रूप से एफएसएसएआई लाइसेंसिंग एवं पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने तथा जन विश्वास (संशोधन) विधेयक 2026 के माध्यम से अनुपालन बोझ कम करने पर विचार किया गया। जन विश्वास विधेयक के तहत अनेक प्रावधानों को अपराधमुक्त बनाने और प्रक्रियाओं को सरल करने की दिशा में सरकार के प्रयासों की सराहना की गई।

बैठक में उद्यम पंजीकरण, प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा राजस्थान व्यापार संवर्धन नीति 2025 के अंतर्गत ई-कॉमर्स को बढ़ावा देने वाले प्रोत्साहनों पर भी चर्चा हुई।

स्थानीय प्रशासन के साथ बेहतर समन्वय और व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए व्यापारी उद्यमी प्रशासन संवाद जैसे कार्यक्रमों को हर राज्य में आयोजित करने का निर्णय लिया गया।

डिजिटल सशक्तिकरण के तहत छोटे व्यापारियों के लिए ओएनडीसी के डिजी दुकान प्लेटफॉर्म पर भी विचार-विमर्श किया गया, जिसका उद्देश्य व्यापारियों की डिजिटल क्षमताओं और बाजार तक पहुंच को बढ़ाना है।

बैठक में सरकार की व्यापारी हितैषी नीतियों, सरलीकृत अनुपालन व्यवस्था, वित्तीय सहायता, डिजिटल सशक्तिकरण तथा हितधारकों के साथ सक्रिय संवाद की प्रतिबद्धता को दोहराया गया।

इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में व्यापारियों के लिए बेहतर और अनुकूल वातावरण तैयार करने की दिशा में सरकार के प्रयासों की सराहना की गई।

# बच्ची बिकाऊ है: अमानवीय घटना, पांच लोगों पर केस दर्ज



**बांसवाड़ा, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
एक दिल दहला देने वाली घटना में 18 दिन की मासूम बच्ची को बेचने का मामला सामने आया है। यह अमानवीय घटना तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के बांसवाड़ा मंडल के सोमेश्वर गांव में हुई, जहां गरीबी और सामाजिक दबाव के चलते एक मां ने अपनी नवजात बच्ची को बेच दिया।

माता-पिता के अनुसार, तीन बेटियों के बाद चौथी बार भी बेटी का जन्म हुआ। मां किश्तव्वा ने बताया कि वह चार लड़कियों का पालन-पोषण करने में असमर्थ थी, जिसके चलते उसने 18 दिन की बच्ची को कामारेड्डी जिले के बिरकुर मंडल के दमरांचा गांव की एक महिला को एक लाख रुपये में बेच दिया।

बताया जा रहा है कि बच्ची इतनी छोटी है कि उसे यह भी नहीं पता कि उसके साथ क्या हो रहा है। यह घटना समाज में व्याप्त आर्थिक तंगी और बेटियों के प्रति भेदभाव को उजागर करती है।

मामले की जानकारी मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। बांसवाड़ा पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज होने के बाद सर्किल इंस्पेक्टर तुला श्रीधर ने बताया कि इस प्रकरण में पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है।

पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और बच्ची की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

# भाजपा स्थापना दिवस पर सनतनगर लोढ़ा में उत्साह

## कार्यकर्ताओं ने लिया सेवा और सुशासन का संकल्प



**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के अवसर पर सनतनगर लोढ़ा में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं के निस्वार्थ सेवा, अटूट समर्पण और सुशासन के प्रति उनकी गहरी प्रतिबद्धता को स्मरण किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत वरिष्ठ भाजपा नेत्री सपना गुप्ता एवं कनूरी चन्द्र कुमार द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुई। इस अवसर पर प्रयागराज से पधारीं वैशवी गुप्ता ने विधि-विधान से भारत माता की पूजा-अर्चना की।सपना गुप्ता ने सभी कार्यकर्ताओं को स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि भाजपा का हर कार्यकर्ता राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित है। उन्होंने पार्टी की नीतियों और सुशासन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।इस गौरवशाली अवसर पर सपना गुप्ता के साथ शिव प्रसाद, डिवीजन अध्यक्ष नरेश लिंगम, नरसिंह राव, दयानंद क्रांति, लक्ष्मी नारायण, सीनू (मामाजी), उमा, कनूरी चन्द्र कुमार, प्रीतम, सत्यनारायण एवं प्रयागराज से आईं वैशवी गुप्ता सहित कई गणमान्य पदाधिकारी और उत्साही कार्यकर्ता उपस्थित रहे।कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को शुभकामनाएं दीं और पार्टी को और अधिक मजबूत बनाने तथा समाज सेवा के कार्यों को आगे बढ़ाने का संकल्प लिया।

# राज्यसभा में शपथ ग्रहण : नीतीश कुमार और हरिवंश बने सदस्य



**नई दिल्ली, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
राज्यसभा सभापति सी पी राधाकृष्णन ने आज संसद भवन में नवनिर्वाचित नीतीश कुमार और मनोनीत हरिवंश को सदन की सदस्यता की शपथ दिलाई। श्री कुमार और श्री हरिवंश ने हिन्दी में शपथ ली। श्री नीतीश कुमार राज्यसभा में बिहार राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगे, जबकि श्री हरिवंश को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मनोनीत किया है।

राज्यसभा में उपसभापति श्री हरिवंश का बतौर सदस्य कार्यकाल आज यानी 10 अप्रैल को समाप्त हो रहा है। उनकी पार्टी जनता दल (यूनाइटेड) ने इस बार उन्हें राज्यसभा नहीं भेजा था, जिसके बाद उन्हें राष्ट्रपति द्वारा मनोनीत किया गया।

राज्यसभा सदस्य के रूप में यह उनका तीसरा कार्यकाल होगा। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के जयप्रकाश नगर निवासी श्री हरिवंश अप्रैल 2014 में पहली बार राज्यसभा सदस्य निर्वाचित हुए थे। वह 9 अगस्त 2018 को राज्यसभा के उपसभापति निर्वाचित हुए थे तथा 14 सितंबर 2020 को लगातार दूसरी बार इस पद पर चुने गए।

बिहार के मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार करीब 20 वर्षों से राज्य की राजनीति में प्रमुख भूमिका निभा रहे हैं। वह पहली बार राज्यसभा के सदस्य निर्वाचित हुए हैं। इससे पहले वह लोकसभा, बिहार विधान परिषद और बिहार विधानसभा के भी सदस्य रह चुके हैं।

इस अवसर पर केंद्रीय वित्त एवं कॉरपोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण, केंद्रीय पंचायती राज, मत्स्य पालन, पशुपालन एवं डेयरी मंत्री राजीव रंजन सिंह, कानून एवं न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल, राज्यसभा में सदन के नेता एवं केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा, बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सहित कई वरिष्ठ नेता उपस्थित रहे।इसके अलावा कांग्रेस नेता जयराम रमेश, राजीव शुक्ला, जदयू नेता एवं सांसद संजय झा, लोकसभा सदस्य राजीव प्रताप रूडी, संसद के दोनों सदनों में बिहार के भाजपा और जदयू के सांसद, राज्यसभा के महासचिव पी सी मोदी तथा राज्यसभा सचिवालय के वरिष्ठ अधिकारीगण भी मौजूद थे।

# जगन्नाथ द्वारा खाकी अखाड़ा मठ में धार्मिक अनुष्ठान

## महंत अमृत दास महाराज का तुला दान, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
जगन्नाथ द्वारा खाकी अखाड़ा मठ, बेगम बाजार में हनुमान बड़वालन स्तोत्र पाठ, मंडल पूजन, रुद्राभिषेक, हवन एवं भजन संध्या का भव्य आयोजन किया गया। इस अवसर पर पीठाधीश्वर महंत अमृत दास महाराज का तुला दान भी संपन्न हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया।



कार्यक्रम में महंत अरुण दास, उदासीन अखाड़ा के महंत मदन मोहन दास (संकट मोचन हनुमान मंदिर, सनतनगर), महंत चेतन गिरी सहित कई संत-महंत उपस्थित रहे।

साथ ही विंध्याचल ब्राह्मण सेवा संघ के अध्यक्ष सुनील कुमार पाण्डेय, रामपाल पाण्डेय, रामशिरोमणि तिवारी भी कार्यक्रम में शामिल हुए।पूजा आचार्यों में पुष्पेंद्र शुक्ला, आदित्य नारायण मिश्रा ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या का आयोजन हुआ, जिसमें श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर हो गए।

समाजसेवी गिरिराज मिश्रा, गोपाल राठी, जगत दरक, गौ भक्त नीलेश मुंदड़ा, संजय तोतला, विजय कुमार तोतला, लखन तोतला, रित्विक सिंह, शुभम तोतला, केशव तोतला, खूबचंद तोतला सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे।कार्यक्रम में भाजपा नेता रमेश लाल यादव, रंजीत यादव, अनिल रंधावा, राजेश तोषनीवाल, अनिल मूंदड़ा, आशीष कालिया, भरत ओझा, अनिल कुमार पाण्डेय, जीवेश द्विवेदी, प्रकाश गर्ग, महेश गौतम, देवेन्द्र शुक्ला, मानेंद्र द्विवेदी, शिवेन्द्र मिश्रा, कमलेश द्विवेदी, पुजारी सूरज महाराज, प्रभाकर भास्कर, धनेन्द्र गौतम, शिवनारायण त्रिपाठी, नीरज शुक्ला सहित बड़ी संख्या में भक्तगण मौजूद रहे।

# रजत जयंती समारोह की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित



**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित एस. डी. सिंगनोडीया कॉलेज के एम.बी.ए. विभाग तथा एन.बी. साइंस कॉलेज के एम.सी.ए. विभाग की रजत जयंती समारोह की तैयारियों को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में एम.बी.ए. विभाग के कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल, प्रधानाचार्य डॉ. सी. एच. दलपड़ाल, निदेशिका प्रोफेसर पल्लवी रंगनाथ उपस्थित रहे। इसी प्रकार एम.सी.ए. विभाग की ओर से प्रधानाचार्य बाबू राव एवं निदेशिका माधुरी ने बैठक में भाग लिया।

अग्रवाल शिक्षा समिति की अकादमिक सलाहकार डॉ. सरोज जैन, अकादमिक सह-सलाहकार राजेश अग्रवाल, सी.ए.ओ. आराधना मोदानी, अग्रवाल जूनियर कॉलेज के प्रधानाचार्य उमेश तथा पूर्व अकादमिक सलाहकार श्याम सुंदर मूंदड़ा विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

बैठक में रजत जयंती समारोह को भव्य एवं यादगार बनाने के लिए विभिन्न प्रस्तावों और योजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु सभी पदाधिकारियों ने अपने-अपने सुझाव प्रस्तुत किए और समन्वय के साथ कार्य करने का निर्णय लिया गया।

**IN THE COURT OF THE 3RD JUNIOR CIVIL JUDGE, CITY CIVIL COURT: AT: HYDERABAD**

**O.S.NO. 964 OF 2026**

Between:
Smt. Jyothi Devi Baldwa & Others ...Plaintiffs
AND
All Concerned & Another ... Defendants

To,
All Concerned

Whereas the above named plaintiffs has instituted the above case to declare the plaintiffs herein as the legal heir of deceased Naval Kishore Baldwa S/o. Sri. Brijgopal Baldwa. Any person having any right, claim, title or interest of any nature whatsoever may appear in this court in person or by a pleader duly instructed on 04-05-2026 at 10.30 a.m. to answer the claim. Take notice that in default of the appearance on that day, the case will be heard and determined in absence.

// BY ORDER OF THE COURT //

ABHISHEK BALDWA
Advocate
Unit No.C-405 & 406,
4th Floor, UPASANA,
Ahuja Estate, 4-1-970,
Abids, Hyderabad
Ph.9246528103

# राजीव श्रीवास्तव बने मध्य रेलवे (मुंबई) के महाप्रबंधक

**जयपुर, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
रेलवे बोर्ड द्वारा जारी आदेशों के अनुसार उत्तर पश्चिम रेलवे के तीन वरिष्ठ अधिकारियों को लेवल-16 में महत्वपूर्ण नियुक्तियां प्रदान की गई हैं।



रेल मंत्रालय से जारी आदेश के तहत उत्तर पश्चिम रेलवे मुख्यालय में कार्यरत मुख्य प्रशासनिक अधिकारी (निर्माण) राजीव श्रीवास्तव को मध्य रेलवे (मुंबई) में महाप्रबंधक पद पर नियुक्त किया गया है।

इसके साथ ही, उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख मुख्य बिजली इंजीनियर के पद पर कार्यरत अनिल कुमार जैन को दक्षिण पूर्व रेलवे (कोलकाता) में महाप्रबंधक के पद पर नियुक्ति मिली है। इसके अलावा, उत्तर पश्चिम रेलवे में प्रमुख वित्त सलाहकार के रूप में कार्यरत गीतिका पांडे को रेलवे बोर्ड में अतिरिक्त सदस्य (योजना) के पद पर पदस्थ किया गया है।

इन नियुक्तियों को भारतीय रेल के प्रशासनिक ढांचे को और मजबूत बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारियों के अनुभव का लाभ विभिन्न जोनों में बेहतर संचालन और विकास कार्यों में मिलने की उम्मीद है।

**केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन**
1, नवाब यूसुफ रोड, सिविल लाइन्स, प्रयागराज- 211001
फैक्स 0532-2407797

**अधिसूचना संख्या- E/CORE/1/19/Engagement/2015 दिनांक 09.04.2026**

**अधिसूचना**

केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन अपने मुख्यालय/प्रयागराज एवं रेल विद्युतीकरण/ सिकन्दराबाद में मुख्य विधि सहायक के 02 पद को संविदा आधार पर सेवानिवृत्त कर्मचारियों द्वारा पुनर्नियोजित करना चाहता है। पात्रता शर्तों, आवश्यक योग्यता, अनुभव, पारिश्रमिक आदि का विस्तृत विवरण संगठन की वेबसाईट www.core.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है।

**वरिष्ठ कार्मिक अधिकारी/ के.रे.वि.सं./प्रयागराज**

पीआर/03/2026 (FA)

"ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ"

# हिलेस की कवि गोष्ठी और साहित्यिक आयोजन आज

**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।**
हिंदी लेखक संघ हैदराबाद की 615वीं मासिक गोष्ठी का आयोजन शनिवार,11 अप्रैल, 2026 को दिन में 3 बजे से आबिड्स स्थित अमृत कॉन्फ्रेंस हॉल, राघव रत्ना टॉवर्स, हैदराबाद में संपन्न होगा।

इस गोष्ठी में श्री ठाकुर दिनेश सिंह और श्रीमती आशा ठाकुर हिंदी के लोकप्रिय साहित्यकार अज्ञेय के व्यक्तित्व और कृतित्व पर अपने विचार प्रस्तुत करेंगे।

सुप्रसिद्ध समाजसेवी श्री अमृत कुमार जैन बतौर मुख्य अतिथि मंच की शोभा बढ़ायेंगे।

आज यहाँ जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में उक्ताशय की जानकारी देते हुए गोलकोण्डा दर्पण के संपादक, गीत चाँदनी के कार्यदर्शी व कवि गोविंद अक्षय ने बताया कि वे कार्यक्रम का संचालन करेंगे और संघ की गतिविधियों से सभी को अवगत करायेंगे। द्वितीय सत्र में कवि गोष्ठी का आयोजन संपन्न होगा, जिसमें नगरद्वय के कवियों द्वारा देश के वर्तमान हालात और जीवन के विभिन्न चित्र अपनी कविताओं में प्रस्तुत किये जाएँगे। इस कवि गोष्ठी में नगरद्वय के जाने-माने कवियों के साथ युवा कवियों द्वारा भी काव्य पाठ किया जाएगा।

गीतकार चंपालाल बैद ने सभी लेखकों, कवियों तथा हिंदी प्रेमी श्रोताओं को समय पर कार्यक्रम में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने का निवेदन किया है। कार्यक्रम के आरंभ में कवि श्री पूनम जोधपुरी की ओर से जलपाल की व्यवस्था रहेगी।

शुभ लाभ Classifieds FIND BUY SELL

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC-733168Y SUB (HONY LT) ANAR SINGH SISODIA, of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana, hereby state that my father's name is changed from PRATAP SINGH SISODIA to PRATAP SINGH SISODIYA and my mother's name is changed from KALAWATI to KALAVATI BAI in accordance to Affidavit dated 10 April 2026.

**CHANGE OF NAME**
I, Service No JC-733084L SUB (HONY LT) JITENDRA SINGH RATHOR, of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, Telangana, hereby state that my father's name is changed from ROOP SINGH RATHOR to RUP SINGH and my mother's name is changed from LAD KWAR to LAD KANWAR in accordance to Affidavit dated 10 April 2026.

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, SC No.15816964-M, Rank: NK, Name: TAMBOLI RASUL RAJMAHAMMED R/O. DARGA JAWAL, SAROLA KASAR, Ahmadnagar, Maharashtra-414005, and have change my father name from RAJMAHAMMED to RAJMAHAMED FAKIRMAHAMED TAMBOLI and my mother name & DOB from TAMBOLI NASHIM RAJMAHAMMED to NASIM RAJAMAHAMMAD TAMBOLI & DOB From: 21-01-1970 to 08-01-1970. in my Service records.

**CHANGE OF NAME**
I, SHUBHA CHOOHAN Spouse of Army No.15824595P Hav BHAN PRATAP SINGH, R/o. AOC Records, C/o.56 APO, Secunderabad have changed my name from SHUBHA CHOOHAN to KM SHUBHA CHOOHAN vide affidavit dt:10-04-2026 before Mohd Hameed Khan, Advocate and Notary, Secunderabad

**CHANGE OF NAME**
I, No. JC 732129N Sub Subhash Chandra of Adm bn, Aoc Centre, Secunderabad, Ts that my mother name is changed from SARASWATI DEVI to SURSATI

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, JC-860192N NB/SUB (TICC) RANGANAYAKULU DAGGUBATI, Residing at 1-29, Vill and PO-Papaipalli, Teh:Bestawaripeta, Dist:Prakasam, Andhra Pradesh-523334 that my father name and DOB is changed from D RANGASWAMY, DOB:01-07-1959 to DAGGUPATI RANGASWAMY, DOB: 01-01-1959 and my mother name & DOB is changed from D KOTESWARAMMA, DOB:01-07-1964 to DAGGUPATI KOTILINGAMMA, DOB:01-01-1967 vide Affidavit dated:10-04-2026 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

# परिसीमन दक्षिणी राज्यों को अप्रासंगिक बना देगा : रेवंत रेड्डी

## मुख्यमंत्री ने केंद्र के प्रस्ताव को बताया दक्षिण भारत विरोधी, 50 प्रतिशत सीटें बढ़ाने के फॉर्मूले पर जताई गंभीर आपत्ति



**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि उन्होंने केंद्र में भाजपा नेतृत्व वाली सरकार के परिसीमन प्रस्ताव को लेकर अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की है, जिसमें सभी राज्यों में समान रूप से लोकसभा सीटों में 50 प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव है। नई दिल्ली में आयोजित कांग्रेस कार्य समिति की बैठक को संबोधित करते हुए रेवंत रेड्डी ने कहा कि ऐसा कदम दक्षिणी राज्यों के लिए राजनीतिक रूप से हानिकारक हो सकता है।

सीडब्ल्यूसी बैठक के बाद मीडिया से बातचीत : प्रस्ताव को दक्षिण भारत विरोधी बताया

सीडब्ल्यूसी बैठक के बाद मीडियाकर्मियों से अनौपचारिक बातचीत में रेवंत रेड्डी ने इस प्रस्ताव को दक्षिण भारत विरोधी करार दिया और चेतावनी दी कि इससे गैर-दक्षिणी राज्यों को केंद्र में सत्ता निर्धारित करने की अनुमति मिल सकती है, जिससे दक्षिणी राज्यों की भूमिका कम हो जाएगी। रेवंत रेड्डी ने कहा कि दक्षिणी राज्य पहले से ही केंद्र से अनुदान में कमी के कारण आर्थिक रूप से पीड़ित हैं और उन्होंने चेतावनी दी कि नवीनतम परिसीमन फॉर्मूला राजनीतिक नुकसान का भी कारण बनेगा।

### राज्य की अर्थव्यवस्था और जीडीपी वृद्धि दर के आधार पर हो सीटों में वृद्धि

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि राज्यों में लोकसभा सीटों की वृद्धि संबंधित राज्य की अर्थव्यवस्था और जीडीपी वृद्धि दर के आधार पर की जानी चाहिए। उन्होंने यह भी मांग की कि परिसीमन अभ्यास मार्च 2027 में जन-गणना 2027 पूर्ण होने के बाद ही किया जाए। रेवंत रेड्डी ने राय व्यक्त की कि सभी राज्यों में सीटों में समान 50 प्रतिशत वृद्धि भाजपा की ओर से दक्षिणी राज्यों पर निर्भर किए बिना केंद्र में सत्ता सुरक्षित करने की ''साजिश'' प्रतीत होती है, जहां उसकी मजबूत जमीनी उपस्थिति नहीं है।

### 543 से बढ़कर 816 होंगी सीटें, दक्षिणी राज्यों की संख्या 130 से 195 रहेगी

उन्होंने कहा कि इस प्रस्ताव से उत्तर-दक्षिण विभाजन और गहरा हो जाएगा, यह इंगित करते हुए कि उत्तरी राज्य जैसे उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, बिहार और राजस्थान, जिनके पास पहले से ही अधिक संख्या में लोकसभा सीटें हैं, दक्षिणी राज्यों की तुलना में असमान रूप से अधिक सीटें प्राप्त करेंगे। उन्होंने पेंशिव किया कि लोकसभा की ताकत 543 से बढ़कर 816 हो जाएगी, साथ ही सभी राज्य विधानसभाओं में सीटों में समानुपातिक वृद्धि होगी।

रेवंत रेड्डी ने इंगित किया कि वर्तमान में 543 लोकसभा सीटों में से दक्षिणी राज्यों के पास केवल 130 सीटें हैं, जबकि गैर-दक्षिणी राज्यों के पास 413 सीटें हैं। 50 प्रतिशत वृद्धि के साथ, दक्षिणी राज्यों के पास 816 में से 195 सीटें होंगी, जबकि गैर-दक्षिणी राज्यों के पास 620 सीटों का कमान होगा। ''इस परिदृश्य में, दक्षिणी राज्यों को कौन महत्व देगा? 50 प्रतिशत सीट वृद्धि के साथ, दक्षिणी राज्य राजनीतिक रूप से अप्रासंगिक हो जाएंगे,'' उन्होंने टिप्पणी की।

### उत्तर प्रदेश को मिलेंगी 40 अतिरिक्त सीटें, तमिलनाडु-पुडुचेरी को केवल 20

इस असमानता को दर्शाते हुए, उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में सीटें 80 से बढ़कर 120 हो जाएंगी, जबकि तमिलनाडु और पुडुचेरी की संयुक्त ताकत केवल 40 से 60 बढ़ेगी, जिससे अंतर 40 से बढ़कर 60 हो जाएगा।

मुख्यमंत्री ने सुझाव दिया कि यदि केंद्र लोकसभा सीटें बढ़ाने आगे बढ़ता है, तो उसे उत्तरी और दक्षिणी राज्यों के बीच मौजूदा संतुलन बनाए रखने का फॉर्मूला विकसित करना चाहिए। उन्होंने कहा कि भले ही परिसीमन केवल जनसंख्या के आधार पर किया जाए, दक्षिणी राज्यों को फिर भी नुकसान उठाना पड़ेगा क्योंकि उन्होंने केंद्र के निर्देशों के अनुसार जनसंख्या वृद्धि को प्रभावी ढंग से नियंत्रित किया था और अब परिवार नियोजन उपायों को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए दंडित किया जाएगा।

### कृषि कानूनों की तरह सामूहिक प्रतिरोध करने की अपील

रेवंत रेड्डी ने पार्टी उच्च कमान से अपील की कि वह संसद में एकजुट मोर्चा बनाए, समान विचारधारा वाली पार्टियों के साथ प्रस्तावित परिसीमन मॉडल के खिलाफ लड़ाई लड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि यदि दक्षिणी राज्य एकजुट होकर प्रस्तावित परिसीमन के खिलाफ सामूहिक प्रतिरोध करते हैं, तो मोदी सरकार को किसानों से तीव्र विरोध के बाद विवादास्पद कृषि कानूनों के मामले में जैसे पीछे हटना पड़ा था, वैसे ही पीछे हटने के लिए मजबूर होना पड़ेगा।

### दक्षिणी राज्यों को द्वितीय श्रेणी का राज्य बता रही केंद्र सरकार : आरोप

उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी सरकार दक्षिणी राज्यों को देश में ''द्वितीय श्रेणी के राज्य'' के रूप में व्यवहार कर रही है। उन्होंने दावा किया कि केंद्र ने 16 से 18 अप्रैल तक संसद का एक विशेष सत्र बुलाने की योजना बनाई है ताकि 23 अप्रैल को निर्धारित तमिलनाडु चुनावों और 23 एवं 29 अप्रैल को पश्चिम बंगाल में मतदान से पहले राजनीतिक लाभ के लिए 33 प्रतिशत महिला आरक्षण विधेयक पारित किया जा सके।

# गोशामहल में राम मनोहर लोहिया मल्टी-पर्पज हॉल का उद्घाटन

## प्रजा पालन - प्रगति प्रणालिका के तहत मिली बड़ी सौगात



**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** ग्रेटर हैदराबाद नगर निगम (जीएचएमसी) की 99-दिवसीय कार्य योजना प्रजा पालन - प्रगति प्रणालिका के अंतर्गत गोशामहल क्षेत्र में विकास की एक नई इबारत लिखी गई है। परिवहन और पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने शुक्रवार को वार्ड संख्या 150 में नवनिर्मित राम मनोहर लोहिया मल्टी-पर्पज फंक्शन हॉल का भव्य उद्घाटन किया।

यह परियोजना राज्य सरकार के उस संकल्प का हिस्सा है, जिसके तहत शहरी गरीबों और मध्यम आय वर्ग के परिवारों को निजी बैंक्वेट हॉल के महंगे खर्चों से राहत दिलाते हुए किफायती दरों पर अत्याधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

राम मनोहर लोहिया फंक्शन हॉल का निर्माण जीएचएमसी के अपने कोष से कुल 3.92 करोड़ रुपये की लागत से दो चरणों में किया गया है। इस परियोजना की आधारशिला 8 मई 2016 को रखी गई थी, जिसके पहले चरण में ढांचागत निर्माण के लिए 2 करोड़ रुपये खर्च किए गए। इसके पश्चात, वर्ष 2023 में 1.92 करोड़ रुपये का दूसरा चरण (फ़ेज-2) शुरू किया गया ताकि सभी आवश्यक जनसुविधाओं को पूरा किया जा सके। मार्च 2026 तक फिनिशिंग, पेंटिंग, प्लंबिंग और सीसी सड़कों का काम पूरा कर इसे जनता के लिए समर्पित कर दिया गया है। 1256 वर्ग गज (लगभग 0.25 एकड़) के विशाल भूखंड पर बना यह जी+1 (ग्राउंड + एक मंजिल) ढांचा 12,000 वर्ग फुट के क्षेत्र में फैला है।

ग्राउंड फ्लोर: इसे विशेष रूप से बड़े समारोहों के लिए डाइनिंग हॉल के रूप में तैयार किया गया है।

प्रथम तल: यहाँ विवाह, जन्मदिन समारोह, सामुदायिक बैठकों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के लिए विशाल हॉल बनाया गया है।

परिसर में आधुनिक किचन, स्वच्छ शौचालय प्रणाली, जल भंडारण बुनियादी ढांचा, प्राकृतिक रोशनी और वेंटिलेशन का विशेष ध्यान रखा गया है।

इस ऐतिहासिक अवसर पर राज्यसभा सदस्य अनिल कुमार यादव, गोशामहल विधायक राजा सिंह, मत्स्य पालन निगम के अध्यक्ष मेट्टू साई कुमार, जोनल कमिश्नर (गोलकुंडा) मुकुंद रेड्डी, पूर्व पार्षद- लाल सिंह, बी. दर्शन, शशिकला, डॉ. सुरेखा और संदीप राज सिंह, अमरदीप सिंह, नामधारी नटराज, बी. कमल सिंह, उदय सिंह, अक्षय साहू, सुधाकर गौड़, प्रदीप सिंह, विपिन रामावत, अश्विन, एम. किशन, जयपाल सिंह, कैलाश सिंह एवं अन्य प्रमुख भाजपा नेताओं और जीएचएमसी के अधिकारियों ने कार्यक्रम में शिरकत की।

यह पहल 14 सप्ताह तक चलने वाले व्यापक प्रजा पालन - प्रगति प्रणालिका (6 मार्च से 12 जून, 2026) कार्यक्रम का हिस्सा है। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता, शिक्षा और विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए नागरिकों के जीवन स्तर में सुधार करना है। जीएचएमसी शहर के विभिन्न जोनों में ऐसे कई बहुउद्देशीय हॉल का निर्माण कर रही है ताकि सामाजिक समानता को बढ़ावा दिया जा सके और सामुदायिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सके।




अग्रवाल समाज तेलंगाना के पश्चिम जोन की सभा मूसापेट स्थित संतोष ढाबा में सम्पन्न हुई। बैठक में विकास केशान, रूपेश अग्रवाल, अचल गुप्ता, मनीष अग्रवाल, अंजनी कुमार अग्रवाल आदि गणमान्य सदस्य उपस्थित थे।

# तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने राष्ट्रपति मुर्मू और प्रधानमंत्री मोदी से की मुलाकात



**नई दिल्ली/हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने शुक्रवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से औपचारिक मुलाकात की। तेलंगाना के राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालने के बाद राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रपति मुर्मू के साथ उनकी यह पहली शिष्टाचार भेंट थी। राष्ट्रपति से मुलाकात के बाद राज्यपाल शुक्ल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भी भेंट की। इस मुलाकात के उपलक्ष्य में प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'द' पर पोस्ट करते हुए लिखा, ''तेलंगाना के राज्यपाल श्री शिव प्रताप शुक्ल ने मुझसे मुलाकात की।'' इन मुलाकातों के दौरान राज्य के विभिन्न विकास कार्यों और प्रशासनिक विषयों पर अनौपचारिक चर्चा होने की संभावना जताई जा रही है। गौरतलब है कि पिछले महीने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शिव प्रताप शुक्ल को तेलंगाना का नया राज्यपाल नियुक्त किया था। उन्होंने जिष्णु देव वर्मा का स्थान लिया है। राज्यपाल के रूप में कार्यभार संभालने से पहले श्री शुक्ल हिमाचल प्रदेश के राज्यपाल के रूप में अपनी सेवाएँ दे चुके हैं।

# सीवी आनंद होंगे तेलंगाना के नए डीजीपी सरकार जल्द करेगी आधिकारिक घोषणा!

**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना के नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के रूप में सीवी आनंद की नियुक्ति लगभग तय मानी जा रही है। राज्य सरकार जल्द ही इस संबंध में आधिकारिक घोषणा करने वाली है। संभावना व्यक्त की जा रही है कि 14 तारीख को आधिकारिक आदेश जारी कर दिए जाएंगे। सीवी आनंद दो साल के कार्यकाल के लिए पूर्णकालिक डीजीपी के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

वर्तमान में पदस्थापित डीजीपी बी. शिवधर रेड्डी इस महीने की 31 तारीख को सेवानिवृत्त होने वाले हैं। उनके सेवानिवृत्त होने के बाद नए डीजीपी का कार्यभार संभालना तय है। इसी क्रम में नियुक्ति की प्रक्रिया आगे बढ़ाई गई है और सीवी आनंद को उनका उत्तराधिकारी बनाए जाने की प्रबल संभावनाएं हैं।

# तेलंगाना एचसी ने पवन खेरा को अग्रिम जमानत दी, हिमंत की पत्नी से जुड़े एफआईआर में मिली राहत

## न्यायमूर्ति के. सुजना ने एक सप्ताह की ट्रांजिट अग्रिम जमानत प्रदान की, असम में उपयुक्त न्यायालय से राहत लेने की अनुमति

**हैदराबाद, 10 अप्रैल (शुभ लाभ ब्यूरो)।** तेलंगाना उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को कांग्रेस नेता पवन खेरा को असम में दर्ज एक एफआईआर के संबंध में एक सप्ताह की ट्रांजिट अग्रिम जमानत प्रदान की, जो असम मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की पत्नी रिनिकि भुयान शर्मा के बारे में उनकी कथित टिप्पणियों को लेकर दर्ज की गई थी।

न्यायमूर्ति के. सुजना ने आदेश पढ़ते हुए खेरा को सीमित सुरक्षा प्रदान की ताकि वह असम में संबंधित न्यायालय का दरवाजा खटखटा सकें और उपयुक्त राहत प्राप्त कर सकें। न्यायालय ने निर्देश दिया कि उनकी गिरफ्तारी की स्थिति में, खेरा को गुवाहाटी क्राइम ब्रांच के जांच अधिकारी की संतुष्टि पर दो जमानतदारों के साथ 1 लाख के निजी मुचलके पर जमानत पर रिहा किया जाएगा।

यह राहत शर्तों के अधीन थी, जिसमें जांच के साथ सहयोग, गवाहों या सबूतों में हस्तक्षेप न करना, और न्यायालय की पूर्व अनुमति के बिना देश छोड़ने पर प्रतिबंध शामिल थे।

अग्रिम जमानत याचिका तेलंगाना उच्च न्यायालय के समक्ष दायर की गई, जहाँ खेरा का निवास है। यह मामला उन बयानों से उत्पन्न हुआ जो खेरा ने कथित तौर पर 4 अप्रैल 2026 को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान दिए थे, जिसमें उन्होंने असम मुख्यमंत्री के खिलाफ आरोप लगाए थे और दावा किया था कि उनकी पत्नी के पास एकाधिक पासपोर्ट हैं।



सुनवाई के दौरान, असम के एडवोकेट जनरल देवजीत सैकिया ने तेलंगाना में याचिका की बनाए रखने योग्यता का विरोध किया, यह तर्क देते हुए कि दिल्ली निवासी खेरा के पास असम के बाहर राहत मांगने का कोई वैध कारण नहीं था। उन्होंने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता देश में कहीं से भी असम की अदालतों का दरवाजा खटखटा सकते हैं और उन्हें संभावित भगोड़ा जोखिम के रूप में वर्णित किया।

खेरा की ओर से पेश सीनियर अधिवक्ता अभिषेक मनु सिंघवी और पोंनम अशोक गौड़ ने प्रस्तुत किया कि आपराधिक कार्यवाही राजनीतिक रूप से प्रेरित थी और उत्पीड़न का रूप थी। उन्होंने तर्क दिया कि आरोप, यदि सतह पर लिए भी जाएं, तो अधिक से अधिक मानहानि का गठन करेंगे और लगाए गए अन्य अपराधों के तत्वों को पूरा नहीं करते हैं।

यह भी तर्क दिया गया कि संबंधित प्रेस कॉन्फ्रेंस महाराष्ट्र में हुई थी, और कथित कारण कार्रवाई का कोई भी हिस्सा असम के क्षेत्राधिकार के भीतर नहीं उत्पन्न हुआ था। इसलिए, गुवाहाटी क्राइम ब्रांच द्वारा एफआईआर का पंजीकरण क्षेत्राधिकार के बिना था और केवल इस आधार पर ही खारिज किया जाने योग्य था, सीनियर काउंसिल ने कहा।

उन्होंने तर्क दिया कि याचिकाकर्ता दिल्ली का निवासी था, और कथित अपराध का कोई भी हिस्सा दिल्ली के भीतर नहीं हुआ था। इस प्रकार, असम में अधिकारियों और न ही दिल्ली में अधिकारियों को संबंधित क्षेत्रों में कथित अपराध से जुड़े किसी भी मूलभूत तथ्यों की अनुपस्थिति में क्षेत्राधिकार का दावा करने का अधिकार था।

न्यायमूर्ति के. सुजना ने क्षेत्राधिकार के मुद्दे को संबोधित करते हुए, 'प्रिया इंदोरिया' मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले पर भरोसा किया, जो न्यायालयों को अपने क्षेत्राधिकार के बाहर एफआईआर पंजीकृत होने पर भी अनुच्छेद 21 के तहत व्यक्तिगत स्वतंत्रता की रक्षा के लिए सीमित ट्रांजिट अग्रिम जमानत प्रदान करने की अनुमति देता है।

न्यायालय ने विख्यात किया कि कथित अपराधों में से अधिकांश की सजा सात साल से कम थी और गिरफ्तारी का उचित डर था। इसलिए, न्यायालय ने केवल याचिकाकर्ता को असम में उपयुक्त न्यायालय के समक्ष उपाय मांगने की अनुमति देने के लिए अंतरिम सुरक्षा प्रदान की।

खेरा के खिलाफ एफआईआर भारतीय न्याय संहिता, 2023 के कई प्रा-वधानों के तहत पंजीकृत की गई है, जिसमें धोखाधड़ी, जालसाजी, मानहानि और जानबूझकर अपमान से संबंधित आरोप शामिल हैं। शिकायत बयानों के प्रसार के बाद दायर की गई थी, जो अभियोजन के अनुसार, असम के भीतर प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाने का कारण बने।

अग्रवाल समाज (रजि.) तेलंगाना
301, तीसरा माला, राघव रत्ना टॉवर्स, चिराग अली लेन, आबिड्स, हैदराबाद (तेलंगाना)

असाधारण आम सभा - सूचना
EXTRA ORDINARY GENERAL MEETING (EGM)

अग्रवाल समाज, तेलंगाना के सभी केन्द्रीय समिति के सदस्यों, नवगठित कमेटियों के चेयरमैन एवं सभी शाखाओं के पदाधिकारियों को सूचित किया जाता है कि अग्रवाल समाज, तेलंगाना असाधारण आम सभा (EGM), शनिवार दि.11 अप्रैल 2026 को सायं 7:40 बजे से होटल रॉयलटन, आबिड्स, हैदराबाद पर नीचे दिए कार्यसूचि अनुसार आयोजित की जाएगी।

कार्यसूचि (एजेंडा) -

1. अध्यक्ष एवं कार्यकारी अध्यक्ष द्वारा स्वागत सम्बोधन।
2. सहमंत्री डॉ. सीमा जैन द्वारा सम्बोधन।
3. 12 अप्रैल को प्रस्तावित अनधिकृत बैठक को असंवैधानिक घोषित करना।
4. नवगठित कमेटियों के चेयरमैनों का परिचय।
5. जिला/जोनल प्रमुखों एवं समन्वयकों का परिचय।
6. सह-नामित (Co-opted) सदस्यों का परिचय।
7. पदाधिकारियों एवं टीम में हाल ही में हुए प्रशासनिक परिवर्तनों का अनुमोदन।
8. अग्रमंजूषा का लोकार्पण एवं विमोचन।
9. धार्मिक यात्रा (जगन्नाथ पुरी धाम) हेतु नामांकन प्रपत्रों का वितरण।
10. श्री आर.एन. गुप्ता द्वारा जाँच समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
11. डॉ. सुरेश कुमार सिंघल द्वारा मध्यस्थता एवं अनुशासनात्मक समिति की रिपोर्ट प्रस्तुत करना।
12. निष्कासित 3 पदाधिकारियों के निष्कासन आदेश प्रस्तुत करना।
13. अध्यक्ष की अनुमति से अन्य विषय।
14. धन्यवाद ज्ञापन।

बैठक के उपरांत रात्रि भोजन की व्यवस्था रहेगी।

समाज में पारदर्शिता, एकता एवं मूल्यों को बनाए रखने हेतु आपकी उपस्थिति सादर अपेक्षित हैं।

भवदीय
अनिरुद्ध गुप्ता — अध्यक्ष
नरेन्द्र कुमार गोयल — कार्यकारी अध्यक्ष
डॉ. सीमा जैन — सहमंत्री

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.